CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

देहरादून, रविवार 29 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 | 9 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री असीम अरुण ने उठाए सवाल पेज 2



धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर खेल टाइम्स



अब अगला नंबर क्यूबा का: डोनाल्ड ट्रम्प पेज 11



अल्लू अर्जुन ने किया 23 साल का फिल्मी सफर पूरा बॉलीवुड

# विकसित उप्र की 'उड़ान' का प्रतीक बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ करते हुए इसे विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया और 40 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह एयरपोर्ट केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश, व्यापार और निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा। इससे किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने स्थानीय किसानों के योगदान को सराहते हुए कहा कि उनकी भूमि के कारण ही यह परियोजना साकार हो सकी है और अब कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण होगा, जहां सड़क, रेल और हवाई परिवहन का निर्बाध समन्वय सुनिश्चित किया गया है। कार्गो हब प्रारंभिक चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान में भारत के लगभग 85 प्रतिशत विमान एमआरओ सेवाओं के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी व्यय होता है। जेवर में बनने वाली यह सुविधा देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एयरपोर्ट नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है और अब यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वर्ष 2003 में स्वीकृत यह परियोजना लंबे समय तक लंबित रही, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से इसे गति मिली और आज यह धरातल पर उतर सकी है।




विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को मील का पत्थर बताया

## यूपी बनेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र : योगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया।

उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जहां देशभर में उत्साह का माहौल है, वहीं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और संकट की स्थिति बनी हुई है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें दुनिया में बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आपूर्ति सुचारू है और कीमतें नियंत्रित हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश विकास में बाधा बना हुआ था, लेकिन डबल इंजन सरकार के बाद राज्य ने तेज गति से विकास किया है और अब बॉटल नेक से ब्रेकथ्रू की ओर बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितम्बर को हुए 'जेन-जी' विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की एक टीम ने शनिवार तड़के यह कार्रवाई की। उन्हें एक सुरक्षा घेरे में लेकर काठमांडू ले जाया गया। ओली सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बातचीत केवल मोदी और ट्रम्प के बीच थी: सरकार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इस सप्ताह मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान ट्रम्प के साथ अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कथित उपस्थिति की मीडिया की रिपोर्ट के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि यह वार्ता केवल मोदी और ट्रम्प के बीच हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में शनिवार को कहा कि हमने पूरी रिपोर्ट देखी है। 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच ही हुई थी। दोनों नेताओं की इस बातचीत के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, इससे पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला।

### इंडिगो के विमान का एक इंजन खराब, दिल्ली में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग कराई गई। सूत्रों के अनुसार, यह बोइंग बी737-800 विमान (पंजीकरण संख्या टीसी-सीओएन) था। इसमें 161 यात्री सवार थे। विमान की सुबह 10:54 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस दौरान फायर फाइटिंग की टीम, मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तरह तैयार थी। यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच की जा रही है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च को उड़ान संख्या 6ई 579 विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रही थी। दिल्ली में उतरने से कुछ समय पहले तकनीकी खामी का पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि सावधानी बरतते हुए पायलट ने प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग की अनुमति मांगी। सभी संबंधित एजेंसियों को घटना की जानकारी दे दी गई है और विमान की जरूरी जांच की जा रही है।

# भारत के दो और जहाज होर्मुज से हुए सुरक्षित पार

## जंग के कारण ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गए हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गई है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से बिना रुकावट के गुजरने देगा। भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग-अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए है और इसी का परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे-धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं। इस बीच बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की थी कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक दल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। 20 जहाजों पर सवार सभी 540 नाविक सुरक्षित हैं। महानिदेशक नौवहन के संचार केंद्र जो 24 घंटे सक्रिय रहता है ने 98 कॉल और 335 ईमेल का निपटारा किया तथा 25 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की। भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस और जग वसंत पहले ही होर्मुज स्ट्रेट को पार कर देश आ चुके हैं।




इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश पहुंच चुके

### अबू धाबी में ईरान के मिसाइल हमले, पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी घायल

**अबू धाबी।** अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले का मलबा गिरने से शनिवार तड़के पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, खलीफा इकोनॉमिक जोन्स अबू धाबी (केजाड) के आसपास हुई घटना के संबंध में की गई समीक्षा के तहत यह पुष्टि हुई है कि इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों को हल्की चोटें आई हैं। कार्यालय ने बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक अवरोधित किए जाने के बाद गिरा मलबा तीन स्थानों पर आग लगने का कारण बना। इस घटना में एक पाकिस्तानी नागरिक भी घायल हुआ, जिससे कुल घायलों की संख्या छह हो गई है।

# ईरान जंग में हूती विद्रोही भी हुए शामिल

## इजरायल पर 2000 किमी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन/सना।** यमन में हूती बलों ने कहा है कि उन्होंने ईरान, लेबनान, इराक और फलस्तीनी क्षेत्रों पर हमलों के जवाब में इजरायल के सैन्य ठिकानों पर 2000 किमी की दूरी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

संघर्ष शुरू होने के बाद यह इजरायल पर उनका पहला हमला है। हूती के हमले ऐसे समय हुए हैं जब अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने अल-मसीरा टीवी के हवाले से कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक घोषित उद्देश्यों को हासिल नहीं किया जाता और प्रतिरोध के सभी मोर्चों पर आक्रमण बंद नहीं होता। इजरायली सेना ने कहा कि उसने एक मिसाइल को मार गिराया। ये हमले ब्रिगेडियर सरी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि हूती इस संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने कहा था कि संवेदनशील इजरायली सैन्य ठिकाने उनका निशाना होंगे। रात के दौरान बीर शेबा सहित कई इलाकों और इजरायल के प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास सायरन बजे, जबकि ईरान और हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमले जारी रखे। हूती 2014 से यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण रखते हैं और अब तक अमेरिका-इजरायल संघर्ष से मोटे तौर पर बाहर रहे थे। इजरायल की सेना ने कम से कम एक मिसाइल को रोकने की पुष्टि की है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध में हूती हस्तक्षेप से लाल सागर के पास एक नया मोर्चा खुलने की आशंका बढ़ गई है।



कहा: मकसद पूरा होने तक हमला जारी रहेगा

### अलगाववादी नेता शब्बीर को मिली बेल

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर शाह को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश (एनआईए) प्रशांत शर्मा ने उन्हें एक लाख रुपये के जमानत बॉन्ड और एक लाख रुपये की सिक्योरिटी बॉन्ड पर रिहा किया। शब्बीर शाह 2019 से हिरासत में थे।

# मैनाठेर बवाल मामला: डीआईजी पर हमले में 16 दोषियों को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

उग्र भीड़ ने डीआईजी अशोक कुमार को पिस्टल छीनकर बेरहमी से पीटा था

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में वर्ष 2011 के चर्चित मैनाठेर बवाल मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए डीआईजी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे द्वितीय कृष्ण कुमार की अदालत ने शनिवार को यह निर्णय सुनाया।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह के अनुसार, 23 मार्च को सभी 16 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था, जबकि सजा सुनाने की तिथि 27 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अवकाश के कारण शनिवार को सजा सुनाई गई। यह घटना 6 जुलाई 2011 को मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में हुई थी। एक युवती से छेड़खानी के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया। महिलाओं द्वारा कुरान के अपमान का आरोप लगाए जाने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते भीड़ ने उग्र रूप धारण कर लिया। उग्र भीड़ ने तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार सिंह (वर्तमान में एडीजीपी) को घेर लिया। उनकी पिस्टल छीन ली गई और उन्हें बेरहमी से पीटा गया। जान बचाने के लिए डीआईजी पास के पेट्रोल पंप के कमरे में छिपे, लेकिन भीड़ ने दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाल लिया और हमला जारी रखा। इस घटना में डीआईजी सहित 10 पुलिसकर्मी और कुल 18 लोग घायल हुए थे। उपद्रवियों ने पुलिस वाहनों और चौकी में तोड़फोड़ कर आगजनी भी की थी। पुलिस ने इस मामले में 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें से 25 को गिरफ्तार किया गया। तीन आरोपियों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है, जबकि छह नाबालिगों के मामले अलग चल रहे हैं। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने 16 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अदालत परिसर में भावुक माहौल देखने को मिला।

# 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर की होगी आपूर्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

सेना ने ऐतिहासिक घटनाक्रम में जीईएम पर पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया है जिसे रक्षा अधिग्रहण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार 'भारतीय खरीदो' श्रेणी के अंतर्गत इस अनुबंध में मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से 25.90 करोड़ रुपये की लागत पर 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद की जाएगी। यह खरीद सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पूंजीगत खरीद के लिए जीईएम पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है। इस पहल से खरीद प्रक्रिया के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण पालन और प्रक्रियात्मक अखंडता भी सुनिश्चित होगी। इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम मार्ग को अपनाकर, भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की तेज और अधिक सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। यह कदम जीईएम के माध्यम से इसी प्रकार की खरीद प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए व्यापक संस्थागत महत्व भी रखता है। व्यापक स्तर पर, यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों को सुदृढ़ करता है और सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में भारतीय उद्योग की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देता है। इन टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद से विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में भारतीय सेना की लॉजिस्टिक्स और सामग्री प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि होगी।

## भारतीय सेना नई मारक शक्ति से लैस

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने शनिवार को प्रहार लाइट मशीन गनों (एलएमजी) की पहली खेप सेना को सौंप दी। 7.62 मिमी कैलिबर की इन आधुनिक मशीन गनों का निर्माण ग्वालियर स्थित कंपनी के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में मेक इन इंडिया पहल के तहत किया गया है।

इस मौके पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्रालय के डीजी (अधिग्रहण) ए. अंबरासु, अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबरासु ने सेना के लिए तैयार की गई पहली खेप करीब 2,000 एलएमजी को लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की यात्रा बोली प्रक्रिया से शुरू होकर करीब छह साल में पूरी हुई है और कंपनी ने तय समय से 11 महीने पहले डिलीवरी कर दी है। उन्होंने कहा कि मूल समयसीमा सात साल से अधिक की थी, लेकिन कंपनी अगले तीन वर्षों में पूरे ऑर्डर को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



डिलीवर हुई प्रहार लाइट मशीन गन की पहली खेप

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में 10 अप्रैल को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची में 13.25 करोड़ (132.5 मिलियन) से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल होने की संभावना है, जो पहले की तुलना में करीब 20 लाख नहीं बल्कि लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) कम होंगे। एसआईआर शुरू होने से पहले प्रदेश में करीब 15.2 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के दौरान जिन 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उनकी सुनवाई शुक्रवार को पूरी कर ली गई। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जारी किए गए 100 प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है।

### कृषि अनुसंधान संस्थान की कक्षाएं ऑफलाइन चलेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ने ऑनलाइन कक्षाओं से संबंधित अपने 25 मार्च की पिछली सूचना वापस ले ली है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहले की सूचना की समीक्षा के बाद, आईसीएआर- आईएआरआई ने अगले ही दिन अपने परिसर में सभी कार्य सुचारु रूप से बहाल कर दिए थे।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए पहली उड़ान का हुआ संचालन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखनऊ के लिए रवाना हुए

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर क्षेत्र ग्रेटर नोएडा जेवर स्थित महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आज एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब लखनऊ के लिए पहली उड़ान का संचालन किया गया।


इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्वयं पहली फ्लाइट में सवार होकर लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह उड़ान न केवल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश के हवाई कनेक्टिविटी नेटवर्क को भी मजबूत करने वाला अहम कदम माना जा रहा है। जेवर स्थित यह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन प्रोजेक्ट्स में से एक है। पहली उड़ान के साथ ही यह एयरपोर्ट अब धीरे-धीरे नियमित सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में यहां से देश-विदेश के कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन साबित होगा। इससे न केवल निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि पर्यटन और उद्योग को भी नई गति मिलेगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी इसे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। लखनऊ के लिए पहली उड़ान शुरू होने से राजधानी और पश्चिमी यूपी के बीच यात्रा अब और आसान हो जाएगी। इससे व्यापार, प्रशासनिक गतिविधियों और आम यात्रियों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक चरणबद्ध तरीके से अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट्स शुरू की जाएंगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। जेवर का नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास और आधुनिक बुनियादी ढांचे का प्रतीक बनता जा रहा है।

## अंबेडकर जयंती पर बसपा के शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी प्रमुख मायावती 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनावी अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। बसपा के सूत्रों की मानें, तो इस दिन प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित अंबेडकर स्मारक में होगा, जहां मायावती पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सकती हैं। बैठक में बीएसपी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार आकाश आनंद को संगठन मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को धार देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अगस्त 2025 में राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने के बाद मायावती पहले ही संकेत दे चुकी थीं कि आकाश आनंद को प्रदेश में अहम भूमिका दी जाएगी।

# यूपी में 29 मार्च से एक अप्रैल तक बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ आईएमडी ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश में गरज-चमक, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताते हुए एलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 29 मार्च की देर शाम या रात से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 30 मार्च को चरम पर रहेगा और 1 अप्रैल तक जारी रह सकता है। पूर्वानुमान के अनुसार 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि पूर्वी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा और गरज-चमक का प्रभाव देखने को मिलेगा। 1 अप्रैल को पश्चिमी यूपी में मौसम साफ होने लगेगा, जबकि पूर्वी यूपी के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने 29 से 31 मार्च के बीच कई जिलों में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी दी है। कुछ स्थानों पर हवा की गति झोंकों में 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। 29 मार्च तक अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जबकि इसके बाद 31 मार्च तक इतनी ही गिरावट दर्ज होने की संभावना है। इसके बाद फिर तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि पकी हुई फसलों की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थानों पर रखें।

# कुछ फाइलों को दबाने के लिए दुनिया के सामने युद्ध का सहारा

वाराणसी, वार्ता



कांग्रेस नेता सांसद नासिर हुसैन केन्द्र पर बरसे

कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन ने अंतर्राष्ट्रीय हालात और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध जैसे हालात के पीछे कुछ महत्वपूर्ण फाइलों को दबाने की मंशा हो सकती है।

शनिवार को काशी पहुंचे नासिर हुसैन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से पांडेयपुर स्थित एक होटल में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात. चीत में केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। ईरान, इजरायल और अमे. रिका के बीच बढ़ते तनाव पर अंतर्राष्ट्रीय और सोशल मीडिया की बहस से प्रतीत होता है कि कुछ खास फाइलों को दबाने के लिए युद्ध का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल से इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष की कोई ठोस पूर्व तैयारी नहीं दिखती और इसे अचानक शुरू किया गया है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी देश इंग्लैंड, फ्रांस और स्पेन भी इस मामले में पूरी तरह साथ नहीं दे रहे हैं। नासिर हुसैन ने देश में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और पेट्रोल-डीजल के लिए लग रही लंबी कतारों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश ईंधन आयात करता है, फिर भी भविष्य के संकट से निपटने की ठोस तैयारी नहीं की गई है।

## मुख्य अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी

# अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री नाराज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारी रहे अनुपस्थित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान अफसरों की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हुए थे। इसको लेकर सरकार ने अपने स्तर से दिशा निर्देश भी जारी किए थे, लेकिन कन्नौज में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई देरी ने प्रशासनिक कार्यशैली और समयबद्धता पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

योगी सरकार में मंत्री असीम अरुण के मुख्य अतिथि के रूप में समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बावजूद संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण अतिथि को लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। अंततः स्थिति में सुधार न होते देख उन्हें कार्यक्रम स्थल से वापस लौटना पड़ा। इस घटना को लेकर मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा है कि यह मामला किसी व्यक्ति विशेष या पद के अपमान का नहीं, बल्कि कार्य-संस्कृति में व्याप्त लाप. रवाही का प्रतीक है।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मुख्य अतिथि कोई आम नागरिक होता, तो क्या इस देरी को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता। क्या हर नागरिक के समय का मूल्य समान नहीं है? क्या पद पर बैठे लोगों को दूसरों का समय नष्ट करने का नैतिक अधिकार है। हालांकि घटना के बाद जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से मिलकर माफी मांगने और लिखित रूप में खेद व्यक्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य अतिथि ने अपने समर्थकों और सहयोगियों से किसी प्रकार के प्रदर्शन या आंदोलन से बचने की अपील की और कहा कि इस घटना को एक सीख के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो कार्य-संस्कृति में व्याप्त अधकच्चेपन और लाप. रवाही को तत्काल समाप्त करना होगा। समयबद्धता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है।

### समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है

जापान, जर्मनी और स्विट्जरलैंड जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां समय का पालन अनुशासन और सम्मान का प्रतीक माना जाता है, जिसे भारत में भी अपनाने की आवश्यकता है। असीम अरुण ने देश के नेतृत्व का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेता समयबद्धता और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर इस सांस्कृतिक बदलाव को जमीन पर उतारा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित देश बनने की पहली शर्त विकसित नागरिक बनना है और इसके लिए व्यक्तिगत व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार आवश्यक है। यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि 'लेट-लतीफी' जैसी आदतें न केवल व्यक्तिगत असुविधा का कारण बनती हैं, बल्कि देश के विकास की गति को भी प्रभावित करती हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 74207.24
निफ्टी 23002.15



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 बनेगा नया मानक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर किया

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने अत्याधुनिक और पर्यावरण अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट्स में शामिल होने जा रहा है। यहां निर्मित टर्मिनल-1 न केवल आकार और क्षमता के लिहाज से बड़ा है, बल्कि तकनीकी नवाचार और यात्री सुविधाओं के मामले में भी नया मानक स्थापित करेगा।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार एयरपोर्ट का निर्माण देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एलसी3 (चूना-मिट्टी-सीमेंट मिश्रण) तकनीक से किया गया है। यह लो-कार्बन निर्माण सामग्री पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव डालती है, जिससे यह परियोजना इको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उदाहरण बनती है।करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैले टर्मिनल-1 में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यहां 48 चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन स्थापित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को तेज और सहज अनुभव मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ 9.9 इमिग्रेशन काउंटर उपलब्ध रहेंगे, जिससे समय की बचत और सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। घरेलू उड़ानों के लिए 10 एयरोब्रिज और 2 बस बोर्डिंग गेट की व्यवस्था की गई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 2 एयरोब्रिज और एक बस बोर्डिंग गेट उपलब्ध होंगे। यह विभाजन संचालन को व्यवस्थित और कुशल बनाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा न हो। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रति घंटे लगभग 30 विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग की क्षमता के साथ तैयार किया गया है। इसके अलावा एयरपोर्ट की वार्षिक कार्गो हैंडलिग क्षमता 2.5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित की गई है, जो इसे एक मजबूत लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी।

## ई-सिगरेट तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, 2,073 प्रतिबंधित यूनिट्स जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के मादक पदार्थ निरोधी कार्य बल (एएनटीई) ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 2,073 प्रतिबंधित ई-सिगरेट का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिनकी भारतीय बाजार में कीमत 27 लाख रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जांच 25 मार्च को तब शुरू हुई जब एक अधिकारी को दक्षिण दिल्ली के सीआर पार्क में एक पान की दुकान पर ई-सिगरेट की अवैध बिक्री और भंडारण के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राहुल अलवाल ने बताया, ष्एक टीम ने वहां छापा मारा, जहां उन्हें दुकान के प्रबंधक विकास (33) के पास से 53 ई-सिगरेट मिलीं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करते हुए टीम ने दुकान के 25 वर्षीय मालिक ऋत्विक बहल को उसके ग्रेटर कैलाश स्थित घर से पकड़ा, जहां से 20 और ई-सिगरेट बरामद की गईं। डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने आपूर्तिकर्ता हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले 24 वर्षीय जीशान उर्फ जस्सू के बारे में बताया। पुलिस उसे पकड़ने उसके घर पहुंची, जहां 20 कार्टन में पैक की गई 2,000 यूनिट्स जब्त की गईं।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 10 रुपये गिरकर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं 15 रुपये सस्ता हुआ और 2,797 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 160 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल 90 रुपये और उड़द दाल 56 रुपये सस्ती हुई। चना दाल का भाव 47 रुपये और मूंग दाल का 24 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 221 रुपये फिसल गई। मूंगफली तेल 193 रुपये और वनस्पति 102 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 79 रुपये और सरसों तेल में सात रुपये की गिरावट देखी गई। सोया तेल 49 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी 17 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7708.92 रुपये, मसूर काली 8050.33 रुपये, मूंग दाल 10173.12 रुपये, उड़द दाल 10787.15 रुपये, तुअर दाल 11168.69 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपये और चावल 3852.10 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.78 रुपये और गुड़ 4991.02 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17656.22 रुपये, मूंगफली तेल 18698.00 रुपये, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपये, सोया तेल 14527.26 रुपये, पाम ऑयल 13241.65 रुपये और वनस्पति 14690.16 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मत्स्य कोष को 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर की अतिरिक्त सहायता

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया ने विश्व व्यापार सगठन (डब्ल्यूटीओ) के मत्स्य कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान किया है। यह जानकारी डब्ल्यूटीओ की आधिकारिक वेबवाइट पर एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, आस्ट्रेलिया की सरकार ने डब्ल्यूटीओ फिश फंड (मत्स्य पालन वित्तपोषण तंत्र) में 20 लाख अस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसका उद्देश्य विकासशील और सबसे कम विक. सित सदस्य देशों को 'मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते' को लागू करने में सहायता प्रदान करना है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले मई 2023 में इस कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डालर का योगदान किया था। डब्ल्यूटीओ के 2022 के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में मत्स्य उद्योग-व्यापार पर एक आंशिक समझौता अपनाया गया था, जिसमें गैर-कानूनी, बेहिंसाब और अनियमित मछली पकड़ने पर सब्सिडी पर रोक लगाने का प्रावधान है। इसमें किसी एक समुद्री क्षेत्र से मछली पकड़ने की अतिशय क्रियाओं का आंशिक समाधान भी शामिल है। क्षमता से अधिक गतिविधियों और जरूरत से ज्यादा मछली पकड़ने से जुड़ी सब्सिडी पर बातचीत अभी भी चल रही है, जहां भारत अपने छोटे मछआरों के हितों को लेकर चिंतित है। भारत का कहना है कि विकासशील देशों को उस समस्या के लिए सजा न दी जाए, जिसे ज्यादातर विकसित देशों ने पैदा किया है। भारत चाहता है कि सभी देशों को एक पलड़े पर तौलने की बजाय और 'सबके लिए एक जैसा' प्रतिबंध लगाने की बजाय जिम्मेदारी से मछली पकड़ने का कारोबार करने वाले देशों के साथ निष्पक्षता के साथ व्यवहार किया जाए, सब्सिडी हटाने के लिए विकासशील देशों के लिए समय-सीमा लम्बी रखी जाए और संवेदनशील मछुआरा समुदायों के लिए सुरक्षा के विशेष उपाय किए जाएं।

# न्यायपालिका पर 'सेटिंग' का आरोप लगाने के लिए माफी मांगें रेखा गुप्ता: आप

नई दिल्ली, वार्ता

■ अदालत में भाजपा के झूठे षड़यंत्र का नकाब उतर गया

आम आदमी पार्टी ने न्यायपालिका के लिए 'सेटिंग' जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को देश से माफी मांगने की मांग की है। आप की वरिष्ठ नेता राखी बिडलान ने कहा कि देशवासियों को भारतीय न्यायपालिका पर अटूट विश्वास है और श्रीमती गुप्ता ने 'सेटिंग' का आरोप लगाकर इस विश्वास का कत्ल किया है। जब अदालत में भाजपा के झूठे षड़यंत्र का नकाब उतर गया तो बौखलाहट में वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगीं।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गुप्ता मुख्यमंत्री पद के योग्य नहीं हैं, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेताओं से सेटिग के चलते वह मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या भाजपा मुख्यमंत्री के बयान से सहमत है और क्या अदालत से सेटिग कर आप नेताओं के खिलाफ फैसले कराए गए? उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक संवैधानिक पद को संभालते हुए अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना बात कही और देश की न्यायपालिका तथा सीबीआई की विशेष अदालत के खिलाफ 'सेटिंग' जैसे शब्द का प्रयोग किया, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। न्यायपालिका के संदर्भ में इस शब्द का प्रयोग करने के लिए मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। देश की न्यायपालिका पर 140 करोड़ लोगों का अटूट विश्वास है। भारत की न्यायपालिका बहुत ही गहनता और बारीकी के साथ हर एक मामले पर विचार-विमर्श करके अपना फैसला सुनाती है। आप नेता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं, लेकिन उनमें से श्रीमती गुप्ता को ही मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। उनके पास तीन या चार बार विधायक होने का कोई अनुभव नहीं है। पार्षद रहते हुए भी उन्होंने कोई ऐसा ऐतिहा. सिक काम नहीं किया, जिससे उन्हें दिल्ली- एनसीआर या देश में भारी लोकप्रियता मिली हो। वे भाजपा के किसी शीर्ष पद पर भी आसीन नहीं थीं। इसका सीधा मतलब है कि भाजपा में उनकी पूर्ण रूप से सेटिग थी। इसी वजह से इतने वरिष्ठ नेताओं को पीछे छोड़कर उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने श्रीमती गुप्ता समेत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य पदाधिकारियों से पूछा कि क्या वे अपनी मुख्यमंत्री द्वारा न्यायपालिका के प्रति इस्तेमाल किए गए इस हल्के शब्द से सहमत हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आज तक भाजपा के लोग न्यायाधीशों के साथ सेटिंग करके ही आप जैसे मजबूत विपक्षी दल के नेताओं पर मुकदमे दर्ज करवाते आए हैं और उनके खिलाफ फैसले दिलाते आए हैं या फिर सेटिग करके ही श्रीमती गुप्ता जैसी अनुभवहीन महिला को मुख्यमंत्री पद पर बैठाते आए हैं?

## अप्रैल में बिजली उपभोक्ताओं पर फिर बढ़ेगा बोझ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अप्रैल माह में एक बार फिर झटका लगने के आसार हैं।

ईंधन अधिभार शुल्क (फ्यूल सरचार्ज) में 2.14 प्रतिशत की वृद्धि के चलते प्रदेश के उपभोक्ताओं पर लगभग 142 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि मार्च में ईंधन अधिभार शुल्क में 2. 42 प्रतिशत की कमी की गई थी, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये की राहत मिली थी, हालांकि अब अप्रैल में यह राहत खत्म होती दिख रही है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनवरी 2026 के लिए लागू ईंधन अधिभार शुल्क को अप्रैल 2026 के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा, जिसकी दर 2.14 प्रतिशत तय की गई है। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उपभोक्ता परिषद ने ईंधन अधिभार वसूली के फार्मूले पर सवाल उठाते हुए विद्युत नियामक आयोग से इसकी जांच कराने की मांग की है। परिषद का कहना है कि फरवरी माह में उपभोक्ताओं से अधिक वसूली और औसत बिलिग दर के आधार पर की गई वसूली के मामलों को लेकर उसकी लड़ाई जारी है। वर्मा ने दावा किया कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सरप्लस है।

# इस बार कुम्भ 2027 बनेगा 'डिजिटल कुम्भ': सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री से भेंट कर रेल एवं 'डिजिटल कुम्भ 2027' पर की चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून / नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उत्तराखण्ड में रेल संपर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर त्वरित कार्यवाही का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने राज्य में बेहतर रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए प्रदेशवा. सियों की ओर से आभार व्यक्त किया।



■ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक से होगा स्मार्ट प्रबंधन ■ कुमाऊँ से गढ़वाल तक रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नई परियोजनाओं पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सामरिक, भौगोलिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने दिल्ली से मेरठ के बीच आरआरटीएस के सफल संचालन का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों को समय एवं ईंधन की बचत के साथ सुगम यात्रा का अनुभव मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार, ऋषिकेश, चारधाम एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर बढ़ते यातायात दबाव का उल्लेख करते हुए मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक आरआरटीएस के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया और इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रथम चरण का कार्य वर्ष 2026 तक पूर्ण कर लोकार्पण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। कुमाऊँ क्षेत्र के विकास के लिए टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में स्वीकृति प्रदान करने तथा बागेश्वर-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के लिए फाइनल लोक. ेशन सर्वे की अनुमति देने का भी अनुरोध किया। उन्होंने हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के दो. हरीकरण, रायवाला बाई-डक ब्रिज के विकास कार्य, चारधाम रेल परियोजना के अंतर्गत डोईवाला-उत्तरकाशी एवं कर्णप्रयाग-पीपलकोटी खंडों के फाइनल लोकेशन सर्वे को शीघ्र पूर्ण कर स्वीकृति प्रदान करने तथा मोहण्ड-देहरादून-सहारनपुर रेल लाइन परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं उत्तराखण्ड के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### कुंभ 2027 को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने को बड़े पैमाने पर तैयारियां

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को बताया कि राज्य सरकार कुम्भ 2027 को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियाँ कर रही है। इस बार कुम्भ को 'डिजिटल कुम्भ' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अंतर्गत आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'डिजिटल कुम्भ' में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , इंटरनेट ऑफ थिंग्स सहित अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, त्वरित सूचना प्रसार, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

### डिजिटल कुंभ परियोजना के लिए 143.96 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

मुख्यमंत्री ने बताया कि 'डिजिटल कुम्भ' परियोजना के लिए 143.96 करोड़ की वित्तीय सहायता के लिए भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से कुम्भ 2027 का आयोजन आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री धामी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# हवालात में पीआरडी बाबू ने की खुदकुशी, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रायपुर थाने में उसे वक्त हड़कंप मच गया जब पेट्रोल पंप पर शराब के नशे में हंगामा करते एक पीआरडी के जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर हवालात में बंद कर दिया था। जिसके बाद हवालात में ही पीआरडी के जवान ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पीआरडी विभाग में तैनात एक बाबू सुनील रतुड़ी की दबंगई और फिर पुलिस हिरासत में हुई उसकी मौत ने पूरे जिले के पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पेट्रोल पंप पर हंगामा करने के आरोप में पकड़े गए सुनील रतूड़ी ने थाने के भीतर ही हवालात के कंबल फाड़कर उससे फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में अफरा तफरी का माहौल बन गया और रायपुर थाना अध्यक्ष गिरीश नेगी की कार्यवाही पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए।

जानकारी के अनुसार, पीआरडी में तैनात बाबू सुनील रतूड़ी शराब के नशे में धुत होकर एक पेट्रोल पंप पर पहुंचा। वहां तेल डलवाने के बाद उसने पैसे देने से साफ मना कर दिया और अपनी वर्दी (खाकी) का रौब झाड़ते हुए कर्मचारियों के साथ अभद्रता और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे थाने ले आई।हवालात में बंद सुनील ने कुछ ही देर बाद वहां रखे कंबल को फाड़कर उसकी रस्सी बनाई और फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सवाल यह उठता है कि जब आरोपी अत्यधिक नशे में था, तो उस पर पैनी नजर क्यों नहीं रखी गई? हवालात के भीतर आत्महत्या की सामग्री कैसे उपलब्ध हो गई? इस घटना ने पुलिस की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

### थाना अध्यक्ष गिरीश नेगी की कार्य शैली पर उठते सवाल

नशे में धुत या मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति पर विशेष नजर रखी जानी चाहिए। क्या थाना अध्यक्ष ने इन प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया। हवालात के भीतर कंबल जैसी वस्तु का आत्मघाती इस्तेमाल होना यह बताता है कि वहां की सुरक्षा व्यवस्था कितनी खोखली है।यह घटना पुलिस विभाग के माथे पर कलंक है। महज शहड़कंपश मचने से न्याय नहीं होगा। थाना अध्यक्ष और दोषी कर्मियों के विरुद्ध तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी शसुनील रतूड़ीश को सिस्टम की लापरवाही के कारण अपनी जान न गंवानी पड़े। इस घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात सहित क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गए।

देहरादून में हुआ राज्य स्तरीय उद्यमिता महोत्सव का भव्य आयोजन

# ग्राम्य विकास मंत्री चौधरी ने किया राज्य के 51 उत्कृष्ट उद्यमियों को सम्मानित

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** राजधानी देहरादून के राजपुर रोड स्थित सिविल सर्विस इंस्टीट्यूट में शनिवार को मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय उद्यमिता महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के ग्राम्य विकास मंत्री भरत चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने एमयूवाई ओलम्पिक्स का शुभारंभ करते हुए उद्यमिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 लाभार्थियों को सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शिता, संवे. दनशीलता और लोक कल्याणकारी सोच के साथ सर्वांगीण विकास को नई गति मिली है। उन्होंने ग्राम्य विकास एवं लघु एवं सूक्ष्म उद्यम विभागों की जिम्मेदारी सौंपने पर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने आमजन से विकास कार्यों में सुझाव देकर भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान एमयूवाई ओलम्पिक्स में 100 प्रतिभागियों ने अपने नवाचारी व्यवसायिक विचार प्रस्तुत किए, जिनमें से 18 श्रेष्ठ अवधारणाओं का चयन कर विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एमयूवाई वेबसाइट और त्रैमासिक न्यूजलेटर का भी शुभारंभ किया गया, जिससे राज्य के सभी जनपदों में उद्यमिता संबंधी जानकारी, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ाव को मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम में राज्य के 13 जनपदों के उद्यमियों द्वारा एमयूवाई एक्सपो में स्थानीय उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन भी किया गया। ग्राम्य विकास की अपर सचिव एवं एमयूवाई परियोजना समन्वयक झरना कमठान ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर अपर सचिव/परियोजना समन्वय एमयूवाई झरना कमठान, आयुक्त एवं अपर सचिव ग्राम्य विकास अनुराधा पाल, अपर आयुक्त ग्राम्य विकास भरत चन्द्र भट्ट, संयुक्त आयुक्त संजय कुमार सिंह, उपायुक्त नरेश कुमार, उपायुक्त एके राजपूत, सीईओ डॉ प्रभाकर बेवनी, एसीईओ प्रदीप पांडेय, उप निदेशक ग्रामोत्थान महेन्द्र यादव सहित अनेक अधिकारी, उद्यमी, लखपति दीदी एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्य मौजूद थे।



### आज हजारों महिलाएं उद्यमिता से जुड़कर बन रही हैं 'लखपति दीदी'

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पहले दूरस्थ गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की कमी के कारण पलायन एक गंभीर समस्या थी, लेकिन अब सरकार द्वारा सड़क कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार योजनाओं के विस्तार से हालात तेजी से बदल रहे हैं। आज हजारों महिलाएं उद्यमिता से जुड़कर 'लखपति दीदी' बन रही हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हैं। स्वयं सहायता समूहों और एमएसएमई के तहत संचालित उद्यम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं।

### इन्हें किया गया सम्मानित

महोत्सव में 13 'लखपति दीदी', 13 रीप सहायतित उद्यमी, 13 मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के उद्यमी तथा दो स्वयं सहायता समूहों के 12 सदस्यों सहित कुल 51 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही क्रेडिट क्लिनिक, उद्यम पंजीकरण और ट्रेडमार्क डिजिटल ऑनबोर्डिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार के लिए प्रेरित किया गया।

# भीमलाल का कांग्रेस में जाना भ्रष्टाचारियों का स्वाभाविक मिलन : शक्ति लाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** भाजपा के घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने पूर्व विधायक भीम लाल के कांग्रेस में जाने को भ्रष्टाचारियों का स्वाभाविक मिलन बताया है। उन्होंने कहा कि, जनता ने दोनों को चुनाव में उनके किए की सजा देते हुए पूरी तरह से नकारा हुआ है। अपनी प्रतिक्रिया में शाह ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भीमलाल और कांग्रेस दोनों पार्टियों के लिए यही आखिरी विकल्प शेष था। क्योंकि पूर्व विधायक पर लगे आरोप को सही मानते हुए जनता ने चुनाव में करारा सबक सिखाया था। वहीं प्रदेश की जनता ने भी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस पार्टी को लगातार दूसरी बार बुरी तरह नकार दिया था। आज दोनों की पोल पट्टी आम लोगों के सामने पूरी तरह खुली हुई है, कोई उन्हें स्वीकारने के लिए तैयार नहीं है। लिहाजा चोर चोर मौसेरे भाइयों की तरह उनका एक साथ आना ही उनके लिए अंतिम विकल्प था। जिस तरह मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हुआ है और भ्रष्टाचारियों का पूरी तरह सफाया, उसको देखते हुए कांग्रेस और भीमलाल के लिए भी 2027 के चुनाव अंतिम साबित होने वाले हैं।



■ घनसाली विधायक ने कहा, जनता ने दोनों को बुरी तरह नकारा

# तीन पूर्व विधायकों समेत 6 नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून/नई दिल्ली।** उत्तराखंड की राजनीति में शनिवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। तीन पूर्व विधायकों सहित 6 प्रमुख नेताओं ने कांग्रेस में आस्था जताई है।


■ उत्तराखंड की राजनी. ति में शनिवार को हुआ बड़ा उलटफेर
■ प्रदेश में राजनीतिक माहौल तेजी से बदल रहा, जनता कांग्रेस की और देख रही: शैलजा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्यालय, नई दिल्ली में उत्तराखंड कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत, पूर्व अध्यक्ष करन महारा, सह प्रभारी मनोज यादव, सुरेंद्र शर्मा, महामंत्री प्रशासन गुरदीप सप्पल, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, विधायक तिलकराज बेहड़ की मौजूदगी में तीन पूर्व विधायकों व कई वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों, विचारधारा और नेतृत्व में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस में शामिल होने वालों में भाजपा के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, बसपा के पूर्व विधायक नारायण पाल, भाजपा से पूर्व विधायक भीमलाल आर्य, रुड़की के पूर्व महापौर गौरव गोयल, मसूरी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह नेगी शामिल हैं।इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने इसे भाजपा के लिए बड़ा झटका बताया। उनका कहना है कि इन नेताओं के शामिल होने से स्पष्ट संकेत गया है कि राज्य में भाजपा की पकड़ कमजोर हो रही है और कई नेता पार्टी छोड़ने का मन बना चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पार्टी में शामिल होने के इच्छुक नेताओं की एक लंबी सूची प्रदेश प्रभारी को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 6 नेताओं ने सदस्यता ली है, जबकि आने वाले समय में और भी नेता कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

# भाजपा से निकाले गए कहीं भी जाएं, फर्क नहीं पड़ता: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा ने पार्टी से निकाले लोगों को कांग्रेस द्वारा चुनाव लड़ाने की कोशिश को 27 में कमल खिलने की हैट्रिक का संकेत बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने व्यंग करते हुए कांग्रेस को 4 नेताओं की वो पार्टी बताया, जिसके प्रभारी को देवभूमि आना जरूरी नहीं लगता। मंत्रियों को लेकर आरोपों पर स्पष्ट किया कि पार्टी में जो आया, वो हमारा कार्यकर्ता है। उसे उसकी क्षमता एवं उपयोगिता के अनुसार संगठन और सरकार में भूमिका दी जाती है। वहीं दायित्वधारियों की नई सूची के भी मुख्यमंत्री के आने बाद शीघ्र जारी करने की बात कही।



■ कांग्रेस 4 नेताओं की पार्टी, जिसके प्रभारी देवभूमि आना जरूरी नहीं समझते
■ भाजपा निष्कासितों को चुनाव लड़ाने की कांग्रेसी कोशिश, कमल की हैट्रिक का संकेत

पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों के जवाब में स्पष्ट किया कि जो भी लोग आज कांग्रेस में शामिल हुए हैं, उनको तो बहुत पहले ही पार्टी से निकाला गया है, इसलिए वह भाजपा के चेहरे हो ही नहीं सकते । भाजपा के अंदर अनुशासन के दायरे में रहना होता है और जो उस अनुशासन के दायरे को तोड़ता है, उसे कठोरता के साथ ना चाहते हुए भी पार्टी से बाहर किया जाता है। अब जो बाहर निकाल दिया गया, वह कहीं और शिफ्ट हो जाता है, तो इसमें हमें क्या फर्क पड़ेगा। हां इतना अवश्य है कि कांग्रेस को इस बात पर विचार करना चाहिए था कि उन्हें भाजपा से क्यों निकाला गया है। वहीं तंज कसा कि हो सकता है जो हमें कमी या गलती लगी, वो कांग्रेस की कार्य संस्कृति में अच्छी हो। उन्होंने कांग्रेस को आईना दिखाया कि उनके पास तो चुनाव लड़ने के लिए कैंडिडेट तक नहीं हैं, वो हमारे निकाले लोगों को चुनाव में आगे बढ़ाना चाहती है। क्योंकि कल तक कांग्रेस कहती थी कि भाजपा के पास लोग नहीं हैं ,वह हमारी पार्टी से नेताओं को ले जा रही है। अब स्वयं कांग्रेस हमारे निकाले हुए लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर चुनाव में उतरना चाहती है। जो 2027 के चुनावों में भाजपा की दो तिहाई सीट पर जीत और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का स्पष्ट संकेत है।

**क्षमता एवं उपयोगिता के अनुसार संगठन, सरकार में जिम्मेदारी दी गई:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने मंत्रिमंडल में अंदरूनी बाहरी के सभी चर्चाओं पर विराम लगाते स्पष्ट किया कि हमारी पार्टी के अंदर जो व्यक्ति आ जाता है वह हमारा कार्यकर्ता है। हम उसे बाद में किसी भी दूसरे दल से नहीं जानते पहचानते हैं, हमारा उत्तरदायित्व वैचारिक रूप से उसे स्थापित करना होता है। हम सभी योग्य व्यक्तियों को अपने दल में शामिल करते हैं और उसकी क्षमता एवं उपयोगिता उचित स्थान देते हैं। संगठन में दायित्व भी देते हैं और जरूरत लगे तो सरकार में मंत्री या अन्य भूमिका भी देते हैं।

### मुख्यमंत्री के आने के बाद शीघ्र दायित्व सूची जारी होगी

सरकार में दायित्वधारियों की नई सूची को लेकर भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री धामी की व्यवस्तता है, कल वर्चुअल बैठक के बाद मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई है, जहां उन्होंने पीएम को उत्तराखंड आने का निमंत्रण भी दिया है। आज कुछ नई महत्वपूर्ण बैठकें भी दिल्ली में उनकी हैं, उसके बाद जैसे ही वे आयेंगे शीघ्र सूची जारी कर दी जाएगी।

# उत्तराखंड में चुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा दांव

## कांग्रेस ने नये मंत्रियों के क्षेत्रों से भाजपा को दिया झटका

मौहम्मद शाह नजर

**देहरादून।** उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों दल चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। इसी बीच कांग्रेस ने बड़ा राजनीतिक दांव चलते हुए भाजपा व अन्य दलों के छह प्रमुख नेताओं को पार्टी में शामिल कर लिया है।

शनिवार को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इन नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस में शामिल होने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, बसपा से पूर्व विधायक नारायण पाल, घनसाली से पूर्व विधायक भीमलाल आर्य, रुड़की के पूर्व मेयर गौरव गोयल, मसूरी के पूर्व पालिकाध्यक्ष अनुज गुप्ता तथा लाखन सिंह नेगी शामिल हैं। इन नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने से प्रदेश की सियासत में नए समीकरण बनने के संकेत मिल रहे हैं। इनमें से कई नेता अपने-अपने क्षेत्रों में लंबे समय तक विधायक या जनप्रति. निधि रह चुके हैं, जिससे कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा खेले गए इस दांव को भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि, इसका वास्तविक असर चुनावी नतीजों में ही सामने आएगा।



■ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, नारायण पाल, भीमलाल आर्य, गौरव गोयल, लाखन सिंह व अनुज गुप्ता ली सदस्यता

**रणनीतिक तौर पर अहम मानी जा रही एंट्री:** कांग्रेस ने जिन नेताओं को अपने साथ जोड़ा है, उनका प्रभाव सितारगंज, रुद्रपुर और घनसाली जैसे महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में माना जाता है। नारायण पाल सितारगंज सीट से 2002 से 2012 तक विधायक रहे हैं। राजकुमार ठुकराल रुद्रपुर से 2012 से 2022 तक भाजपा के टिकट पर विधायक रहे।

भीमलाल आर्य घनसाली सीट से 2012 से 2017 तक विधायक रहे हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में भाजपा के सामने चुनौती बढ़ने की संभावना है।

**अंदरूनी समीकरण भी रहे अहम:** सूत्रों के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से नजदीकी के चलते राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में एंट्री का रास्ता आसान हुआ।

वहीं, तिलक राज बेहड़ की सहमति भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अब सबकी नजरें पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

**कांग्रेस नेताओं के बयान:** प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और जल्द ही और भी नेता पार्टी में शामिल होंगे।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इसे प्रदेश में बदलाव का संकेत बताया और भाजपा सरकार पर कई मुद्दों पर निशाना साधा। चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग से कांग्रेस 2027 में सत्ता में वापसी करेगी। वहीं, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए नेता संघर्षशील हैं और उनके आने से संगठन मजबूत होगा। इसके अलावा, कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर महिला अपराध, बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों को लेकर भी सवाल उठाए।

# श्रमिक कर्मकार कल्याण बोर्ड को मिला प्रतिष्ठित पुरस्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड को नई दिल्ली में शनिवार को स्कॉच ग्रुप द्वारा राज्य में श्रम उपकर संग्रह प्रबधन प्रणाली के लिए गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उत्तराखंड के श्रम आयुक्त एवं सचिव, उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, प्रकाश चंद दुमका द्वारा आईटी विशेषज्ञ दुर्गा चमोली के साथ प्राप्त किया गया।

दुमका ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित श्रम उपकर संग्रह प्रबधन प्रणाली पोर्टल डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट मानक के रूप में उभरा है।



इसकी सफलता के चलते इसे श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के अन्य राज्यों में भी लागू करने के लिए अपनाया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य को मिले इस सम्मान को श्रमिक सुधारों एवं श्रम प्रबंधन के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का भी सम्मान बताया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मैनुअल प्रणाली से एक पारदर्शी, जवाबदेह और दक्ष डिजिटल प्रणाली की ओर हुए उल्लेखनीय परिवर्तन को दर्शाती है, जो सुशासन और तकनीकी उन्नति के प्रति सशक्त प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

# क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है फ्लैक्स यूनिट: आशा नौटियाल

## केदारनाथ विधायक ने किया शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा रोजगार

**ऊखीमठ क्षेत्र के साथ मद्महेश्वर घाटी को मिली उपलब्धि**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत हिमालय स्वयं सहायता समूह, पाली द्वारा फ्लैक्स बैनर प्रिंट, पोस्टर एवं प्रिंटिंग यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस यूनिट के शुरू होने से ऊखीमठ क्षेत्र सहित मद्महेश्वर घाटी को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है।

उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि यह यूनिट क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और युवाओं व महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में मदद मिलेगी। राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट ने कहा कि इस प्रकार की इकाइयों के संचालन से जहां स्थानीय जनता को सुविधाएं मिलेंगी, वहीं स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज शुक्ला, ज्येष्ठ प्रमुख राकेश नेगी, कनिष्ठ प्रमुख प्रदीप त्रिवेदी तथा जिला पंचायत सदस्य प्रीति पुष्वाण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। खण्ड विकास अधिकारी अनुष्का ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में प्रिंटिंग सुविधाओं का अभाव था, जिसके कारण लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी दूरस्थ शहरों का रुख करना पड़ता था। अब इस यूनिट के स्थापित होने से समय और धन दोनों की बचत होगी और स्थानीय स्तर पर बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। ब्लॉक मिशन मैनेजर रणजीत रावत ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। स्थानीय जनता ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में मदन भट्ट, संगीता नेगी, बृजेश पन्त, गीता देवी, लक्ष्मी राणा, भरत सिंह नेगी, राजीव भट्ट, महेश बर्त्वाल, प्रमोद नेगी, रेखा रावत, गणेश थपलू, वंदना देवी, कुसुम देवी और किरण देवी आदि मौजूद रहे।

### विद्यालयों में पर्यावरण अनुकूल पिरूल स्टोव के उपयोग को दें बढ़ावा: डीएम

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, एवं शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के प्रत्येक क्लस्टर स्तर पर सेंट्रलाइज्ड लैब की स्थापना हेतु शीघ्र प्रस्ताव तैयार किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को विज्ञान सहित अन्य विषयों की प्रयोगात्मक शिक्षा बेहतर ढंग से मिल सके। डीएम ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में प्रायोगिक ज्ञान का विशेष महत्व है और इसके लिए मजबूत आधारभूत सुविधाएं जरूरी हैं। उन्होंने अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में पिरूल स्टोव के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके।बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र अमोली, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अतुल आनंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में अंशिका रही प्रथम

**टीआरपी की दौड़ में गिरती पत्रकारिता था प्रतियोगिता का विषय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार के बीजेएमसी विभाग द्वारा टीआरपी की दौड़ में गिरती पत्रकारिता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के प्रारंभ में बीजेएमसी विभाग के प्राध्यापक चक्रधर कंडवाल ने पत्रकारिता मे कम्युनिकेशन के प्रभाव पर प्रकाश डाला। बीजेएमसी के छात्र कृष्णकांत कुकरेती ने अपने भाषण में ऑनलाइन जर्नलिज्म विषय पर विस्तार से चर्चा की। छात्र सुजल ने यूट्यूब चौनल तथा फेसबुक इंस्टाग्राम के माध्यम से लोकप्रिय होती जा रही पत्रकारिता पर प्रकाश डाला ।बीजेएमसी के छात्र आयुष धस्माना ने कहा कि आजकल पाठक प्रतिदिन अखबार पढ़ने की बजाय ऑनलाइन एवं डिजिटल माध्यमों से प्राप्त समाचारों की ओर शिफ्ट होते जा रहे हैं। छात्रा आंचल कुकरेती ने कहा कि आजकल कुछ पत्रकार अपनी जिम्मेदारियां भूलते जा रहे हैं और समाज के प्रति अपना कर्तव्य नहीं निभा रहे हैं। लोग झूठ और सच में अंतर करना भूलते जा रहे हैं, जिससे लोगों की सोच प्रभावित होती जा रही है। बीजेएमसी छात्रा अंशिका बुड़ाकोटी ने कहा कि कई न्यूज चौनल अब सही चीजों को दिखाने के स्थान पर भ्रामक एवं झूठी खबरें ज्यादा दिखा रहे हैं। वह पेड न्यूज पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं, जिससे सही खबरें जनता के सामने नहीं आ पा रही हैं।

भाषण प्रतियोगिता में अंशिका बुड़ाकोटी ने प्रथम, कृष्णकांत कुक. रेती ने द्वितीय एवं आंचल कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल टीआरपी बढ़ाना नहीं बल्कि समाज को सही दिशा देना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए तथा न्यूज चैनलों को सच्चाई एवं गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर बीजेएमसी विभाग प्रभारी डॉ एसके गुप्ता ने कहा कि अधिकांश न्यूज चौनल टीआरपी बढ़ाने की दौड़ में लगे हुए हैं और जनता को झूठी एवं भ्रामक खबरें परोस रहे हैं, जिससे एक ओर तो पत्रकारिता का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जनता की मूलभूत समस्याओं से संबंधित खबरें पीछे छूटती जा रही। झूठी खबरों के चक्कर में लोगों में भ्रम फैल रहा है एवं कई बार लोग हड़बड़ा कर गलत निर्णय ले बैठते हैं। उन्होंने कहा कि टीआरपी बढ़ाना गलत नहीं है, लेकिन यह पॉजिटिव तरीके से होना चाहिए।

इस अवसर पर बीजेएमसी प्राध्यापक अरविंद दुदपुड़ी ने टीआरपी बढ़ाने के चक्कर में मीडिया द्वारा द्वारा किए जाने वाले अनैतिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला । भाषण प्रतियोगिता का संचालन बीजेएमसी की छात्रा कुमारी अंशिका बुड़ाकोटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुजल नेगी, आयुष, आंचल कुकरेती, कृष्णकांत, शुभम राजपूत, मोहम्मद मुदस्सिर, सुधांशु देवरानी, आस्था, स्नेहा गोसाई, दिव्यांशी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन कार्यशाला में छात्रों को दिया जीवनरक्षक प्रशिक्षण

**प्राथमिक उपचार और बचाव तकनीकों का किया प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़/ उत्तरकाशी।** राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड़ में शनिवार को कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जागरूक और सक्षम बनाना रहा।

कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मास्टर ट्रेनर मस्तान भंडारी ने आपदा प्रबंधन के मूलभूत सिद्धांतों और संकट के समय अपनाई जाने वाली प्रभावी रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं हिमालयन एजुकेशनल एंड हिल्स डेवलपमेंट सोसाइटी के सचिव प्रकाश रमोला ने समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

मास्टर ट्रेनर सुदर्शन सिंह कैंतुरा ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी और बचाव तकनीकों का प्रदर्शन किया। बाल कल्याण समिति की सदस्या कल्पना ठाकुर ने आपदा के दौरान बच्चों और संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई।

# ढेड साल बाद चोरी का हुआ खुलासा

**चोरी के आरोप में नेपाल मूल का निवासी महाराष्ट्र से गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने ढेड साल बाद दुकान में चोरी करने के मामले में एक युवक को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि बीते 31 दिसम्बर 2024 में श्रीनगर निवासी गौरव सिलोडी ने कोतववाली पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी दुकान का ताला तोड़कर लगभग 5 लाख रुपये, 300 डॉलर नकद एवं 1 डीएसएलआर




कैमरा चोरी के मामले में शिकायत पत्र दिया था। चोरी के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी पौड़ी के निर्देशानुसार पुलिस टीमों का गठन किया गया। इस दौरान टीम ने टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहन अवलो. कन किया गया, साथ ही स्थानीय व मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी जुटाई गई। बताया कि अथक प्रयासों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने घटना का अनावरण करते हुए अज्ञात की पहाचान की गई, जो घटना के बाद अपनी पहचान छिपाकर पहले काफी समय तक नेपाल व मुंबई (महाराष्ट्र) सहित विभिन्न स्थानों पर ठिकाने बदलकर रह रहा था। बताया कि पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए 38 वर्षीय नीरक उर्फ नीर बहादूर शाही पुत्र मनबहादूर शाही निवासी ग्राम व थाना सोल्टा, कैलाली नेपाल को मुंबई, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया। बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश भट्ट, उपनिरीक्षक सुरेश रतूड़ी, साईबर सैल कोटद्वार के उपनिरीक्षक दीपक अरोड़ा, मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### श्रीनगर में एलपीजी सिलेंडर भरवाने को लेकर छीना-झपटी

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडर भरवाने को लेकर तहसील के समीप भक्तियाना में शनिवार को भारी अव्यवस्था देखने को मिली।

गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब सिलेंडर लेने की होड़ में लोगों के बीच धक्का-मुक्की और छीना-झपटी की घटनाएं सामने आईं।

कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण अव्यवस्था फैल रही है और समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। पूर्ति निरीक्षक श्रीनगर विजय कुमार कैंतुरा ने बताया कि श्रीनगर में रोस्टर के अनुसार एलपीजी गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। बताया कि रोस्टर के तहत गैस वितरित होने के चलते अन्य स्थानों के लोग गैस सिलेंडर लेने पहुंच रहें है। ऐसे में लोगों के बीच छीना-झपटी आदि विवाद देखने को मिल रहा है। बताया कि लोगों से संयम बनाएं रखने की अपील की है।

### बलोड़ी में वास्तु पुरुष मंदिर की प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

**श्रीनगर।** विकासखण्ड खिर्सू अंतर्गत बलोड़ी स्थित पंचतत्व आश्रम किष्किंधा में वास्तु पुरुष मंदिर की भव्य और विधिवत प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ-हवन और दिव्य अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

मंदिर की स्थापना प्रख्यात विद्वान एवं आध्यात्मिक चिंतक डॉ. मनोज कुमार जुयाल ने की अपने। कहा कि वास्तु पुरुष सृष्टि के मूल ऊर्जा केंद्र के प्रतीक हैं, जो किसी भी स्थान के संतुलन, समृद्धि और शांति के आधार स्तंभ माने जाते हैं। कहा कि यह मंदिर भविष्य में लोगों को सकारात्मक जीवन शैली और संतुलित ऊर्जा की दिशा में मार्गदर्शन देगा। इस मौके पर आचार्य अमलानंद जुयाल एवं पंचतत्व आश्रम के प्रबंधक पारस चौहान ने कहा कि यह आश्रम केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक जागरण का सशक्त माध्यम है।

कहा कि वास्तु पुरुष मंदिर की स्थापना से यह धाम साधना, ध्यान, अध्ययन और आंतरिक शांति की खोज करने वाले साधकों के लिए एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

### सीमा जागरण मंच का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया

**उत्तरकाशी।** जिला मुख्यालय स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सीमा जागरण मंच के स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

अवसर पर सीमा जागरण मंच के प्रांतीय अध्यक्ष गुलाब सिंह नेगी ने




कहा कि सजग और सक्रिय नागरिक देश व सरकार के आँख कान होते हैं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में सजग उपस्थिति के महत्व पर जोर दिया।

संगठन का मुखपत्र 'सीमा संघोष' देश की सीमाओं और सीमा प्रहरियों के प्रति जागरूकता बढ़ाता है। यह सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के प्रति आम जनता में सम्मान का भाव जगाने का काम करता है।

वहीं विभाग प्रचारक टिहरी अजय ने कहा कि सीमा जागरण मंच की स्थापना 1985 में जैसलमेर राजस्थान में हुई थी और वर्तमान में यह संगठन देश के 24 सीमावर्ती राज्यों में कार्यरत है। कार्यक्रम में जिला प्रचारक गौतम, मनोज, सतेय सिंह राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, महावीर नेगी, चन्द्रमोहन युवा प्रमुख (सीमा जागरण मंच), जय प्रकाश भट्ट प्रधानाचार्य सहित सीमा जागरण मंच के अनेक समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन, बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर

**कोटद्वार ।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना एकेश्वर द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र शीला मल्ला में बालि. का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमंती रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नवजात बालिका के जन्म पर परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा बालिका को सूट एवं कंबल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बेटियों के संरक्षण, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सुप. रवाइजर शारदा रानी द्वारा विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं सुपरवाइजर रक्षा जोशी ने टीकाकरण एवं शिशु के लिए मातृ स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य बालि. काओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाते हुए समाज में सकारात्मक संद. ेश प्रसारित करना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।

# ऊखीमठ में गैस वितरण व्यवस्था चरमराई

**व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, नियमित शेड्यूल व सख्ती की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ऊखीमठ में गैस वितरण व्यवस्था अव्यवस्थित होने से आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस वितरण वाहन के पहुंचते ही सुबह से लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों एवं अन्य उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस समस्या को लेकर व्यापार मंडल ऊखीमठ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल सिंह रावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और व्यवस्था सुधार की मांग उठाई।

व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट ने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए गैस वितरण का एक स्पष्ट एवं नियमित शेड्यूल जारी किया जाना चाहिए तथा उसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को पूर्व जानकारी मिल सके और अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में स्थानीय व्यापारियों, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को पर्याप्त गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है।

व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की कि ऊखीमठ में होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए गैस की पर्याप्त आपूर्ति को लेकर विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके साथ ही व्यापारियों ने गैस एजेंसियों की मनमानी एवं संभावित कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाने के लिए प्रशासन से नियमित निगरानी और पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग भी की।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, महामंत्री महेश बर्त्वाल, कोषाध्यक्ष मनवर नेगी, जयप्रकाश पंवार एवं पूर्व सभासद प्रमोद नेगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

वहीं, व्यापार संघ की मांग का तत्काल संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत ने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजते हुए मामले में त्वरित कार्यवाही करने को कहा है।

# मांगें न मानी गईं तो महासंघ करेगा उग्र आंदोलन

**डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ का कार्य बहिष्कार जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुप्तकाशी/रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वर्तमान कार्य बहिष्कार आंदोलन का रूप ले सकता है। पदाधिकारी और कर्मचारी पिछले चार दिनों से कार्य बहिष्कार पर हैं, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

महासंघ के गुप्तकाशी शाखा अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि कनिष्ठ अभियंताओं की वेतन विसंगति दूर करने, 1 जनवरी 2014 के बाद नियुक्त जेई को 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर प्रथम एसीपी में 5400 ग्रेड पे देने, पुरानी पेंशन बहाली, सहायक अभियंताओं को वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार बढ़ाने सहित कुल 27 मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी मांगें न्यायोचित हैं, लेकिन सरकार का रवैया अब तक उदासीन बना हुआ है।

# केदारनाथ हाईवे में अज्ञात वाहन चालक ने कुचला गौवंश

**गौ रक्षा विभाग ने की जिला प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाईवे से सटे ग्रामीण इलाकों में रह रहे असामाजिक तत्व अपने मवेशियों का उपयोग करने के बाद उन्हें सड़कों पर मरने के लिए छोड़ रहे हैं, जिससे रात के समय नशे में तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालक गौवंश को कुचल रहे हैं, जिससे उनकी असमय मौत हो रही है।

बीती शुक्रवार रात नैल क्षेत्र के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब एक अज्ञात वाहन ने सड़क पर घूम रही एक निराश्रित बछिया को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार सुबह गौ रक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत गौवंश को सड़क से हटाकर वाहन की व्यवस्था कर शव को नियमानुसार दफनाया। इस दौरान घटना को लेकर गौ रक्षा विभाग में गहरा आक्रोश देखने को मिला। कहा कि, यह कोई पहली घटना नहीं है लगातार ऐसे हादसे हो रहे हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

# शराब पर पाबंदी लगाने वाली महिलाओं का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** ग्राम विकास विभाग एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक सभागार में वृहद स्वरोजगार एवं बहुउद्देशीय शिविर का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल एवं विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट, प्रमुख पंकज शुक्ला सहित अनेक जनप्रति. निधि उपस्थित रहे।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और स्वरोजगार को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं



**ब्लॉक सभागार ऊखीमठ में वृहद स्वरोजगार एवं बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन**

सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं तथा गांवों में सार्वजनिक कार्यों में शराब परोसने पर पाबंदी लगाने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। जिला पंचायत सदस्य प्रीति पुष्वाण ने महिलाओं को समाज का सजग प्रहरी बताया।

कार्यक्रम का समापन खण्ड विकास अधिकारी अनुष्का द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के अधिकाधिक लाभार्थियों को जोड़ने के संकल्प के साथ किया गया, जबकि संचालन चन्द्र मोहन उखियाल ने किया।

इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख राक. ेश नेगी, कनिष्ठ प्रमुख प्रदीप त्रिवेदी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संगीता नेगी, प्रधान संगठन ब्लॉक महामंत्री मदन भट्ट, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दलवीर नेगी, प्रधान गडगू सरिता नेगी, अनिल शाह, मिथिला देवी, शिशुपाल सिंह, सनोज नेगी, सुलेखा त्रिवेदी, नीमा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सारी भरत सिंह नेगी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी वीरेन्द्र चन्द्र घिल्डियाल, प्रगतिशील काश्तकार बलबीर राणा, ब्लॉक मिशन मैनेजर रणजीत रावत आदि मौजूद रहे।

# हुडोली में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** पीएम श्री बी.एस. नेगी राजकीय इंटर कॉलेज हुडोली में वार्षिक उत्सव एवं एलुमनाई सम्मान समारोह बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों तथा पूर्व छात्र-छात्राओं (एलुमनाई) ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। लोक नृत्य, गीत, नाटक और देशभक्ति कार्यक्रमों ने समारोह में विशेष आकर्षण पैदा किया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में




उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सम्मानित एलुमनाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया और मेहनत, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललिता प्रसाद सेमवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख निशिता शाह ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सुनील भंडारी,चंद्रमोहन नोडियाल,निकेन्द्र नेगी,पूजा नेगी,धनवीर चौहान शांतिराम दोरियाल,गुलाब सिंह,विरेन्द्र कुमार,जगजीवन शाह,शमशेर सिंह,बिजेंद्र मणि,दर्शनी रावत,ऋतंभरा सेमवाल ,हेमराज रावत सहित शिक्षक,शिक्षिकाएं,अभिभावक छात्र छात्राएं व पुरातन छात्र मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों ने किया विस चुनाव कांग्रेस पार्टी को जीतने की अपील

**श्रीनगर।** शनिवार को पूर्व सैनिक, अर्धसैनिकों तथा उत्तराखड़ पुलिस के पूर्व जवनों की एक बैठक आहुत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों, अर्धसैनिकों और पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए जवनों से कांग्रेस पार्टी को जीत दिलने के लिए तैयारियां शुरू करने को अपील की गई। मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवीर सिंह पंवार, नगर अध्यक्ष सरज घिल्ड़ियाल, रणवीर लाल, रवींद्र सिंह सहित आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने किया राजस्व लोक अदालत का शुभारम्भ

# रेवेन्यू कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम से घर बैठे दर्ज होंगे भूमि विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में 'राजस्व लोक अदालत' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल न्याय सुलभता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र की भावना का विस्तार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सदैव इस बात पर बल दिया गया है कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरलता एवं शीघ्रता से पहुँचे।

■ 'न्याय आपके द्वार' अभियान को मिली नई मजबूती
■ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व लोक अदालत का आयोजन वर्षों से लंबित राजस्व विवादों के त्वरित एवं सार्थक समाधान के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी विवाद केवल कागजी प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि इनके पीछे किसानों की भूमि, परिवारों की आजीविका एवं व्यक्तियों का आत्मसम्मान जुड़ा होता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में राजस्व विवादों के निस्तारण हेतु राज्य स्तर पर राजस्व परिषद, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त न्यायालय, जिला स्तर पर कलेक्टर न्यायालय तथा तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय कार्यरत हैं। वर्तमान में प्रदेश में 400 से अधिक राजस्व न्यायालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 50 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि' के मूल मंत्र के साथ 'राजस्व लोक अदालत' की अभिनव पहल प्रारम्भ की है।इस दौरान वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए दिशा- निर्देशों के अनुरूप राजस्व वादों का तेजी से निस्तारण किया जाएगा, जितना भी बैकलॉग है उसको युद्ध स्तर पर निस्तारित किया जाएगा तथा भूमि से जुड़े हुए विवादों को प्राथमिकता से लेते हुए सभी पेंडिंग प्रकरणों को निस्तारित किया जाएगा। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के दिशा- निर्देशों के क्रम में समस्त राजस्व वाद को अगले एक माह में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। बैठक में राजस्व सचिव रंजना राजगुरु उपस्थित थीं।

### मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस के विजन के अनुरूप कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस के विजन के अनुरूप प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को ऑनलाइन करते हुए 'रेवेन्यू कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे अपने प्रकरण दर्ज कर सकते हैं।

**अविवादित विरासत के मामलों में भू-स्वामी की मृत्यु के बाद समयसीमा के भीतर नामांतरण करें सनिश्चित:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित विरासत के मामलों में भू-स्वामी की मृत्यु के पश्चात निर्धारित समयसीमा के भीतर नामांतरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि मृतक की तेहरवीं पीपलपानी तक वारिसों के नाम नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर नई खतौनी परिवार को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, उन्होंने विवादित भूमि की पैमाइश एवं कब्जों से संबंधित मामलों को एक माह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# देहरादून में भाजपा कार्यालय का विस्तार, हवन पूजन से हुआ शुभारंभ

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा ने कार्यालय विस्तार की दृष्टि से शनिवार को नए परिसर में हवन पूजन कार्य प्रारंभ किया । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, पार्टी की सभी गति. विधियां प्रदेश कार्यालय से संचा. लित होती हैं और 2027 के चुनाव प्रबन्धन के लिए वर्तमान परिसर बहुत शुभ और व्यवस्थित है। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां से पार्टी की जीत का क्रम जारी रहेगा और 27 में धामी जी के भाजपा हैट्रिक लगाने जा रही है।

बलबीर रोड स्थित पार्टी प्रदेश मुख्यालय में हुए इस हवन पूजन कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, भाजपा संगठन में कार्यालय का विशेष महत्व रहता है। पार्टी के निरंतर जारी कार्यक्रमों और सामान्य गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए कार्यालय हमारे लिए मंदिर की भांति है।



■ जीत का क्रम रहेगा जारी, 27 में धामी के नेतृत्व में लगाएंगे हैट्रिक: भट्ट

चूंकि चुनाव को देखते हुए पार्टी की बहुत सी तात्कालिक गति. विधियों के संचालन हेतु जैसे बूथ प्रबंधन, विधि कार्यों, प्रवास, चुनाव साहित्य, घोषणा पत्र, प्रचार सामग्री, वाहन, दैनिक मुद्दों के निर्धारण आदि अनेकों प्रकल्पों के लिए विस्तृत परिसर की जरूरत महसूस होती रही है। चुनाव की दृष्टि से पार्टी के लिए शुभ वर्तमान परिसर और उससे जुड़े नए परिसर को फिलहाल व्यवस्थित किया गया है।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री खजान दास, महापौर सौरभ थपलियाल, विधायक सविता कपूर, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, सरकार में दायित्वधारी ज्योति गैरोला, सुभाष बड़थ्वाल, कर्नल अजय कोठियाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष विपुल मेंदोली समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को किया जा रहा सशक्त: अरूण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रुद्रप्रयाग में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत आयोजित 12 दिवसीय बेसिक कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण बैंक रुद्रप्रयाग के मुख्य प्रबंधक आरएस रावत उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने, स्वरोजगार स्थापित करने और बैंक से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। आरसेटी के निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि संस्थान ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रेरित और सशक्त बना रहा है। उन्होंने बताया कि आरसेटी संस्थान समूह की महिलाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उनके साथ निरंतर साथी बनकर खड़ा है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर पवित्र सैनी ने प्रतिभागियों को फैंसी कैंडल, कलरफुल कैंडल, मधु कैंडल, होम डेकोर आइटम्स तथा क्राफ्टिंग की विभिन्न विधियों के साथ-साथ नीम, एलोवेरा और भीमल आदि प्राकृतिक सामग्रियों से बने अन्य उत्पादों का निर्माण भी प्रशिक्षार्थियों को सिखाया गया।

■ 12 दिवसीय बेसिक कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण संपंन

# पीएम मोदी करेगें भारत-नेपाल सीमा लैंड पोर्ट का शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** चंपावत के बनबसा (गुदमी) क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर एक आधुनिक लैंड पोर्ट को विकसित करने के प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के प्रयास फलीभूत हो रहे। लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया उत्तराखंड सरकार के सहयोग से बन रहे इस लैंड पोर्ट को विकसित करने के लिए महाराज पिछले काफी समय से प्रयासरत रहे हैं। अब शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह संयुक्त रुप से इसका शिलान्यास करेंगे।

■ कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के प्रयास हुए फलीभूत
■ प्रधानमंत्री मोदी, बालेंद्र शाह व मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार



महाराज ने चंपावत के बनबसा (गुदमी) क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा (महेंद्र नगर) पर आधुनिक लैंड पोर्ट को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक बड़ी पहल बताया है। लैंड पोर्ट के निर्माण में जो भी बाधायें हैं उन्हें तेजी के साथ दूर किया जा रहा है। ज्ञात हो कि चंपावत के बनबसा क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा (महेंद्र नगर) पर आधुनिक लैंड पोर्ट को विक. सित करने के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कई बार वहां जाकर स्थलीय निरीक्षण करने के अलावा अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें आयोजित कर नेपाल के राज. दूत से भी इस परियोजना के संबंध में बातचीत की। जिसका नतीजा यह रहा कि इस परियोजना के लिए पहले चरण में लगभग 500 करोड़ की धनराशि और पर्यावरण मंजूरी, 84 एकड़ वन भूमि का हस्तांतरण और अन्य औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। महाराज ने बताया कि इस लैंड पोर्ट के बनने से एक ही परिसर में कस्टम, इमिग्रेशन, सुरक्षा, कार्गो टर्मिनल, यात्री टर्मिनल और स्वास्थ्य इकाई होंगी, यानी सीमा पर व्यापार और यात्री आवागमन के लिए एकीकृत, तेज और सुरक्षित प्रणाली विकसित होगी। इसके निर्माण से किसानों और छोटे उत्पादकों की नेपाली बाजारों तक सीधी पहुँच, ट्रांसपोर्ट लागत में कमी और उत्पादों का मूल्य संवर्धन करना आसान होगा। उन्होंने कहा कि लैंड पोर्ट बनने के बाद स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। भारत-नेपाल व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना मिलेगा। यह पोर्ट सीमावर्ती क्षेत्र की अर्थव्यवस्था बदलने और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने में बड़ा कदम साबित होगा।

एक नजर .......

### लोकतंत्र के चारों स्तंभों में महिलाओं का योगदान सराहनीय: इंदिरा

**देहरादून।** राष्ट्रीय लोक दल महिला प्रकोष्ठ उत्तराखंड द्वारा शनिवार को प्रेस क्लब, देहरादून में 'नारी शक्ति संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के चारों स्तंभों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान पर सार्थक चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोक दल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा कपिलावे उपस्थित रहीं।संवाद के दौरान महिलाओं की सशक्त भागीदारी पर जोर देते हुए इंदिरा कपिलावे ने कहा कि आज महिलाएं केवल लोकतंत्र का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे नेतृत्व की भूमिका में भी मजबूती से आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय टीम से आईं नीतू सिंह, ऋचा सिंह, अनुपमा चौधरी, दीपमाला, सरला सिंह और डॉ. प्रीति के साथ-साथ प्रदेश प्रभारी नीरपाल चौधरी, मंजू जैन और रवीना पाली जैसे प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। वक्ताओं ने कहा कि समाज में रालोद की विचारधारा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले हर वर्ग को साथ लेकर चलने की रही है।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इसमें पत्रकारिता के क्षेत्र से मीना नेगी और हिन्ना को, वकालत के क्षेत्र में अल्पना जेदली को, राजनीति में अल्पसंख्यक महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष यासीन आलम को तथा समाज सेवा के लिए सरिता गिरी और पूनम पाल को उनके समर्पण और निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कमलप्रीत अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि श्नारी शक्ति संवादश केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक नई सोच का आरंभ है। उन्होंने कहा कि रालोद उन महिलाओं को मंच प्रदान कर रहा है जो अपने-अपने क्षेत्र में समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं।




### कांग्रेस की नीतियों में बढ़ रहा विश्वास: दसौनी

**देहरादून।** राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्यालय, नई दिल्ली में उत्तराखंड कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की मौजूदगी में तीन पूर्व विधायकों व कई वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों, विचारधारा और नेतृत्व में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, पार्टी के नए सदस्यों का उत्तराखंड कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने खुले मन से स्वागत किया है। गरिमा ने कहा कि कांग्रेस परिवार की ओर से हम सभी नव-प्रवेशित साथियों का हार्दिक स्वागत करते हैं। दसौनी ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जो नेता आज कांग्रेस में शामिल हुए हैं, उनमें से कई भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे हैं। उनका कांग्रेस की ओर रुख करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा की नीतियों, कार्यशैली और नेतृत्व को लेकर उनके भीतर गहरी निराशा और असंतोष व्याप्त है। भाजपा में बढ़ती केंद्रीकरण की प्रवृत्ति, जनसरोकारों से दूरी और लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी ने अनेक समर्पित नेताओं को स्वयं को उपेक्षित और असहज महसूस करने पर मजबूर किया है। वहीं, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट ने कहा कांग्रेस को प्रदेश की जनता का अपार स्नेहा मिल रहा है, इसीलिए आज भाजपा के नेताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

# कांग्रेस: कुनबे के साथ बढ़ी नाराजगी

■ कांग्रेस में दिग्गजों की एंट्री, मगर अंदर ही अंदर घमासान
■ पूर्व सीएम हरीश रावत ने लिया 15 दिन राजनीतिक संयास!
■ रणजीत रावत बनाम संजय नेगी टकराव से पार्टी असहज

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** दिल्ली में शनिवार को सियासी मंच सजा और एक साथ कई बड़े नामों ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया, भाजपा के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, बसपा के पूर्व विधायक नारायण पाल, भाजपा के ही पूर्व विधायक भीमलाल आर्य, मसूरी के पूर्व पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, रुड़की के पूर्व मेयर गौरव गोयल और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लाखन सिंह ने कांग्रेस का दामन थामकर सियासी हलचल तेज कर दी। वहीं, संजय नेगी को पार्टी में शामिल न किये जाने की खबर बाहर आते ही पार्टी में कुनबे के साथ नाराजगी भी बढ़ गई।

बताया जा रहा है कि रामनगर से रणजीत रावत दावेदारी कर रहे हैं, जिस कारण से संजय नेगी को कांग्रेस में शामिल नही कराया गया है। कुल मिलाकर, एक तरफ कांग्रेस में नए चेहरों की एंट्री से ताकत बढ़ती दिख रही है, तो दूसरी तरफ अंदरूनी कलह पार्टी के लिए नई मुसीबत बनती जा रही है। सवाल बड़ा है, क्या ये नई एंट्री कांग्रेस को मजबूती देगी या अंदरूनी संघर्ष इसे कमजोर कर देगा?

**कांग्रेस के अंदर ही फूट के संकेत:** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत खुलकर नाराज नजर आए। वजह थी, संजय नेगी को पार्टी में शामिल न किया जाना। इतना ही नहीं, हरीश रावत ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि वे 15 दिनों तक राजनीति से दूरी बनाएंगे, न कोई राजनीतिक गति. विधि, न कोई बयान।

### क्या सभी को मिल सकेगा टिकट!

**देहरादून।** विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़े उत्तराखंड में राजनीतिक गतिविधियां तेजी से बदल रही हैं। भाजपा पुन: सत्ता में आने के लिए चुनावी मोड में आ चुकी है तो कांग्रेस सीटवार अपनी मजबूती के लिए मजबूत चेहरों को जोड़ने में जुट गई है। कांग्रेस का कहना है कि आज भाजपा नेताओं के कांग्रेस का दामन थामने से राज्य में स्पष्ट संदेश गया है कि भाजपा के दिन अब लद चुके हैं। भाजपा के नेता भी अब मानने लगे हैं कि यह जहाज अब डूबने वाला है। कांग्रेस पार्टी 2027 में राज्य के भीतर सरकार बनाने जा रही है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा हमने एक लंबी चौड़ी लिस्ट प्रदेश प्रभारी को उपलब्ध करवाई है। इस लिस्ट में वे लोग शामिल हैं जो कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं, इनमें से 6 नेताओं ने आज कांग्रेस ज्वाइन की है। वहीं, कुमारी शैलजा ने इन 6 नेताओं को कांग्रेस ज्वाइन कराते समय जब इनका परिचय कराया तो उसके बाद कहा कि इन नेताओं ने बिना शर्त कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। अभी इन नेताओं ने टिकट की मांग या टिकट के आश्वासन के बिना पार्टी ज्वाइन की है। हालांकि सभी नेता विधानसभा का चुनाव लड़ने की नीयत से ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं, अब यह देखना होगा कि कांग्रेस किस-किस को टिकट दे पाती है।

■ कांग्रेस ने कहा बिना शर्त दिलाई सदस्यता, नेताओं की आरजु जगजाहिर

### एसएसपी ने किया थाना रायपुर का वार्षिक निरीक्षण

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को थाना रायपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसिंग की बारीकियों को परखते हुए जन-शिकायतों के त्वरित निस्तारण और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश जारी किए।निरीक्षण की शुरुआत एसएसपी ने थाना कार्यालय के अभिलेखों के अवलो. कन से की। उन्होंने सीसीटीएनएस, एनसीआरबी पोर्टल, सीएम पोर्टल और ई-डिस्ट्रिक्ट जैसे ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों और सत्यापन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी ऑनलाइन शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर होना चाहिए।

एसएसपी ने थाने के हिस्ट्रीशीटरों और सक्रिय अपराधियों की सूची का मिलान करते हुए उन पर सतत निगरानी रखने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि वांछित और ईनामी अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। साथ ही, सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने पर जोर दिया।

### जीआरडी इंस्टीट्यूट ने रखी मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल हॉस्पिटल की नींव




शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जीआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडीकल राजपुर रोड देहरादून ने शनिवार को संस्थान के संस्थापक चेयरमैन स्व. सरदार राजा सिंह के नाम से सरदार राजा सिंह मेमोरियल चौरिटेबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की नींव का पत्थर रखा।

यह अस्पताल उत्तराखंड के सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाते हुए उत्तराखंड के वंचित एवं मध्यमवर्गीय परिवारो के लिए पूर्णत: समर्पित होगा।

समारोह के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष उत्तराखंड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर ने कहा कि,ष निजी क्षेत्र द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास उल्लेखनीय हैं। पहाड़ से प्रतिभा पलायन रोकने और राज्य में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में ऐसे प्रयासों से मदद मिलेगी। कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए संस्थान के चेयरमैन सरदार इंद्रजीत सिंह ने कहा कि उनके पिताजी का हमेशा से यह उद्देश्य रहा था कि संस्था जन हित के लिए निरंतर कार्य करे और समाज के हर वर्ग के लोगों तक हर संभव मदद पहुंचे ।

महानिदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने प्रस्तावित अस्पताल उत्तराखंड में सस्ती और श्रेष्ठ स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति पूर्णत: समर्पित रहेगा । कार्यक्रम में इस अवसरपर चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह ओबेराय, प्रेजिडेंट डॉली ओबेराय, वाईस प्रेजिडेंट सरदार प्रबजी ओबेराय, गुरु राम दास एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टीज, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र छात्राये उपस्थित रहे । स्वर्गीय सरदार राजा सिंह की याद में आज शौक सभा एवं लंगर का भी आयोजन किया गया एवं श्रदांजलि दी ।

# महंगी होती शिक्षा में अभिभावकों का पालनहार बना 'बुक बैंक'

■ दो सौ पचास बच्चों ने बुक बैंकों से नि:शुल्क किताबों का लाभ उठाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किताबों पर लगभग तीस से चालीस प्रतिशत हुई वृद्धि से आर्थिक दबाव झेल रहे अभिभावकों के लिए एक बार फिर से एनएपीएसआर बुक बैंक सहारा बना है।

बुक बैंक के संस्थापक व एनएपीएसआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया की एनएपीएसआर की और से संचालित बुक बैंक अभिभावकों को आर्थिक राहत पहुंचा रहे है। इस साल सरकार की और से कई कक्षाओं की किताबें बदली जाने के कारण और नई शिक्षा नीति की किताबों व निजी पब्लिशर की किताबों के दामों मे हुई बेतहाशा वृद्धि के कारण अभिभावकों का बजट गड़बड़ा रहा है। बुक बैंक का सबसे ज्यादा लाभ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को हो रहा है उन्हें महंगी पुस्तकें नि:शुल्क उपलब्ध हो रही हैं। आरिफ खान के अनुसार इस साल मार्च के शुरुआत से अब तक लगभग दो सौ पचास से अधिक बच्चों ने हमारे बुक बैंकों से नि:शुल्क किताबों का लाभ उठाया है। पिछले वर्ष एनएपीएसआर बुक बैंक से बत्तीस सौ बच्चों को किताबें वितरित की गई थी। एनएपीएसआर की और से पूरे जिला देहरादून में इस समय 13 बुक बैंक संचालित किए जा रहे हैं।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ु चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, ट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड, देहरादून

पत्रांक : 738/नजारत अनु./वाहन किराया निविदा/2026-27 दिनांक: 28.3.2026

वाहन किराये की आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण कार्यालय एवं इसके अधीनस्थ कार्यालयों में आगामी 02 वित्तीय वर्षों (2026-2027, 2027-28) की अवधि हेतु टैक्सी के रूप में पंजीकृत वाहनों की मासिक तथा दैनिक किराये के आधार पर आपूर्ति कार्य हेतु निविदादाता फर्मों से ई-निविदा के माध्यम से निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र तथा अन्य जानकारियां उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है निविदा से सम्बन्धित सभी प्रपत्र एवं शर्तें वेबसाईट से दिनांक 31.03.26 अपराह्न 2.30 बजे से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाओं को निविदा समिति के द्वारा दिनांक 16.04.26 अपरान्हन 3.00 बजे खोली जायेगी।

इच्छुक फर्म सम्बन्धित कार्य हेतु निविदा मूल्य रू. 4,000.00 + जी०एस०टी० एवं धरोहर राशि रू. 1,80,000/- की धनराशि का ड्राफ्ट/एफ०डी०आर०जो सचिव, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून के पक्ष में हो, उक्त वेबसाईट में उक्त तिथि व समय तक अपनी निविदा प्रस्ताव, तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अभिलेखों के साथ वांछित प्रपत्र अपलोड करना होगा तथा अपने सभी मूल प्रति दिनांक 15.04.26 को अपराह्न 3.00 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय के नजारत अनुभाग में जमा कराना होगा। उपाध्यक्ष, को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। शेष शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट www.mddaonline.in में अपलोड रहेगी।

अनुसचिव

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001
कारपोरेट आईडेन्टीटी नं० UA40109UP2001SGC025867/2358
दूरभाष संख्या : 0135-2763672-76, वेबसाइटः www.uktenders.gov.in

ई-निविदा विस्तार सूचना

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II/20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पाँच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 07.04.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 08.04.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा।

अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेवसाईट www.uktenders.gov.in को देखें। अधीक्षण अभियन्ता
No. : 201/EE(CM)/UPCL/A-2, Dt. 28.03.2026 कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-260 निविदा सूचना दिनांक- 28/03/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), खोदरी पावर स्टेशन, डाकपत्थर (देहरादून), द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं0: 16/अ0अ0(उत्पा0)/खोदरी/2025-26:** खोदरी विद्युत गृह पर 04 नं0 10 केवीए, 11,000/110 वोल्ट ड्राई-टाई पन्यूट्रल ग्राउंडिंग ट्रांसफार्मर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (एसआईटीसी) का कार्य।

**निविदा सं0: 17/अ0अ0(उत्पा0)/खोदरी/2025-26:** खोदरी विद्युत गृह में स्थापित 34 एमवीए के 04 नं0 ट्रांसफार्मर पीएलसी आधारित आयल पम्प कन्ट्रोल पैनल सिस्टम का वार्षिक रख रखाव हेतु अनुबन्ध का कार्य।

**अनुमानित लागत कमशः** रु0 24,98,900/- एवं रु0 9,78,780/-.जीएसटी अतिरिक्त,

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 30.03.2026, 10:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 20.04.2026,16:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

"बिजली के दुरूपयोग से बचें" अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)

### सीएम के निर्देशानुसार डीएम की अध्यक्षता में राजस्व लोक अदालत का सफल आयोजन

# राजस्व से संबंधित 1911 वादों का मौके पर निस्तारण, वादकारियों को मिली त्वरित राहत

**लगभग 63 लाख की राजस्व वसूली एवं अर्थदंड आरोपित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद हरिद्वार में आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने तथा लंबित राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित राजस्व लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के राजस्व वादों को सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित इस राजस्व लोक अदालत में कुल 1911 वादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इनमें आपसी सुलह-समझौते, त्वरित सुनवाई तथा प्रशासनिक



हस्तक्षेप के माध्यम से वादकारियों को शीघ्र न्याय दिलाया गया। इस पहल से लंबित मामलों का त्वरित समाधान हुआ तथा आमजन को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिली।

राजस्व लोक अदालत में लगभग 61 लाख रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया, जबकि 2 लाख रुपये से अधिक की धनराशि की वसूली गई। यह लोक अदालत राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक अभूतपूर्व उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।

राजस्व लोक अदालत में स्टाम्प अधिनियम के अंतर्गत 19 मामलों का निस्तारण करते हुए लगभग 60,88,442 रुपये की धनराशि अर्थदंड के रूप में आरोपित की गई। वहीं 72 आबकारी अधिनियम के तहत 21 मामलों का निस्तारण करते हुए 96 हजार रुपये की धनराशि अर्थदंड के रूप में वसूली गई। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम- 2006 के अंतर्गत 7 मामलों का निस्तारण करते हुए 1 लाख 10 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने इस आयोजन की सफलता के लिए सभी संबंधित विभागों व वादकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रशासन का प्रमुख उद्देश्य आमजन को सुलभ, त्वरित एवं पारदर्शी न्याय उपलब्ध कराना है। राजस्व लोक अदालत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से आपसी सहमति एवं सरल प्रक्रिया के तहत वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल लंबित मामलों में कमी आती है, बल्कि प्रशासन एवं जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# जिला पंचायत बोर्ड की बजट बैठक में पास हुआ 99 करोड़ 50 लाख का बजट

### ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर खर्च होगी बजट राशि : राजेंद्र चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शनिवार को आयोजित की गयी जिला पंचायत बोर्ड बैठक में 99 करोड़ 50 लाख रूपए का बजट पास किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी संजय खंडूरी ने किया। बैठक में भगवानपुर विधायक ममता राकेश, विधायक प्रतिनिधि सुशील त्यागी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, जिला पंचायत के अधिशासी अभियंता ईश्वरचंद और जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए। बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव रखे। बैठक के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र



चौधरी ने बताया कि बैठक में पारित किया बजट से ग्रामीण इलाकों के विकास पर खर्च किया जाएगा। जिनमें गांवों में खड़ंजा बिछाना, सड़क निर्माण, जल संचय के लिए नए तालाबों का निर्माण व पुराने तालाबों को दुरूस्त किया जाएगा। पेयजल के लिए हैंडपंप लगाए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि सभी सदस्यों के सहयोग से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है।

## स्मैक समेत आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने एक स्मैक समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4.40 ग्राम स्मैक बरामद की गयी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसएसपी के नशा तस्करी और बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में लकसर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान गुलशन पुत्र पालू निवासी ग्राम निरंजनपुर लकसर को स्मैक समेत दबोच लिया। पुलिस टीम में एसआई अजय कुमार, हेडकांस्टेबल रविन्द्र कुमार नागर, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह बिष्ट शामिल रहे।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, एक नामजद सहित दो खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां दो युवकों ने एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। किशोरी की माता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व दूसरे अज्ञात युवक के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों की तलाश में जुटी है। उधर किशोरी के बयान कराने के बाद उसे परिजनों के सपुर्द कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार पथरी के एक गांव में एक किशोरी के साथ दो युवकों द्वारा गन्ने के खेत मे ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पास ही अन्य खेत मे काम कर रहे एक किसान ने जब इन्हें किशोरी के साथ खेत मे देख लिया तो दोनों युवक किशोरी को खेत मे ही अकेली छोड़कर भाग निकले। किसान ने इसकी सूचना युवती के परिजनों को दी तो परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक घर से फरार है जो किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ गन्ने के खेत मे ले गए और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इतना ही नही आरोपी युवक किशोरी को कुछ भी घर बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस युवको की तलाश में लगी है, फिलहाल पुलिस ने नाबालिग किशोरी से पूछताछ कर उसके बयान दर्ज कराए है। पुलिस ने किशोरी की माँ की तहरीर पर आरोपी मनीष पुत्र बबलू निवासी बादशाहपुर व उसके एक साथी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फेरुपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने बताया किशोरी की माँ की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनो युवक किशोरी को खेत मे लेकर गए थे। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री बनने पर मदन कौशिक का दीवान ज्वेलर्स पर भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जगजीतपुर स्थित दीवाना ज्वेलर्स पर नगर विधायक मदन को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर शनिवार को भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा समर्थकों और व्यापारियों ने फूल-मालाओं से मदन कौशिक अभिनंदन करते हुए मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने कहा कि मदन कौशिक के नेतृत्व में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास तेजी से होगा तथा जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी। समारोह में युवाओं और व्यापारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम को संबोधिक करते हुए कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने दीवाना ज्वेलर्स परिवार और उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए जिम्मेदारी को और बढ़ाने वाला है। उन्होंने



कहा कि वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। दीवाना ज्वेलर्स के स्वामी अतुल त्यागी ने कहा कि मदन कौशिक का कैबिनेट मंत्री बनना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से हरिद्वार ही नहीं पूरे उत्तराखंड प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां मिलेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मंत्री बनने के बाद क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा इस अवसर पर मेयर किरण जैसल, विशाल सिम्बल, नितिन त्यागी, मनोज चतुर्वेदी, सद्दाम राजपूत, सौरभ चौहान, आदित्य श्रीवास्तव और जॉली नौटियाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं का भाजपा से कोई संबंध नहीं : तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि भाजपा के लिए व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार सर्वोपरि हैं। विचारवान और अनुशासित लोगों के जुड़ाव से ही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।



विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का भाजपा से कोई संबंध नहीं है, कुछ पहले ही पार्टी से निष्कासित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसी के आने-जाने से भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ता। तिवारी ने आरोप लगाया कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते कुछ लोग पार्टी छोड़ते हैं, लेकिन जल्द ही उन्हें अपनी गलती का अहसास होगा। उन्होंने कांग्रेस को नेतृत्व और सिद्धांतहीन बताते हुए "डूबता हुआ जहाज" करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आपसी कलह इतनी बढ़ गई है कि नेता एक साथ बैठने में भी असहज हैं, वहीं प्रदेश में संगठन भी कमजोर हो चुका है। तिवारी ने दावा किया कि कांग्रेस के पास दो-तिहाई सीटों पर उम्मीदवार तक नहीं हैं।

# युवक पर घात लगाकर किया हमला, पुलिस ने पांच नामजद सहित अज्ञात में किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में एक युवक पर घात लगाकर हमला करने का मामला सामने आया है। बाइक सवार युवकों के एक समूह ने रास्ते में रोककर युवक को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीट दिया और फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने पांच नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में भगवतीपुरम कॉलोनी निवासी माता प्रसाद मिश्रा ने बताया कि उनका बेटा राहुल मिश्रा 24 मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे पीठ पुलिया, जगजीतपुर से आंवला बाग होते हुए घर लौट रहा था। आरोप है कि राजपूत पीजी के पास पहले से मौजूद प्रिंस कश्यप, दिवस, कुन्नु प्रजापति, बोडा सहित अन्य युवकों ने उसे रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने राहुल को जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को न्यू हरिद्वार स्थित मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शिवालिक नगर में बिजली विभाग का बड़ा एक्शन, 7 लाख की वसूली, 10 कनेक्शन काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बिजली विभाग ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए शिवालिक नगर क्षेत्र में बड़े स्तर पर अभियान चलाया। अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर एसडीओ-। अर्चना के नेतृत्व में टीम ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान जेई राव शाहबाज की टीम ने करीब सात लाख रुपये की राजस्व वसूली की। इसके साथ ही बकाया बिल जमा न करने वाले 10 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। अधिकारियों के अनुसार कई बार नोटिस देने के बावजूद भी बिल का भुगतान न करने वाले पांच उपभोक्ताओं के



मीटर भी मौके पर ही उतार दिए गए। वहीं, अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली अभियान आगे भी जारी रहेगा और बकायेदारों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।

# फार्मा कंपनी और युवा कांग्रेस नेता ने ड्रग इंस्पेक्टर पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्राइड फार्मा कंपनी और युवा कांग्रेस नेता कैश खुराना ने ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान प्राइड फार्मा कंपनी के प्रतिनिधि रमेश मैठाणी ने बताया कि उन्होंने दवाइयों के निर्माण के लिए लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद उन्हें ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती के शिवालिक नगर स्थित कार्यालय बुलाया गया। जहां कुछ दस्तावेजों और रजिस्टर पर उनसे हस्ताक्षर करवाए गए। रमेश मैठाणी ने आरोप लगाया कि इसके बाद उन्हें एक व्हाट्सएप नंबर देकर पैसे देने की मांग की गयी। जिस पर उन्होंने कई बार ऑनलाइन पैसे किए। रमेश मैठाणी ने यह भी आरोप लगाया कि लाइसेंस प्रक्रिया के दौरान उनसे लाखों रुपये लिए गए। उन्होंने बताया कि लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में अनियमिताएं होने की जानकारी विभाग के अधिकारियों एवं





भाजपा प्रतिनिधियों को भी दी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस नेता कैश खुराना ने कहा कि सरकार और प्रशासन को जिन नंबरों पर रमेश मैठाणी द्वारा ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। उनकी गहरायी से जांच करानी चाहिए। साथ ही लंबे समय से हरिद्वार में तैनात ड्रग इंस्पेक्टर को तत्काल निलंबित कर उनकी संपत्ति की जांच करानी चाहिए। कैश खुराना ने कहा कि यह इकलौता मामला नहीं है। ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय से प्रताड़ित कई अन्य लोग भी जल्द ही सामने आएंगे।

दूसरी और **ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती** ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर उन पर लगाए गए आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि मामला स्टेशनरी सामग्री से संबंधित हैं। जिसके संबंध में सभी तथ्य वे शीघ्र सार्वजनिक करेंगी। उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप झूठे और भ्रामक हैं।

# सोनिया बस्ती में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने करायी मुनादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र के वार्ड 42 स्थित सोनिया बस्ती में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने शनिवार को क्षेत्र में मुनादी करायी। नगर निगम के अनुसार क्षेत्र में गंदगी और सफाई व्यवस्था में आ रही बाधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की और स्पष्ट किया गया है कि वार्ड पार्षद कृतिका सिंह ने सोनिया बस्ती क्षेत्र में गंदगी की शिकायत की थी। शिकायत के पश्चात नगर निगम अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में सामने आया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अवैध रूप से निवास किए जाने के कारण अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है। अतिक्रमण के चलते नगर निगम के सफाई वाहन जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली



आदि क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पा रहे थे। जिसके कारण नियमित और प्रभावी सफाई कार्य बाधित हो रहा था। नगर निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में सोनिया बस्ती क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाकर सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की और से स्थानीय निवासियों से सहयोग करते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की गयी है।

# ऑल इंडिया ओपन क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन 4 अप्रैल से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा प्रथम ऑल इंडिया ओपन हरिद्वार क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष डा. मुकुल बेंजवाल ने बताया कि चार व पांच अप्रैल को भूपतवाला स्थित निष्काम सेवा ट्रस्ट में आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता सात राउंड स्विस प्रणाली के अंतर्गत होगी। जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को तीस मिनट का मुख्य समय तथा प्रत्येक चाल पर तीस सेकंड की वृद्धि दी जाएगी। टूर्नामेंट के लिए एक लाख रूपए की पुरूस्कार राशि तय की गयी है। मुकुल बेंजवाल ने बताया कि ओपन वर्ग के अतिरिक्त महिला, वरिष्ठ नागरिक, अनरेटेड खिलाड़ियों तथा विभिन्न जूनियर आयु वर्गों के लिए भी पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। टूर्नामेंट संचालन एवं तकनीकी व्यवस्था की जिम्मेदारी उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन के सचिव सीनियर नेशनल आर्बिटर राहुल बत्रा संभालेंगे। मुकुल बेंजवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हरिद्वार एवं आसपास के क्षेत्र में शतरंज के खेल को बढ़ावा देना तथा खिलाड़ियों को क्लासिकल प्रारूप में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करना है। जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के आयोजन में स्थानीय खेल प्रेमियों का सहयोग भी मिल रहा है। विशेष रूप से शेप-अप फिटनेस जिम के मालिक सौरव सिंह द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सराहनीय सहयोग दिया जा रहा है।

# तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आया युवक, हादसे में गंवाया पैर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से होटल के सिक्योरिटी सुपरवाइजर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका पैर बुरी तरह कुचल गया, जिसके बाद सर्जरी के दौरान चिकित्सकों को पैर काटना पड़ा। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में बद्री विहार कॉलोनी निवासी रेणू त्यागी ने बताया कि उनके ससुर राजपाल त्यागी क्रिस्टल गंगा होटल में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। 26 मार्च की शाम करीब सात बजे ड्यूटी समाप्त कर वह बाईपास रोड से सिंहद्वार की ओर पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान सहगल पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर ने लापरवाही से उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनका बायां पैर पूरी तरह कुचल गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उन्हें मेला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया, जहां सर्जरी के दौरान उनका बायां पैर काटना पड़ा।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर डंपर चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी राहुल कुमार, विजयेता पुत्र स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार और पल्लवी सिंह पुत्री स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार निवासी ग्राम अधोईवाला पट्टी अधोईवाला तहसील व जिला देहरादून का एक संपत्ति पर मालिकाना अधिकार है। यह संपत्ति स्थित पुराने खसरा संख्या 186/3 तथा नए खसरा संख्या 1341, 1338, 1342 और 1312 से संबंधित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2984 वर्ग फुट है, जो अजबपुर कलां, परगना सेंट्रल दून, जिला देहरादून में स्थित है। इसमें भूतल पर 1790 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्र तथा प्रथम तल पर 1000 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्र है, और कुल निर्मित क्षेत्र 2790 वर्ग फुट है। यह संपत्ति राहुल कुमार, विजयेता व पल्लवी सिंह को अपने पिता प्रवीण कुमार की मृत्यु के बाद बतौर विरासतन प्राप्त हुयी थी। इस संबंध में 3/3/2022 को उत्तरजीवी प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है। यदि उक्त मामले में किसी भी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई भी आपत्ति/दावा हो तो अद्योहस्ताक्षरी को सात दिन के सूचित करें। सात दिन के बाद किस भी आपत्ति/दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
कुलदीप कुमार सैनी, अधिवक्ता, शॉप नंबर-46 प्रथम तल, जिला परिषद मार्केट, ज्वालापुर, तहसील हरिद्वार, संपर्क- 8077706127 92595648

# ईद मिलन कार्यक्रम में हरीश रावत ने भाजपा पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव बादशाहपुर स्थित शालीमार गार्डन में कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत द्वारा मोहब्बत का पैगाम ईद मिलान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ईद का पैगाम दिया और विद्युत बिल को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। शानिवार को ग्राम बादशाहपुर के एक वेंकट हाल शालीमार गार्डन में ईद मिलान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आपकी सरकार होगी क्योंकि आप जो है उसे सरकार के वास्तविक मालिक के तौर पर रहोगे। कहा कि भाजपा संविधान को कमजोर करने में लगी है।





इस दौरान विधायक अनुपमा रावत ने विद्युत कनेक्शन को लेकर भाजपा को निशाना बनाया। उनका कहना है कि भाजपा सरकार गरीब लोगों के विद्युत कनेक्शन काटकर उनके घरों में अंधेरा कर रही है। कहा कि मेरी विधानसभा में सबसे अधिक छापेमारी की जा रही है। इतना ही जिन उपभोगताओं का पांच हजार का बिल है उनके भी कनेक्शन काट दिए गए है जो हम कभी बर्दास्त नही करेंगे। कहा कि जिन गरीबो के कनेक्शन काटे गए है उनके हक की लड़ाई में लड़ने का काम करूंगी। इस दौरान कार्येक्रम में सेकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्रकार हितों का संरक्षण ही लक्ष्य : धर्मेंद्र चौधरी

**प्रेस क्लब कार्यकाल उपलब्धियों से भरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी और महामंत्री दीपक मिश्रा का कार्यकाल उपलब्धियों, नवाचार और पत्रकार हितों के संरक्षण का प्रतीक रहा। इस दौरान पुरानी समस्याओं के समाधान के साथ कई स्थायी कार्य धरातल पर उतारे गए। पत्रकारों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए 11 किलोवाट सोलर प्लांट लगाया गया। जल समस्या के समाधान हेतु पानी की क्षमता 2000 से बढ़ाकर 6000 लीटर की गई और सबमर्सिबल वाटर कूलर की व्यवस्था की गई। परिसर के सौंदर्यकरण के साथ भवन में सीढ़ियां, स्टील रेलिंग, पुस्तकालय रंग-रोगन, वाई-फाई, कंप्यूटर और



सीसीटीवी जैसी आधुनिक सुविधाएं जोड़ी गईं। वरिष्ठ पत्रकारों के सम्मान में फोटो गैलरी स्थापित की गई, वहीं मेधावी बच्चों को 20 से 50 हजार रुपये तक की सहायता देने का निर्णय लिया गया। पत्रकार कल्याण कोष से जरूरतमंदों को भी मदद दी गई। सामाजिक गतिविधियों में बद्रीनाथ धाम यात्रा, "एक शाम शहीदों के नाम", स्वास्थ्य शिविर, ट्रैक सूट व हेलमेट वितरण और हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पर आयोजन शामिल रहे।

अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि पत्रकारों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और भविष्य में भी इसी दिशा में कार्य जारी रहेगा।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम स्वामी सहजानन्द पुरी शिष्य ब्रह्मलीन स्वामी संतोषानंद पुरी है और पैन कार्ड व आधार कार्ड में मेरा नाम स्वामी सहजानंद है जो शिष्य ब्रह्मलीन स्वामी संतोषानन्द पुरी है। भविष्य में मुझे स्वामी सहजानन्द पुरी के नाम से ही जाना, पहचाना और पुकारा जाए। पूर्व नाम स्वामी सहजानन्द और वर्तमान नाम स्वामी सहजानन्द पुरी दोनों मेरे ही नाम हैं। स्वामी सहजानन्द पुरी शिष्य ब्रह्मलीन स्वामी संतोषानन्द पुरी अद्वैत स्वरूप, अनमोल आश्रम, ज्वालापुर, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# जमरानी, लखवाड परियोजना होगी गेमचेंजर, दोगुनी से अधिक होगी सिंचित भूमि

**उत्तराखंड में जलवायु परिवर्तन का सिंचाई पर प्रभाव को लेकर मांगी गई थी जानकारी**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में जमरानी और लखवाड परियोजना हर खेत को पानी देने में साबित होगी गैंचेजर, दोगुनी से अधिक हो जाएगी सिंचित कृषि भूमि। केंद्र द्वार प्राप्त जानकारी अनुशार, वर्तमान में सतही लघु सिंचाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से लगभग 64 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि हो रही सिंचित। केंद्र द्वारा बताया गया कि उनका विशेष ध्यान, सिंचाई की दृष्टि से प्रदेश के 7 अत्यंत उच्च जोखिम और 2 उच्च जोखिम की श्रेणी में आने वाले जिलों पर है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा सदन में उत्तराखंड में जलवायु परिवर्तन का सिंचाई पर प्रभाव को लेकर मांगी गई थी जानकारी। जिसके जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने जलवायु परिवर्तन के प्रति राष्ट्रीय नवाचार परियोजना के अंतर्गत अंत.रसरकारी जलवायु परिवर्तन पैनल आईपीसीसी प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए उत्तराखंड सहित भारतीय कृषि के जलवायु परिवर्तन के जोखिम और संवेदनशीलता का आकलन किया। कुल 109 जिलों को अत्यंत उच्च जोखिम वाली श्रेणी में और 201 जिलों को अत्यधिक जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। उत्तराखंड में, उत्तरक.शी, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा और चंपावत जिले अत्यंत उच्च जोखिम वाली श्रेणी में आते हैं, जबकि चमोली और पौड़ी गढ़वाल उच्च जोखिम वाली श्रेणी में आते हैं और नमी की कमी/सूखे के प्रति संवे.दनशील हैं। वर्ष 2015-16 में सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की, जिसका उघ्देश्य खेतों में पानी की वास्तविकता उपलब्धता बढ़ाना, सुनिश्चित सिंचाई के अंतर्गत कृषि योग्य क्षेत्रों का विस्तार करना, खेतों में जल उपयोग की दक्षता में सुधार करना, सतत जल संरक्षण पद्धतियों को कार्यान्वित करना आदि था। पीएमकेएसवाई के एआईबीपी घटक के तहत, जमरानी बांध बहुउघ्देशीय परियोजना और लखवाड बहुउघ्देशीय राष्ट्रीय परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है, जिनकी लक्षित सिंचाई क्षमता क्रमश: 57.07 हजार हेक्टेयर और 33.78 हजार हेक्टेयर है। इनसे उत्तराखंड राज्य को लाभ होता है और मानसून के दौरान जल भंडारण और कम सिंचाई वाले मौसम में इसके नियमित उपयोग में सुविधा मिलती है, जिससे वर्षा पर निर्भरता कम होती है। पीएमकेएसवाई-हर खेत को पानी के तहत, उत्तराखंड में अब तक सतही लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत लगभग 29.92 हजार हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित की गई है। इसके अलावा, पीएमकेएसवाई के भूमि संसाधन विभाग द्वारा वाटरशेड विकास घटक का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों में मुख्य रूप से मेड़ क्षेत्र उपचार, जल निकासी लाइन उपचार, मृदा एवं नमी संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पौध संवर्धन, चारागाह विकास, सूक्ष्म सिंचाई सहायता सहित उत्पादन प्रणाली सहायता, संपत्तिहीन व्यक्तियों के लिए आजीविका आदि शामिल हैं। उत्तराखंड में वर्ष 2015-16 से 2021-22 के दौरान 62 वाटरशेड विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 2021-26 के दौरान डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई-2.0 के तहत 15 वाटरशेड विकास परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग वर्ष 2015-16 से देश में प्रति बूंद अधिक फसल योजना कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों के माध्यम से खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना है।

उत्तराखंड में इस योजना की शुरुआत से अब तक 35647 हेक्टेयर क्षेत्र सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत कवर किया गया है।

# गढ़वाल सभा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**मैक्स हॉस्पिटल देहरादून की ओर से किया गया आयोजन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सभा भवन दिनकर विहार में पछवादून गढ़वाल सभा एवं व्यापार मंडल विकासनगर के संयुक्त सहयोग से मैक्स हॉस्पिटल देहरादून द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया।

शिविर में मैक्स हॉस्पिटल देहरादून की डॉक्टर सृष्टि गुप्ता, मार्केटिंग मैनेजर प्रदीप कुमार एवं मेडिकल स्टाफ की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया।

इस दौरान बीपी, शुगर, पीएफटी एवं ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गई और मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर में कुल 102 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञों से सलाह ली। शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और प्रारंभिक स्तर पर बीमा.रियों की पहचान सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर पछवादून गढ़वाल सभा के अध्यक्ष रोशन नेगी, सचिव लक्ष्मी कोठियाल, कोषाध्यक्ष सुभाष ममगाईं, व्यापार मंडल विक.ासनगर के अध्यक्ष संजय गुप्ता सहित अनूप सिंह रावत, जीवन सिंह सजवान, नीरज ठाकुर, अजय जुयाल, नरेश पैन्यूली, हिमकर गुप्ता, गिरीश सप्पल, त्रिलोक सिंह रावत, अरुण मित्तल, हरीश अरोड़ा, सुमन मोहन ममगाईं, हेमचंद्र सकलानी एवं सुरेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार किए गए वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नगर पालिका परिषद् विकास नगर के सभागार में 14 मार्च को आयोजित हुई 'पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता' विषयक चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को आज पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल एवं एनफील्ड स्कूल, विकासनगर के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था।

कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से स्वच्छता, प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभाव और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को (प्रथम) रिधिमा पैनुली,(द्वितीय) अनुष्का, (तृतीय) नैंसी राणा एवं (प्रोत्साहन) निश्का निषाद द एनफील्ड स्कूल एवं (प्रथम) वरनी राणा, (द्वितीय) मानवी गुप्ता, (तृतीय) आध्या तोमर एवं (प्रोत्साहन) लक्ष्य भारद्वाज, ऊमा चुग सैंट मैरी कान्वेंट स्कूल को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरज बौबी नौटियाल, अभियंता गुलाब सिंह पंवार एवं मोहित पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश रावत और अभिषेक पांचाल सहित अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में विजेता छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ टेक्नो का नया स्मार्टफोन लॉन्च

**देहरादून।** भारत के पास कोई श्पॉजश बटन नहीं है, और न ही इसे आगे बढ़ाने वाले लोगों के पास। टेक्नो में, हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी को भी इसी रफ्तार से कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। टेक्नो स्पार्क 50 5जी को भारतीय जीवन के अनिश्चित प्रवाह के लिए बनाया गया है - जहाँ लंबे दिन, लगातार भाग-दौड़ और वास्तविक दुनिया की चुनौतियाँ सामान्य बात हैं। लंबे सफर से लेकर धूल, गिरने और अचानक होने वाली मॉनसून की बारिश तक - यह डिवाइस हर स्थिति में आपका साथ देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबा.इल इंडिया के सीईओ अरिजीत तलापात्रा ने कहा, टेक्नो स्पार्क 50 5जी के साथ, हम तकनीकी शब्दों से आगे बढ़कर उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो असल दुनिया में वास्तव में मायने रखती हैं। प्रकृति के प्रीमियम शेड्स से प्रेरित टेक्नो स्पार्क 50 5जी फैंटेसी पर्पल, मिंट ग्रीन, शैम्पेन गोल्ड और इंक ब्लैक रंगों में उपलब्ध है।इसे आईपी 64 प्रो प्रोटेक्शन के साथ मजबूत बनाया गया है।

# वीकेंड पर चकराता में उमड़ी सैलानियों की भीड़

**पर्यटन कारोबार को मिली नई रफ्तार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** वीकेंड आते ही पर्वतीय पर्यटन स्थल चकराता एक बार फिर सैलानियों से गुलजार नजर आया। शनिवार को छावनी बाजार सहित टाइगर फॉल, देवबन, लोखंडी और आसपास के अन्य दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में रौनक का माहौल बना रहा।

दोपहर होते-होते पर्यटकों का पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। सुहावने मौसम, ठंडी हवाओं और प्राकृतिक सुंदरता के बीच सैलानियों ने जमकर लुत्फ उठाया। पर्यटक विभिन्न स्थलों पर फोटोग्राफी, ट्रैकिंग और पिकनिक का आनंद लेते नजर आए, जिससे पर्यटन स्थलों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से स्थानीय पर्यटन कारोबार को भी खासा लाभ मिला है। होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी सेवा और छोटे व्यापारियों के व्यवसाय में वीकेंड के दौरान अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई। स्थानीय व्यापारियोंकृदेवेंद्र सिंह, शूरवीर सिंह, अनिल चौहान, रविंद्र रावत और अशोक गोयलकृने बताया कि शनिवार को पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ, जिससे सभी संबंधित व्यवसायों को फायदा पहुंचा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, चकराता का शांत वातावरण, हरियाली से भरपूर वादियां और ठंडा मौसम मैदानी क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। उनका मानना है कि यदि इसी तरह पर्यटकों का रुख बना रहा, तो आने वाले समय में क्षेत्र का पर्यटन उद्योग और अधिक सशक्त होगा।

# आपदा प्रबंधन को उपलब्ध कराए गए छह नए वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी में आपदा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए राजस्व विभाग को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से वाहनों की कमी से जूझ रहे विभाग को अब छह नए बोलेरो वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे आपदा के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी।

जनपद की विभिन्न तहसीलों में पर्याप्त वाहनों का अभाव होने के कारण अधिकारियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आपात स्थिति में विभागीय वाहन उपलब्ध न होने पर टैक्सी वाहनों का सहारा लेना पड़ता था, जिससे राहत कार्यों में देरी होती थी। इसके अलावा एसडीएम, तहस.ीलदार और नायब तहसीलदार जैसे अधिकारियों को नियमित कार्यों के दौरान भी आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ती थी। इन समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद जनवरी माह में धनराशि स्वीकृत की गई और अब योजना के तहत छह नए वाहन विभाग को सौंप दिए गए हैं। जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि इन वाहनों का प्राथमिक उपयोग आपदा राहत कार्यों में किया जाएगा। इससे संबंधित अधिकारी और कर्मचारी आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तेजी से पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेंगे। प्रशासन का मानना है कि नए वाहनों की उपलब्धता से न केवल आपदा प्रबंधन में सुधार होगा, बल्कि विभागीय कार्यों की गति भी तेज होगी।

**न्यायालय असिस्टेट कलक्टर महोदय, नई टिहरी, टिहरी गढवाल।**
**राजस्व वाद सं.-39/2024-2025**
**धीरज प्रसाद आदि**
**बनाम**
**यशपाल सिंह आदि**

**नोटिस बनाम**-1. प्रतिवादी सं.-1 यशपाल सिंह पुत्र स्व.राम सिंह। 2. सं. -3 विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व .सोबन सिंह 3. सं.-9 श्रीमती शान्ता देवी पत्नी स्व . प्रेम सिंह। 4. चन्द्र सिंह पुत्र कुवंर सिंह 5.भूरिया पुत्र भागीरथ। 6. सं.-26 जितेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्र सिंह। 7. नरेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्र सिंह। 8. चन्द्रा देवी पत्नी इन्द्र सिंह। 9. धनवीर पुत्र स्व. पदम सिंह। 10. रामेश्वरी देवी पत्नी पदम सिंह। 11. मकान सिंह पुत्र स्व. बनवारी सिंह। 12. विशाल सिंह पुत्र स्व. बनवारी सिंह। 13. कुशाल सिंह पुत्र स्व. बनवारी सिंह। 14. रामेश्वरी देवी पत्नी बनवारी सिंह। 15. मनोज पुत्र स्व. किशन सिंह। 16. रणजीत सिंह पुत्र स्व. किशोर सिंह। 17. सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. सोबन सिंह। 18. श्रीमती वच्चू पत्नी स्व. सोहन सिंह। 20. पप्पू पुत्र सूरत सिंह। 21. टिप्पू पुत्र स्व. सूरत सिंह। 22. जितेन्द्र सिंह पुत्र किशन सिंह 24. मानेद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह। 25. गोपाल सिंह पुत्र स्व. सूरत सिंह। 26. राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. सूरत सिंह। 27. युद्धवीर सिंह पुत्र स्व. सूरत सिंह। 28. चतर सिंह पुत्र धनसिंह। 29. जगत सिंह पुत्र किडू। 30. सरस्वती देवी पत्नी स्व. सुरेन्द्र सिंह। 31. प्रियांशु पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह। 33. धन सिंह पुत्र श्री भगीरथ। 32. लक्ष्मी देवी पत्नी विजेन्द्र सिंह। 34. गैणा सिंह पुत्र श्री कालू सभी निवासी ग्राम थान डोभालुकी,पट्टी बमुण्ड, जिला टि.ग.। 35. श्रीमती पिंकी देवी पत्नी श्री भगवान सिंह पुत्री घन्तू सिंह निवासी लमोली, पट्टी मलेथा, जिला टि.ग.। 36. मगनी देवी पत्नी श्री सत्ये सिंह पुत्री घन्तू सिंह निवासी पशुलोक हरिद्वार,जिला हरिद्वार। 37. जगदीश सिंह पुत्र केदार सिंह निवासी ग्राम थान डोभालुकी,पट्टी बमुण्ड, जिला टि.ग.। 38. 38/1 श्रीमती गीता देवी व प्रतिवादी सं.-38/2 पत्नी /पुत्र स्व. राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम थान डोभालुकी,पट्टी बमुण्ड, जिला टि.ग. हाल निवास लम्बगांव बाजार टि.ग.। 39. सं.-39/1 अनिता देवी प्रतिवादी सं. 39/2 आदित्य एवं प्रतिवादी सं. 39/3 आशीष पत्नी व पुत्रगण स्व. गजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम थान डोभालुकी,पट्टी बमुण्ड, जिला टि. ग. हाल निवास पटागली,पोस्ट घोन्टी, पट्टी कोटी फैगुल, टि.ग.।

चुंकि वादी ने एक रेवेन्यू वाद अन्तर्गत धारा/176 जं.वि. अधिनियम के अन्तर्गत आपके विरूद्ध संस्थित किया है, अतएव आपको सूचित किया जाता है,कि आप या तो स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब भारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर देने में समर्थ हो दिनांक 02 माह 04 सन 2026 को 10 बजे दिन को इस दावे का उत्तर देने के लिये इस न्यायालय में उपसंजात हो और आप प्रतिवादीगण को समाचार पत्रों के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांक 02.04.2026 को समय 10 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाबदावा प्रस्तुत करें,ऐसा न करने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 05 माह 03 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**असिस्टेट कलक्टर महोदय**
**नई टिहरी, टिहरी गढवाल।**

# रौणद रमोली में भागवत कथा में उमडी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी रौणद रमोली के ग्राम पंचायत भरपूर स्थित भैरव देवता मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वक्ता हिंमांशु गैरोला ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से ही मोक्ष का मार्ग मिल जाता है भरपूर गांव की मैती ध्याणियों की ओर से अपने ईष्ट भैरव देवता मंदिर मे आयोजित की गई श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन ध्याणियों की खूब भीड उमडी कथा के दौरान कथा वक्ता हिंमांशु गैरोला ने श्रीमद भागवत कथा का वृतांत सुनाते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से ही मनुष्य अपने समस्त दोषों और पापों से मुक्त हो जाता है जो व्यक्ति कथा को अपने जीवन में उतारता है वह निश्चित रूप से भवसागर से पार हो जाता है उन्होने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार भागवत कथा जीवन के रहस्यों को समझने और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाली मानी जाती है साथ ही पितरों के उद्धार, क्षेत्र में सुख-शांति तथा घर-परिवार में समृद्धि के लिए श्रीमद भागवत कथा सर्वोत्तम मानी गई है उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा के महत्व को समझते हुए इसे जीवन में अपनाने का आह्वान किया इस अवसर मंदिर समिति के संरक्षक केदार सिह कलूडा, भैरव देवता के औतैरिया दिनेश कुमांई, प्रधान आरती कलूडा, संदीप कलूडा हरीश पैन्यूली, नंदकिशोर पैन्यूली, पिंकी कलूडा रावत, ऋतु चौहान, पुलमा देवी, आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सुबोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई टिहरी।** घनसाली प्रवास के दौरान प्रदेश के नवनियुक्त स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगांव का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

शनिवार को निरीक्षण के दौरान मंत्री उनियाल ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई व मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा की। साथ ही उपचाराधीन मरीजों से संवाद कर उनका फीडबैक भी प्राप्त किया। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक मरीज को बेहतर व समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा मंत्री उनियाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी का निरीक्षण किया, जो अस्पताल अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवर्तित होने जा रहा है। उन्होंने पिलखी में बनने जा रहे सामुदायिक स्वास्थ्य की भूमि का भी निरीक्षण किया।

मंत्री उनियाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी टिहरी डा. श्याम विजय को क्षेत्र के सभी अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों, एनएम सेंटरों में पर्याप्त स्टाफ के साथ-साथ जरूरी दवाइयों और गर्भवती महिलाओं का समय-समय पर टीकाकरण करवाने के निर्देश दिए हैं।

# हार से सबक लेकर ही हम और बेहतर बन सकते हैं: आरेंद्र शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** शीशमबाड़ा सेलाकुई स्थित जिज्ञासा यूनिवर्सिटी के फाउंडेशन डे के उपलक्ष में आयोजित खेल महोत्सव में कांग्रेस पार्टी प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, फैकेल्टी समस्त स्टाफ नेयूनिवर्सिटी का प्रशति चिन्ह एवं शॉल उढ़ा कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया, इस मौके पर आरेंद्र शर्मा ने कहा की खेल की भावना में जात-पात का कोई महत्व नहीं होता ना ही इसमें धर्म आडे़ जाता है इसमें प्रतिस्पर्धा दूसरे खिलाड़ी से नहीं स्वयं अपने आप से होती है कि मुझे अपना 100 प्रतिशत देना है इस दौरान उन्होंने अपना वाक्य भी सुनाया कि जिस समय जी यूनिवर्सिटी की स्थापना इससे पूर्व यहां पर की गई थी उस वक्त के भूमि पूजन पर भी वह उपलब्ध थे और आज 23 वर्षों के बाद फाउंडेशन डे पर भी उनको आने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ इसके लिए उन्होंने तमाम जिज्ञासा यूनिवर्सिटी के समस्त स्टाफ को बधाई दी। इस मौके पर वॉइस चां.सलर कृष्ण के मूर्ति, कैप्टन बचन सिंह रावत, ब्लॉक अध्यक्ष अमित पवार, आशा नौटियाल, दीप्ति भारद्वाज, संजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की हडताल छठे दिन भी जारी

**नई टिहरी।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ शाखा टिहरी की अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को छठे दिन भी जारी रही। लोनिवि निरीक्षण भवन टिहरी के सामने इंजीनियर्स ने प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। महासंघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो एक अप्रैल से आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स भी हड़ताल में शामिल हो जाएंगे। इससे आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।

हड़ताल के छठे दिन की अध्यक्षता अंकित सैनी ने की, जबकि संच.ालन आशुतोष बिजल्वाण ने किया। इस दौरान शाखा अध्यक्ष जय प्रकाश भट्ट, जिला पंचायत महासि.चव मोहित रावत, ग्राम्य निर्माण विभाग मंडल उपाध्यक्ष स्वाति चौहान, शक्ति आर्य, ममता पंवार, नीतू चौहान, दुर्गेश कुमार, सुरेंद्र तनवर और नरेंद्र भट्ट समेत विभिन्न तकनीकी विभागों के इंजीनियर्स मौजूद रहे।

महासंघ ने अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार से कार्रवाई की मांग की है। महासंघ ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**सूचना**

मैं No. 15412448M Hav (Chef Com) Sanjay Kumar Singh वर्तमान में 414 फिल्ड अस्पताल गढ़ी कैंट देहरादून में रहता हूं। मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम Sanju Devi गलत दर्ज है, जबकि सही नाम Sweta Devi है आधार कार्ड के अनुसार। इसको दर्ज किया जाए।

**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय टिहरी गढवाल, नई टिहरी**
**मूल वाद स-103**
**सन 2025**
**नरेंद्र सिंह रावत**
**बनाम**
**सुमन देवी**

**नोटिस बनाम**- सुमन देवी पत्नी नरेन्द्र सिंह रावत, निवासी ग्राम रगडा पिपोला पो.ओ. व तहसील जाखणीधार जिला टिहरी गढवाल। हाल पता द्वारा काना पुत्र श्री पप्पू सिंह निवासी शिखर वरना गोविन्दगढ जिला जयपुर राजस्थान।

यह कि इस न्यायालय ने याची नरेन्द्र सिंह रावत द्वारा तलाक याचिका अन्तर्गत धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1956 के तहत आप विपक्षी/रेस्पोडेन्ट (सुमन देवी पत्नी नरेन्द्र सिंह रावत) के विरूद्व प्रस्तुत किया हे, उक्त वाद के सम्बनध में नियत दिनांक 15.04.2006 को आप उक्त वाद के प्रतिवादी/जवाबदाता के सम्बन्ध में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 10 जे न्यायालय में उपस्थित आयं, न्यायालय में उक्त तिथि पर आप उपस्थित नहीं होते है तो आपके विरूद्व एकपक्षीय कर्यवाही अमल में लायी जाएगी।

आज दिनांक 12 माह 03 सन-2026 को मेरे मुद्रा हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय टिहरी गढवाल, नई टिहरी**

# एडवेंचर एवं नेचर स्टडी कैंप में विद्यार्थियों ने सीखे जीवनोपयोगी कौशल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चकराता।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज क्वांसी, चकराता द्वारा दिनांक 27 मार्च 2026 को "एडवेंचर एंड नेचर स्टडी कैंप" कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 40 छात्र-छात्राओं का एक दिवसीय कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कैंप में विद्यालय के प्रधानाचार्य यशपाल राणा एवं व्यायाम शिक्षक जयचंद चौहान भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

कैंप का संचालन "घूमने चलो नेचर स्टडी कैंप, छरबा" संस्था के सहयोग से किया गया, जिसमें विद्यालय के चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रैकिंग एवं विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। यह कैंप विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं यादगार सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सर्वप्रथम रस्साकसी प्रतियोगिता करवाई गई, जिसके पश्चात ट्रैकिंग के गुर सिखाए गए। छात्र-छात्राओं को रस्सी के सहारे कठिन पहाड़ी रास्तों एवं पेड़ों पर सुरक्षित चढ़ना-उतरना भी सिखाया गया। इसके बाद मोइला टॉप पर 'बीज बम' बनाकर वृक्षारोपण का संदेश दिया गया।

कैंप के दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे ट्रैक मार्ग से लगभग 10 बड़े थैलों में कचरा, प्लास्टिक, बोतलें एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य यशपाल राणा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें तथा कैंप का आयोजन करने वाली संस्था को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत सभी प्रतिभागी सायं 5 बजे मोइला टॉप से सुरक्षित वापस विद्यालय पहुंचे।

## गौ रथ यात्रा एक अप्रैल से, जौनसार-बावर में गूंजेगा गौ संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** महासू गौ सेवा सहयोग समिति जौनसार-बावर के तत्वावधान में 1 से 3 अप्रैल तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय चौथी गौ रथ यात्रा को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिल रहा है। यह यात्रा बैराटखाई के समीप स्थित भद्राज खेड़ा गौधाम से शुरू होकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचेगी और गौ सेवा व संरक्षण का संद.ेश जन-जन तक पहुंचाएगी। समिति के संस्थापक आचार्य विपिन जोशी ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 1 अप्रैल को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया जाएगा। पहले दिन यात्रा भद्राज खेड़ा गौधाम से रवाना होकर विभिन्न गांवों से गुजरते हुए महासू महाराज थान, हनोल पहुंच.ेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को डोली और रथ के दर्शन का अवसर मिलेगा। यात्रा के दूसरे दिन, 2 अप्रैल को यह हनोल से आगे बढ़ते हुए मोरी, जरमोला धार, परोला और हुदोली बाजार होते हुए केदार बाबा मंदिर, भटाड गांव पहुंचेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा यात्रा का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा तथा श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर अपनी आस्था प्रकट करेंगे। तीसरे और अंतिम दिन, 3 अप्रैल को यात्रा भटाड से प्रस्थान कर मानथात, गोराघाटी, क्वासी, दावापुल और चकराता होते हुए पुन: भद्राज खेड़ा गौधाम पहुंचेगी, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में गौवंश के संरक्षण और सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं, जिनकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। समिति ने क्षेत्र के लोगों, युवाओं और गौभक्तों से इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने और गौ सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है। यह यात्रा आस्था के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त माध्यम बनेगी।

# सीएम ने प्रदेश में अवस्थापना विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को दी वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में बुनियादी ढांचे एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं उद्यमों को प्रोत्साहन, प्रशास. निक सुदृढीकरण को बढ़ावा देने के साथ ही गंगा कॉरिडोर परियोजना एवं लघु जल विद्युत परियोजनाओं के सुदृढीकरण आदि के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश सरकार के इन निर्णयों से राज्य में विकास, निवेश, पर्यटन, ऊर्जा, खेल एवं प्रशासनिक पारदर्शिता को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को इनका अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।



### राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता योजना से आएगी अवस्थापना सुविधाओं के विकास में तेजी

राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत प्रदेश में विभिन्न विभागों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 150 करोड़ तथा विभिन्न विभागों के अधीन संचालित मेगा प्रोजेक्ट्स के लिए 350 करोड़, की स्वीकृतियों का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया है, इससे राज्य में अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### त्रिवेणी घाट पुनर्विकास को मिली वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति

मुख्यमंत्री द्वारा राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता योजना के अन्तर्गत ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के तहत त्रिवेणी घाट के पुनर्विकास हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित 106.78 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए इसी विशेष सहायता योजना के तहत वर्ष 2025-26 में प्रथम चरण हेतु अतिरिक्त आंवटन के रूप में भारत सरकार द्वारा अवमुक्त 11.37 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया। इस परियोजना से ऋषिकेश में गंगा तट का सौंदर्यीकरण होने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मिली राहत

मुख्यमंत्री द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सहायता योजना के अन्तर्गत वित्तीय प्रोत्साहन के तहत जिला एवं राज्य स्तर पर स्वीकृत 22.82 करोड़ के लंबित दावों की देयताओं के भुगतान हेतु ₹20 करोड़ के पुनर्विनियोग के प्रस्तावों को अनुमा. ेदन प्रदान किया गया है। इससे उद्यमियों को वित्तीय सहायता एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### उप निबंधक कार्यालयों को किया जायेगा आधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाओं से युक्त

प्रदेश के उप निबंधक कार्यालयों की अभिलेखों की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद स्तर पर नीवनीकृत किये जा रहे उपनिबंधक कार्यालयों एवं निर्माणाधीन केन्द्रीय अभिलेखागारों में 24×7 सीसीटीवी सर्विलांस, सेंट्रल मॉनिटरिंग एवं ऑथराइज्ड एक्सेस सिस्टम स्थापित करने हेतु उपनिबंधक कार्यालयों देहरादून, उधमसिंह नगर, हरिद्वार तथा देहरादून मुख्यालय हेतु 3.95 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे उप निबंधक कार्यालयों में अभिलेखों की सुरक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

### चम्पावत में मल्टी स्टोरी पार्किंग एवं सिटी सेंटर निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति

आवास विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा के तहत रोडवेज स्टेशन चम्पावत में आधुनिक सुसज्जित मल्टी स्टोरी पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स (सिटी सेंटर चंपावत) के निर्माण हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित 62.33 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, इससे जनपद चंपावत में यातायात प्रबंधन एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम का उन्नयन

रोशनाबाद स्थित वंदना कटारिया इण्डोर स्टेडियम के कबड्डी हॉल को ए.सी. युक्त बनाने के लिए 1.24 करोड़ का वित्तीय अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### वन भूमि उपयोग की जांच के लिए किया गया एसआईटी का गठन

मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में मुख्यमंत्री के अनुमा. ेदन के उपरांत राज्य में राजस्व विभाग के अधीन आरक्षित वन भूमि जो कि किसी अन्य प्राईवेट संस्थाओं को गैर-वानिकी कार्यों हेतु आवंटित की गई है की जांच हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष जांच टीमों का गठन किया गया है।

### जखाणा लघु जल विद्युत परियोजना के सिविल कार्यों को मिली स्वीकृति

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल स्थित उरेडा की जखाणा जल विद्युत परियोजना के सिविल कार्यों यथा डायवर्जन वीयर, फीडर चौनल, पॉवर चौनल, पावर हाउस आदि कार्यो के लिए जनपद स्तरीय समिति द्वारा औचित्यपूर्ण पाई गई ₹30.48 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम में मा० प्रधानमंत्री जी के संभावित प्रतिभाग एवं जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी सविन बंसल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर व्यापक तैयारियों की समीक्षा की तथा रेखीय विभाग के आला अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा० प्रधानमंत्री के संभावित भ्रमण मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर लें तथा मार्ग पर आवश्यक सौन्दर्यीकरण, डिवाइडर मरम्मत, सड़क सुधार एवं अन्य कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यूपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभावित रूट पर अंडरग्राउंड केबलिंग कार्यों के अंतर्गत सड़क किनारे पड़ी केबलों को तत्काल हटाया जाए, जिससे आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो तथा मार्ग सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बना रहे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मंच निर्माण, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, मोबाइल शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जाए। नगर निगम को कार्यक्रम स्थल एवं संभावित रूट पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मा० प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में संभावित रूट पर चल रहे समस्त निर्माण कार्यों हेतु पूर्व में दी गई अनुमतियां कार्यक्रम तक तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं, ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए तथा कहा कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम प्रवीन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के. मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, अपूर्वा सिंह, कुमकुम जोशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

# विधालय शिक्षा परिषद से मान्यता के बाद ही चला सकेंगे मदरसे



प्राधिकरण की धारा 14 के तहत लेनी होगी मान्यता

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों को धार्मिक शिक्षा देने के लिये पहले विधालय शिक्षा परिषद रामनगर से मान्यता लेनी होगी, तभी अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण धारा 14 के तहत मान्यता प्रदान करेगा।

शनिवार को देहरादून जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जे एस रावत ने पूर्व में मान्यता प्राप्त मदरसों की पहली बैठक बुलाई थी, जिसमें उन्हाने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद को समाप्त करने का निर्णय लेते हुए उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया है। उन्होने बता कि पहले मान्यता प्राप्त मदरसों को भी फिर से मान्यता लेनी होगी। बैठक में नए एक्ट को आसान भाषा में समझाया गया और खासतौर पर धारा 14 के तहत मान्यता लेने की प्रक्रिया की जानक. ारी दी गई।

संस्थानों ने अपनी समस्याओं और प्राधिकरण की जटिलताओं की और ध्यान दिलाया।

प्राधिकरण की धारा 4 के तहत जो मदरसे पहले से उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं, वे सत्र 2025-26 तक अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। लेकिन सत्र 2026-27 से धार्मिक शिक्षा चलाने के लिए उन्हें पहले शिक्षा विभाग और फिर प्राधिकरण से दोबारा मान्यता लेनी होगी।

# गैस, ईंधन व आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति, पैनिक न हों: सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर राज्य में गैस, ईंधन एवं अन्य आवश्यक कमोडिटीज की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में घरेलू एवं कमर्शियल गैस की उपलब्धता, अस्पतालों, शैक्षिक संस्थानों एवं उद्योगों की आवश्यकताएं, आगामी चारधाम यात्रा के दौरान संभावित बढ़ती मांग, उर्वरकों की स्थिति, पीएनजी पाइपलाइन विस्तार, सीएनजी आपूर्ति, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर नियंत्रण, अफवाह प्रबंधन तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर बैठक में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम व एल एल फैनई सहित वरिष्ठ अधिकारी, राज्य स्तरीय समन्वयक तेल कंपनी, आईओसी/ बीपीसीएल/ एचपीसीएल के राज्य स्तरीय अधिकारी सचिवालय सभागार में उपस्थित थे तथा जनपदों से जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित थे।



### जनमानस को राहत कोई कमी नहीं, पैनिक न करें

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य में गैस व अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अनावश्यक पैनिक होने से बचें।

### वैश्विक चुनौती को अवसर में बदलने का आह्वान

उन्होंने कहा कि विदेशी आयात पर निर्भरता कम करने और 2070 तक कार्बन न्यूट्रल लक्ष्य प्राप्त करने हेतु यह समय ग्रीन एनर्जी की ओर तेजी से बढ़ने का है। उन्होंने सभी विभागों को घरेलू, औद्योगिक एवं परिवहन क्षेत्रों में वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के निर्देश दिए।

चारधाम यात्रा के लिए विशेष तैयारी मुख्य सचिव ने पर्यटन व पूर्ति विभाग को निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ने वाली गैस की अतिरिक्त मांग का सटीक आकलन कर प्लान बनाएं। केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर अतिरिक्त ईंधन के मांग की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराएं।

### कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ी कार्रवाई

गैस, कच्चा तेल एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में विशेष निगरानी और सर्विलांस बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

### उर्वरक वितरण में पारदर्शिता

मुख्य सचिव ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि यूरिया का अनावश्यक भंडारण न किया जाए तथा एग्रीटेक, फार्मर रजिस्ट्री और वास्तविक खेती के आंकड़ों को मैच करते हुए उर्वरक वितरण को लिंक कर दुरुपयोग रोका जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीएनजी पाइपलाइन से संबंधित अनुमति तुरंत प्रदान की जाए। फार्मा सहित विभिन्न उद्योगों में पाइपलाइन आधारित गैस उपयोग और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दें।

### नियमित प्रेस ब्रीफिंग से अफवाहों पर नियंत्रण

जनमानस तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन प्रेस ब्रीफिंग आयोजित करने के निर्देश दिए गए, जिससे अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

### ग्रीन एनर्जी को मिलेगा बढ़ावा

मुख्य सचिव ने पीरूल ब्रिकेट, बायोगैस प्लांट, सोलर चूल्हे एवं सोलर कुकर को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। नगर निकायों को बायोगैस प्लांट अनिवार्य रूप से बढ़ाने तथा ऊर्जा विभाग को वैकल्पिक ऊर्जा के विस्तार के लिए तेजी से कार्य करने को कहा गया।

### परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर

सरकारी एवं निजी परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने तथा ट्रांसपोर्ट सेक्टर को ग्रीन एनर्जी आधारित बनाने के निर्देश दिए गए।

### प्रवासी उत्तराखंडियों के लिए सहायता तंत्र

खाड़ी देशों एवं मिडिल ईस्ट में फंसे नागरिकों की सहायता हेतु टोल-फ्री नंबर जारी करने के निर्देश देते हुए विशेष सचिव निवेदिता कुकरेती को राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया तथा जिलों में भी नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए।

### सप्लाई चेन पर कड़ी निगरानी

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों एवं वितरकों पर नियमित निगरानी रखी जाए, स्टॉक रजिस्टर की दैनिक जांच हो तथा आपूर्ति में असंतुलन होने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। शादी समारोह जैसे अवसरों के लिए भी अतिरिक्त गैस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# आईएमटी के विद्यार्थियों ने किया अच्छा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के यूजी पाठ्यक्रम बीबीए एवं बीसीए के विगत दिवस आए पंचम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन को दो. हराया है। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि बीसीए पाठ्यक्रम के परिणामों अदिति चौधरी ने सर्वाधिक 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं नैंसी 74.8 एवं मनोज चौधरी 74 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। वहीं बीबीए पाठ्यक्रम में नेहा कुमारी ने सर्वाधिक 74 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो आयुषी शर्मा 71.1 प्रतिशत एवं रिया खत्री 70.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त शेष अन्य विद्यार्थियों ने भी अपनी-अपनी कक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया सहित समस्त प्रबन्ध समिति ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रुड़की**

UTTARAKHAND

e-mail ID – cdpwdroorkee@yahoo.com | Fax No. : 01332-279215

निविदा सूचना संख्या – 615/2ए0 | दिनांक : 28/03/2026

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूड़की द्वारा निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा **दिनांक 23.04.2026** को आमंत्रित की जाती है। **निविदा प्रपत्र दिनांक 13.04.2026 से दिनांक 22.04.2026 तक** किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा **दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक** इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1. कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सिविल वृत्त लो. नि.वि.हरिद्वार।
2. कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लो.नि.वि., रूड़की।
3. कार्यालय अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार।
4. कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लो.नि.वि., देहरादून।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (3 प्रतिशत) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा में कुमराड़ा मुख्य मार्ग से श्री नाथीराम के खेत की ओर खडण्जा निर्माण कार्य। | 1500.00 + 18% GST | 54500.00 | 90 दिन | 6माह | मार्ग कार्यों हेतु "डी" एवं उच्चत्तर श्रेणी में पंजीकृत |

निविदा **दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 3:00 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोट :-

1. निर्धारित धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी./पासबुक आदि मूल में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रूड़की के नाम बंधक व देय होगी।
2. निविदा प्रपत्र के साथ ₹ 100.00 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर ₹ 1.00 के रेवेन्यू टिकट के साथ निविदा की वैधता हेतु हस्ताक्षर कर कार्य का नाम अंकित करते हुए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
3. निर्धारित निविदा प्रपत्रों का मूल्य एवं जी0एस0टी0 की धनराशि खण्डीय रोकड़िया को अदा किये जाने के उपरान्त निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार क्रय किये जा सकेंगे।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रूड़की**


# स्मार्ट मीटर के विरोध में जनता मुखर

## भीम आर्मी समेत कई संगठनों का धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में शनिवार को स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरने में आज़ाद समाज पार्टी, मूलनिवासी संघ, भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति और माले के कार्यकर्ताओं ने भी समर्थन दिया।



धरने के दौरान एक ज्ञापन प्रबंधक निदेशक, देहरादून के नाम प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि जब से इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाए गए हैं, तब से उपभोक्ताओं के बिलों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। प्रदेश सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगा दी थी, फिर भी इसकी प्रक्रिया जारी रखी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं में भय और असंतोष फैल रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि स्मार्ट मीटर को पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटर के साथ जोड़कर, दोनों मीटरों की रीडिंग जीरो की जाए, ताकि उपभोक्ताओं में विश्वास पैदा हो सके। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि बिना नोटिस दिए और बिना उचित प्रक्रिया के रुपये 2000 का बिल जमा न करने पर कनेक्शन काटे जा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी उपभोक्ता के घरों में स्मार्ट मीटर बिना उनकी अनुमति के न लगाए जाएं और बंद घरों में भी मीटर नहीं लगाए जाएं। जो लोग अपनी इच्छा से स्मार्ट मीटर लगवाना चाहते हैं, उनके पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटरों को तोड़ने की बजाय स्मार्ट मीटर से जोड़ा जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि अगर उपभोक्ताओं की मांगों को अनसुना किया गया, तो भीम आर्मी और सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता तथा आम जनता विद्युत विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। धरने में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के अलावा प्रमुख रूप से सिराज अहमद, शाइन सिद्दीकी, दीपक चनियाल, जमील अहमद, जीवन चंद्र आर्य, महेश चंद्र आर्य, सुलेमान मलिक, रितिक कांत, हरिप्रसाद लोहिया, अनवर अंसारी, सखावत हुसैन, संजय कुमार टम्टा, जीआर आर्य, पी आर टम्टा, आर आर लोहिया, नादिर सैफी, इरशाद हुसैन, जीतराम, खालिद रशीद, खीम चंद्र, मोहन लाल आर्य, सलीम हुसैन, सरफराज अहमद, मोहम्मद आसिफ, फारूक आली, बाबू सैफी, फैज़ान सैफी, साकुल नबी, शरीफ अहमद, आकाश भारती, पंकज अम्बेडकर, और अन्य लोग उपस्थित थे।

# रोस्टर: अब घर-घर पहुंचेगा गैस सिलिंडर

**लालकुआं।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण अब तय रोस्टर के अनुसार सुचारु रूप से किया जाएगा। पूर्ति निरीक्षक मोहित कठायत ने जानकारी दी कि पिछले तीन दिनों से गैस गोदाम में सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित रहने के कारण वितरण व्यवस्था प्रभावित हुई थी, जिससे रोस्टर गड़बड़ा गया और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि अब स्थिति सामान्य हो चुकी है और लालकुआं, बिंदुखत्ता व हल्दूचौड़ सहित सभी क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की नियमित होम डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। उपभोक्ताओं के लिए बुकिंग कराना अनिवार्य होगा। जिन उपभोक्ताओं की ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है, वे संबंधित गैस एजेंसी में जाकर अपनी बुि. कंग कर सकते हैं। पूर्ति निरीक्षक ने अपील की कि सड़कों पर सिलेंडरों की लाइन लगाकर भीड़ न करें, इससे न केवल अव्यवस्था फैलती है बल्कि अन्य उपभोक्ताओं को भी परेशानी होती है। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने और प्रशासन पर विश्वास रखने की अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ताओं तक सिलेंडर उनके घरों तक पहुंचाए जाएंगे। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों से ढलान चक्की क्षेत्र में ग्रामीण गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे थे। मंगलवार को वितरण के आश्वासन के बाद लोग अपने-अपने घर लौट गए। सुरुचि गैस एजेंसी के तय रोस्टर के अनुसार लालकुआं शहर, सीपीपी कालोनी, 25 एकड़, बिंदुखत्ता ट्रॉली लाइन, इंदिरा नगर प्रथम व द्वितीय, हाटाग्राम, संजय नगर समेत हल्दूचौड़ क्षेत्र में भी गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की जाएगी।

# मुंबई इंडियंस का लक्ष्य: मनहूस योग को पीछे छोड़ना

### रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपनी खोई हुई साख वापस पाने की कोशिश करेगा मुंबई

**मुंबई, वार्ता।** जब भी आईपीएल शुरू होता है, मुंबई पर एक अजीब तरह का सस्पेंस छा जाता है। यह सस्पेंस खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर किसी अनिश्चितता से पैदा नहीं होता, बल्कि एक पुरानी आदत की वजह से होता है।

मुंबई इंडियंस, एक ऐसी टीम जिसे ट्रॉफियां जीतने और पूरे सीजन पर अपना दबदबा बनाए रखने की आदत है, हर साल सीजन की शुरुआत में अपने ही इतिहास के एक दबे हुए बोझ के साथ मैदान पर उतरती है – यह बोझ है शुरुआती मैच जीतने में उनकी लगातार नाकामी का। अब यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रह गया है, बल्कि एक अंधविश्वास बन गया है जो पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। रविवार शाम वानखेड़े स्टेडियम में, उन रोश. नियों के नीचे जिन्होंने कई रोमांचक मैच देखे हैं, मुंबई इंडियंस एक बार फिर इस कमी को दूर करने की कोशिश करेगी। उनके विरोधी, कोलकाता नाइट राइडर्स, शायद ऐसी कहानियों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। वे इस मैच को मुंबई के लिए अपनी खोई हुई साख वापस पाने का कोई अनुष्ठान नहीं मानेंगे, बल्कि इसे एक मौके के तौर पर देखेंगे – एक सीधा, साफ और बिना किसी भावुकता वाला मौका – टूर्नामेंट की शुरुआत में ही बढ़त बनाने और एक मजबूत टीम को उसके अपने ही घरेलू मैदान पर बैकफुट पर धकेलने का मौका। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई की टीम के पास उम्मीदें भी हैं और अनुभव भी। उनकी बैटिग लाइन. अप में एक जानी-पहचानी मजबूती है( यह एक ऐसी लाइन. अप है जो एक छोटे से स्कोर को भी एक बड़े और मजबूत स्कोर में बदल सकती है, या फिर किसी भी बड़े लक्ष्य का पीछा इतनी आसानी से कर सकती है, जैसे कि यह कोई पहले से की गई रिहर्सल हो। टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा की मौजूदगी टीम को एक शांत और मजबूत आधार देती है, वहीं सूर्यकुमार यादव अपनी अनोखी और अलग तरह की बैटिग शैली के साथ टी20 क्रिकेट के आधुनिक चेहरे को दिखाते हैं – निडर, नए-नए प्रयोग करने वाले, और अक्सर गेंदबाजों को हैरान कर देने वाले। पंड्या खुद इस टीम की दोहरी भूमिका को बखूबी निभाते हैं: एक आक्रामक बल्लेबाज और एक चतुर कप्तान, जिनसे ऐसे अहम मौकों पर टीम के लिए योगदान देने की उम्मीद की जाती है, जब हिम्मत और सूझबूझ, दोनों की जरूरत होती है। उनके आस-पास तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी और मैच को फर्निश करने वाले अन्य विकल्प टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह पक्का हो जाता है कि मुंबई का मिडिल या लोअर ऑर्डर शायद ही कभी कमजोर पड़ता है। उनकी गें. दबाजी में भी एक ऐसी मजबूती है, जिसकी हर कोई इज्जत करता है। जसप्रीत बुमराह, अपनी अचूक गेंदबाजी और दबाव में भी बेहत. रीन प्रदर्शन करने की काबिलियत के साथ, एक ऐसे गेंदबाज हैं जो सिर्फ एक ही ओवर में पूरे मैच का रुख बदल सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट की स्विग और दीपक चाहर की कसी हुई गेंदबाजी का साथ मिलने से, मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण सिर्फ कामचलाऊ नहीं, बल्कि बेहद धारदार और असरदार बन जाता है। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कम निश्चितताओं और ज्यादा सवालों के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। अजिक्य रहाणे की कप्तानी में-जो अपनी शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, न कि दिखावे के लिए-टीम में खिलाड़ियों और सोच, दोनों में बदलाव आए हैं। उनकी बैटिग लाइनअप में आक्रामकता और स्थिरता का बेहतरीन मेल है( इसमें ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो विस्फोटक पारियां भी खेल सकते हैं और संभलकर पारी को आगे भी बढ़ा सकते हैं। फिन एलन, सुनील नारायण और रिकू सिंह इसी विस्फोटक मिश्रण का प्रतिनिधित्व करते हैं-वे शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन उतना ही उनकी टाइमिग और पिच के हालात पर भी निर्भर करता है। कोलकाता के लिए चुनौती सिर्फ उनकी बैटिंग में ही नहीं, बल्कि उनकी बॉलिग में भी है। उन्हें ऐसी पिच पर खेलना होगा जो पारंपरिक रूप से स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है।

# 2026 टूर पर मेरा आखिरी सीजन होगा: गोफिन

**नई दिल्ली, वार्ता।** बेल्जियम के डेविड गोफिन ने घोषणा की है कि 2026 एटीपी टूर पर प्रतिस्पर्धा करने का उनका आखिरी सीजन होगा। 35 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट में इस फैसले की पुष्टि की। गोफिन , जो एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 7 खिलाड़ी रह चुके हैं, छह बार के टूर-स्तरीय चैंपियन हैं और उनका मैच रिकॉर्ड 357-275 है। गोफिन ने वीडियो में कहा, ष्कुछ फैसले लंबे समय तक आपके साथ रहते हैं।



मैंने इस खेल के लिए अपना सब कुछ दे दिया है, और टेनिस ने मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया है जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। मैच, मुकाबले, जीत, हार। भावनाएं। वे लोग जो इन सबमें मेरे साथ थे। और इसीलिए यह मेरी जदिगी के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक रहा है। इस बेल्जियम खिलाड़ी ने अब तक शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 21 जीत हासिल की हैं, जिनमें रोजर फेडरर के खिलाफ एक जीत, राफेल नडाल के खिलाफ दो जीत और नोवाक जोकोविच के खिलाफ एक जीत शामिल है। हाल ही में, गोफिन ने मियामी ओपन में कार्लोस अल्काराज को हराया था।

## खेल विशेष

### इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी मेसी के नाम पर स्टैंड का नाम रखा

**फ्लोरिडा, वार्ता।** अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के मौजूदा क्लब इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखा है। 38 वर्षीय मेसी, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ यूरोप में ट्रॉफियों से भरे करियर के बाद 2023 में इस एमएलएस क्लब के साथ करार किया था। वह इस फ्लोरिडा क्लब के लिए 82 गोल के साथ रिकॉर्ड गोल करने वाले और 53 असिस्ट के साथ रिकॉर्ड असिस्ट देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। क्लब ने अपने 26,700 दर्शकों की क्षमता वाले नए स्टेडियम में एक सक्रिय खिलाड़ी को इस तरह सम्मानित करने का एक अनोखा कदम उठाया है। इंटर मियामी ने कहा: ष्परंपरागत रूप से, सम्मान अतीत की ओर देखते हैं। वे पुरानी यादों से बनते हैं। स्मृतियों से।

### नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में 'लक्ष्य 3.0' स्पोर्ट्स फेस्ट का सफल समापन

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'लक्ष्य 3-0' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर के 37 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस वर्ष प्रतियोगिता में 3 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिटन, कबड्डी, आर्म रेसलिग और महिला बॉक्स क्रिकेट जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन डा. देवेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन एवं समापन समारोह में कुलपति प्रो- (डा.) उमा भारद्वाज और रजिस्ट्रार डा. मुकेश पराशर की गरिमामई उपस्थिति रही।

# स्टेफनी टेलर की सेंचुरी के बावजूद विंडीज हारा, ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बनाई

**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सेंट किट्स में पहले मैच में वेस्ट इंडीज पर 103 रनों की आसान जीत के साथ, सोफी मोलिन्यू के वनडे कप्तान के तौर पर कार्यकाल की शुरुआत की। मेहमान टीम ने 341 रन बनाए और फिर वेस्ट इंडीज को 238/8 पर रोक दिया,

जबकि स्टेफनी टेलर ने 105 रन बनाकर नाबाद रहीं। बैटिग करने का फैसला करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 75 रनों की ओप. निंग पार्टनरशिप के साथ मजबूत शुरुआत की। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फीबी लिचफील्ड ने 72 गेंदों में 77 रन बनाकर पारी को संभाला, इस दौरान वेस्ट इंडीज ने उन्हें दो बार कैच छोड़ने का मौका दिया। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर लय बनाए रखी, लेकिन कुछ विकेट गिरने के बाद रन बनाने की गति थोड़ी धीमी हो गई। नंबर 4 पर बैटिग करते हुए मोलिन्यू, डेब्यू करने वाली ताहलिया विल्सन द्वारा स्टंपिग के दो मौकों से बच गईं और निकोला कैरी के साथ 91 रनों की पार्टनरशिप में 47 रन बनाए, निक. ोला कैरी ने खुद 49 रन बनाए। इस पार्टनरशिप के अलावा, जॉर्जिया वेयरहम (42) के आखिर में दिए गए योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को 300 के पार पहुंचाया और उन्हें एक मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। अफी फ्लेचर ने तीन विकेट लिए, लेकिन अपने 10 ओवरों में 83 रन खर्च किए। वेस्ट इंडीज को एक बड़े लक्ष्य का पीछा करना था, लेकिन उन्होंने कप्तान हेली मैथ्यूज सहित शुरुआती विकेट जल्दी खो दिए और जल्द ही मैच में पीछे रह गए। स्टेफनी टेलर ने एक नाबाद सेंचुरी के साथ पारी को संभाले रखा-यह 2021 के बाद उनकी पहली वनडे सेंचुरी थी-लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास मदद नहीं मिली। चिनले हेनरी के 38 रन वेस्ट इंडीज की ओर से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। किम गार्थ सबसे बेहतरीन गें. दबाज रहीं और उन्होंने दोनों ओपनर्स को आउट किया, उन्होंने 37 रन देकर 3 विकेट लिए। 16वें ओवर में एश्ले गार्डनर ने डियांड्रा डॉटिन को रन आउट कर दिया, और भले ही चिनले हेनरी और टेलर ने चौथे विकेट के लिए 73 रन जोड़े, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पूरे मैच के दौरान हावी रहा। गार्डनर ने भी 2 विकेट लेकर टीम में योगदान दिया।

# धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दिग्गज बल्लेबाज एम.एस. धोनी, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच खिताब दिलाए हैं, पिडली में खिचाव के कारण टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगे।

एक संक्षिप्त, एक-लाइन के बयान में, सीएसके ने कहा कि धोनी पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज और सुधार) करवा रहे हैं और मौजूदा सीजन के पहले दो हफ्तों में उन्हें मैदान पर खेलते हुए नहीं देखा जाएगा। बयान में कहा गया कि एम.एस. धोनी इस समय पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन करवा रहे हैं। इसके चलते, उनके टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते न खेल पाने की संभावना है। जल्दी ठीक हो जाइए, थाला! इस करिश्माई क्रिकेटर ने सीएसके को 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में खिताब जिताए हैं, यह एक ऐसा



रिकॉर्ड है जिसे वह मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ साझा करते हैं। दरअसल, धोनी और रोहित ने अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी उन सभी अभियानों में की है जिनमें उनकी टीमों ने खिताब जीते, और वे आरसीबी के विराट कोहली और मनीष पांडे के साथ उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से हैं जिन्होंने आईपीएल के सभी 18 सीजन में हिस्सा लिया है। सीएसके, जो पिछले दो सीजन (2024 और 2025) में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी (इन दोनों सीजन में सीएसके ने सिर्फ चार मैच जीते थे, इस साल अपनी जीत के फॉर्मूले पर वापस लौटकर अपनी किस्मत बदलने की उम्मीद कर रही होगी। हालांकि, धोनी की चोट को लेकर अचानक पैदा हुई चिंताओं ने कुछ घबराहट पैदा कर दी है। मैदान पर उनके विशाल अनुभव और मार्गदर्शन की कमी सीएसके को बुरी तरह खलेगी, क्योंकि सीएसके अपने 2026 आईपीएल अभियान की शुरुआत गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद, मैच वापस अपने घरेलू मैदान पर होंगे, जहां सीएसके 3 अप्रैल को यहां के ऐतिहासिक एम-ए- चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

# एमआई के अभ्यास सत्र से नदारद रहे बुमराह, सैंटनर और जैक्स

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 29 मार्च को होने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले से दो दिन पहले आयोजित अनिवार्य ट्रेनिंग सत्र से जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर और विल जैक्स नदारद रहे।

बुधवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि बुमराह स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग पर काम करने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में हैं। बुमराह के पहला मैच खेलने की उम्मीद है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह दल से कब जुड़ेंगे। 8 मार्च को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का फाइनल हारने के बाद सैंटनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर पर तीन टी20 में न्यूजीलैंड की कप्तानी की थी और अंतिम दो मुकाबलों के लिए उन्हें ब्रेक दिया गया था। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलने वाले इंग्लैंड के दल में जैक्स मौजूद थे और इसके बाद वह दल के साथ चार्टर विमान में इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए थे। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है



कि सैंटनर और जैक्स भारत पहुंचे हैं या नहीं। रविवार के मुकाबले से पहले एमआई और केकेआर दोनों ने वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास किया। एमआई से रोहित शर्मा ने सबसे पहले नेट्स पर स्ट्राइक लिया, एक घंटे से ज्यादा की बल्लेबाजी में उन्होंने तेज गेंदबा. जी का विशेष तौर पर सामना किया। शार्दुल ठाकुर और हार्दिक पंड्या ने उन्हें जमकर गें. दबाजी की, जिसमें काफी शॉर्ट पिच गेंदें शामिल थीं। हार्दिक ने लगभग एक घंटे की गें. दबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी हाथ आजमाए। एमआई के लिए बड़ा सवाल सलामी जोड़ी को लेकर है कि रोहित के साथ रायन रिकल्टन और क्विटन डी कॉक में से कौन पारी की शुरुआत करेगा। दोनों दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज अभ्यास सत्र में मौजूद थे।

रिकल्टन ने रोहित के साथ बल्लेबाजी करने के अलावा विकेटकीपिग का भी अभ्यास किया जबकि डी कॉक ने फील्डिग का अभ्यास किया। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने भी बल्लेबाजी की और उन्होंने पावर हिटिग का अभ्यास किया। दानिश मालेवर भी अभ्यास सत्र में मोजूद थे जिन्हें एक शानदार घरेलू सीजन के बाद आईपीएल 2026 की नीलामी में एमआई ने खरीदा। ट्रेनिंग के अंतिम चरण में गेंदबाजी कोच लसित मलिगा की निंगरानी में एमआई के तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, अश्विनी कुमार और मोहम्मद इजहार ने गेंदबाजी की।

# आईपीएल 2026 में झारखंड के सात युवा खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**रांची, वार्ता।** झारखंड के लिए आईपीएल 2026 खास मायने रखता है, क्योंकि राज्य के 6 युवा खिलाड़ी अलग-अलग टीमों के लिए मैदान पर उतरेंगे। क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का आगाज आज से हो रहा है और इसके साथ ही पूरे देश में क्रिकेट का खुमार चरम पर पहुंचने वाला है।

यदि महेंद्र सिंह धोनी को भी इसमें जोड़ लिया जाए, तो यह संख्या उनके प्रसिद्ध जर्सी नंबर की तरह 7 हो जाती है। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड की शानदार जीत के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इस प्रदर्शन का असर आईपीएल चयन में भी दिखा है, जहां कई खिलाड़ियों को मौका मिला है। इस सीजन में सभी की नजरें इन खिलाड़ियों पर टिकी रहेंगी, जो अपने प्रदर्शन से झारखंड का नाम रोशन करने उतरेंगे। सबसे ज्यादा चर्चा कप्तान ईशान किशन की है, जो इस बार सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभालेंगे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम को खिताब दिलाने के बाद उनका आत्मविश्वास चरम पर है और वे शानदार फॉर्म में हैं। वहीं, युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 166 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए डेथ ओवरों में टीम को मजबूती दी। ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई है। टूर्नामेंट में 303 रन और 18 विकेट लेकर वे मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे, जिससे उनकी उपयोगिता और बढ़ गई है। युवा बल्लेबाज कुमार कुशाग्र का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 422 रन 161 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस बार वे गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे, जहां उनका यह दूसरा सीजन होगा। तेज गेंदबाज सुशांत, जो अपनी तेज रफ्तार और बाउंसर के लिए जाने जाते हैं, को इस बार राजस्थान रॉयल्स ने टीम में शामिल किया है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 22 विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की है। वहीं, रांची के उभरते हुए स्पिनर अमित कुमार के लिए यह पहला आईपीएल सीजन होगा। अंडर-23 और एज ग्रुप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीनियर टीम में मौका मिला है और अब वे बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। कुल मिलाकर, आईपीएल 2026 झारखंड के इन खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर है। अगर ए खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ने में सफल रहते हैं।

# भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने आईपीएल टिकट लेने से मना किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** राजनीतिक परंपरा से हटकर एक अनोखे कदम में, भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने शनिवार को कर्नाटक की राजनीति में गहरे जमे ष्वीआईपी कल्चरष पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने विधायकों को दिए जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टिकट लेने से मना कर दिया, और इस बात पर हैरानी भी जताई कि विधानसभा स्पीकर ने भी सदन की कार्यवाही के दौरान ऐसी ही मांगें दोहराईं।

अपने इस फैसले को विशेषाधिकार के खिलाफ एक स्टैंड बताते हुए, सुरेश कुमार ने कहा कि यह बहुत ही दुख की बात है कि ऐसा कल्चर सभी पार्टियों में फैला हुआ है, यहां तक कि एक ष्खुद को समाजवादी कहने वाले मुख्यमंत्रीष के नेतृत्व



वाली सरकार में भी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए, उन्होंने उस सरकार की कथनी और करनी में अंतर पर सवाल उठाया, जो समा. जवादी मूल्यों की बात तो करती है, लेकिन ऐसी प्रथाओं को चलने देती है। उन्होंने एक कड़े बयान में कहा कि यह वीआईपी कल्चर और विशेषाधिकार की राजनीति सभी पार्टियों में फल-फूल रही है। इसी वजह से, एक वर्ग के तौर पर राजनेताओं की छवि, विश्वसनीयता और इज्जत लोगों की नजरों में बहुत नीचे गिर गई है। हाल ही में हुई विधानसभा की कार्यवाही को याद करते हुए, राजाजीनगर के विधायक ने कहा कि ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी जैसे शासन से जुड़े मुद्दों पर होने वाली चर्चा अचानक आईपीएल मैचों और ज्यादा टिकटों की मांग की ओर मुड़ गई, खासकर उन मैचों के लिए जिनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खेल रही थी। उन्होंने कहा कि मैं विधायकों के लिए टिकट मांगने के विचार का विरोध करना चाहता था, लेकिन जब मैंने स्पीकर को भी वैसी ही बातें कहते सुना तो मैं हैरान रह गया, और इसलिए मैंने खुद को रोक लिया। उन्होंने इसे राजनीतिक विशेषाधिकार को संस्थागत रूप से स्वीकार किए जाने का एक गहरा संकेत बताया। सुरेश कुमार ने राजनीतिक आचरण में इस ष्विसंगतिष की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री ऐसे ष्वीआईपी कल्चरष का विरोध करेंगे, लेकिन उन्हें पिछले साल विधान सौध के सामने अपने परिवार के साथ आईपीएल की जीत का जश्न मनाने में मुख्यमंत्री की भागीदारी की याद आ गई। उन्होंने विधायकों में 'संवेदनहीनता' पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकारों की मांग ऐसे समय में की जा रही है, जब बेकसूर लोगों की जान जाने वाली एक पिछली त्रासदी की यादें अभी भी ताजा हैं।

### सिनर फाइनल में सनशाइन डबल से एक जीत दूर

**फ्लोरिडा, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ लगातार अपना सातवां मैच जीतकर चौथी बार मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इटली के सिनर ने 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल की और रविवार को उनका मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। सिनर तीन साल में अपना दूसरा मियामी खतिाब जीतने का लक्ष्य बना रहे हैं। साथ ही, इस महीने इंडियन वेल्स में जीत के बाद, वह 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की भी कोशिश कर रहे हैं। चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और मौजूदा विबलडन चैंपियन सिनर ने दो हफ्ते पहले इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में भी जर्मनी के दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव को हराया था। सिनर ने कहा कि यह एक शानदार दौर रहा है।

# बंगलादेश आईपीएल के प्रसारण पर लगे बैन पर फिर से विचार करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण पर लगा बैन, आवेदन मिलने पर हटाया जा सकता है। जर्मन ब्रॉडकास्टर डॉयचे वेले ने स्वपन के हवाले से कहा कि अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो उस आवेदन पर विचार किया जाएगा। स्वपन ने ब्रॉडकास्टर से कहा कि किसी ने भी हमसे आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन नहीं किया है।

हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते। हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखेंगे, और अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो हम उस पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। आईपीएल का 19वां सीजन शनिवार से शुरू होगा और इसका फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। स्वपन ने आगे कहा कि बांग्लादेश के केबल ऑपरेटरों पर भारतीय ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा टूर्नामेंट के प्रसारण को दिखाने पर कोई बैन नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम किसी को भी इसका प्रसारण करने से नहीं रोकेंगे। अगर स्टार स्पोर्ट्स इसका प्रसारण करना चाहता है, तो वे कर सकते हैं। अगर हमारे चैनलों में से कोई इसका प्रसारण करना चाहता है, तो हम इसे सकारात्मक रूप से लेंगे, लेकिन हम किसी पर कोई जोर-जबरदस्ती नहीं करेंगे। इससे पहले, जब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता में थी, तब आईसीटी मंत्रालय ने एक पत्र जारी किया था, जिसमें देश के सभी टेलीविजन चैनलों और रेडियो स्टेशनों को टूर्नामेंट का प्रसारण न करने का निर्देश दिया गया था। उस पत्र में दावा किया गया था कि यह फैसला 'जनहित' में लिया गया है।

# खानपुर पुलिस ने दबोचा अवैध असलाह सप्लायर

## तीन तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर व 40 जिंदा कारतूस किये बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान एक अवैध असला सप्लायर को दबोच कर उसके पास से भारी मात्रा मेंहथियार बरामद की है जिसमें तीन तमंचे 315 बोर एक तमंचा 12 बोर व 40 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देश पर जनपद में सक्रिय पुलिस टीमों ने सघन चेकिंग के दौरान तमंचों की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया।



एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की रात को थाना खानपुर पुलिस उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध मोटरसाइकिल दिखाई दी। पुलिस को देखते ही चालक ने वाहन तेज कर भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने तुरंत बैरियर लगाकर कार्रवाई की। इस दौरान बाइक की पिछली सीट पर बैठा एक व्यक्ति असंतुलित होकर नीचे गिर गया, जिसे पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। वहीं चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शमशेर पुत्र महमूद निवासी ग्राम करणपुर, थाना खानपुर, जनपद हरिद्वार (उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3 देशी तमंचे (.315 बोर), 1 देशी तमंचा (12 बोर) और 40 जिंदा कारतूस (12 बोर) बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ये अवैध हथियार उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के पुरकाजी क्षेत्र से लेकर आया था और थाना पथरी क्षेत्र में सप्लाई करने जा रहा था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इससे पहले भी इस नेटवर्क द्वारा पथरी क्षेत्र में अवैध हथियारों की सप्लाई की जा चुकी है। मामले में कोतवाली खानपुर में अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही फरार आरोपी की तलाश और पूरे नेटवर्क की गहन जांच जारी है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस टीम लगातार सक्रिय रही, जिसमें उपनिरीक्षक नवीन नेगी (चौकी प्रभारी गोवर्धनपुर), अपर उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल भीम सिंह और कांस्टेबल वसीम ( सी आईयू हरिद्वार) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एएसआई के सड़क हादसे में घायल होने पर बाइक चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना पिरान कलियर में तैनात एएसआई सूरज सिंह नेगी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस में भाई की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पिरान कलियर थाने में तैनात एएसआई सूरज सिंह नेगी के भाई नीरज नेगी ने पुलिस को दी। तहरीर में बताया कि उसका भाई 21 मार्च रमजान और ईद के मद्देनजर शांति व्यवस्था ड्यूटी पर थे। जब वह अपनी मोटरसाइकिल से कलियर-रुड़की रोड पर एमएम होटल के सामने सड़क पार कर रहे थे।इस बीच पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बाइक सवार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तीनों आरोपी मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गए।जिसके बाद राहगीरों की मदद से घायल को सिविल अस्पताल रुड़की पहुंचाया गया जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका इलाज निजी चिकित्सालय में चल रहा है। वहा के चिकित्सकों ने उनकी कमर की हड्डी में फ्रैक्चर बताया है।पीड़ित के भाई ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि एएसआई सूरज सिंह नेगी के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गंगनहर पुलिस ने 315 बोर तंमचे के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 315 बोर के देशी तमंचे के साथ धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर के द्वारा अपराधों की रोकथाम के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 27.03.2026 को पुलिस टीम के द्वारा एक व्यक्ति को 01अदद देशी तमंचे 315 बोर के साथ सत्यनारायण मंदिर वाली गली कुलदीप सालार का मकान गोविंद नगर रुड़की से पकडा गया। उक्त व्यक्ति को देशी तमंचा पास रखने का कारण पूछा गया तो बताने में कासिर रहा, उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम मोहित पुत्र प्रताप सिंह निवासी नाथू खेड़ी थाना कोतवाली मंगलौर हाल पता सत्यनारायण मंदिर वाली गली कुलदीप सालार का मकान गोविंद नगर रुड़की थाना कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार बताया गया। आरोपित के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल आलियास अली, का0 राकेश राणा आदि शामिल रहे।

# 4.40 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को दबोचकर उसके पास से 4.40 ग्राम अवैध इसमें बरामद की है।

जानकारी केअनुसार जनपद हरिद्वार को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशा (स्मैक/चरस/गांजा/अवैध शराब आदि) तस्करों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लक्सर के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा क्षेत्र में सक्रिय रहकर संदिग्ध स्थानों पर नियमित चेकिंग व छापेमारी की जा रही है। दिनांक 26.03.2026 को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा लक्सर क्षेत्र से गुलशन पुत्र पालू निवासी ग्राम निरंजनपुर, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार 4.40 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दबोचा। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली लक्सर में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग



मु0अ0सं0 274/2026 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में उ0नि0 अजय कुमार, हे0का0 रविन्द्र कुमार नागर, का0 राजेन्द्र सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे।

# कार हटाने को लेकर की फायरिंग, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कस्बा के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में शुक्रवार देर शाम रास्ते में कार हटाने को लेकर कस्बे के ही एक युवक द्वारा पिस्टल से लगातार तीन फायर करने से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। युवक के खिलाफ थाने में तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

रुड़की स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी निवासी गौरव कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह कस्बे में स्थित वाल्मीकि बस्ती में शुक्रवार को अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। शुक्रवार देर शाम कस्बा निवासी शिवांश कुमार वाल्मीकि बस्ती से अपनी कार लेकर आया तथा उसने रास्ते में एक साइड में खड़ी उसकी कार को हटाने को कहा कुछ देर हो जाने पर उक्त युवक अपनी कार लेकर वापस चला गया तथा कुछ ही देर में वापस आया तथा पिस्टल से लगातार तीन फायर झोंक दिए। गोली चलने से वह बाल बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई तथा दहशत फैल गई। फायर करने के बाद उक्त युवक वहां से अपनी कार लेकर चला गया। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर गोली चलाने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष का कहना है कि गोली चलाने वाले युवक द्वारा महकमा गैंग बनाया हुआ है। कस्बे व क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । शांति व्यवस्था भंग करने वालो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महकमा गैंग में कौन-कौन लोग शामिल है इसका भी पता लगाया जा रहा है। उक्त को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ऊर्जा निगम की टीम से अभद्रता पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति पर विद्युत बिल बकाया होने पर ऊर्जा निगम की टीम द्वारा विद्युत मीटर उतारने पर उक्त व्यक्ति द्वारा गाली गलौज मारपीट सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए विद्युत आवर अभियंता द्वारा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम बेहडेकी सैदाबाद स्थित विद्युत सब स्टेशन पर कार्यरत अवर अभियंता जममल सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम खाता खेड़ी निवासी रिजवान अहमद पर विद्युत बिल के लगभग 31000 रुपए बकाया है। विद्युत बिल जमा नहीं करने पर वह अपनी टीम के साथ ग्राम खाता खेड़ी में रिजवान के घर गए तथा उसके घर पर लगा विद्युत मापक उतार कर विद्युत कनेक्शन काट दिया गया ।उसी समय वहां पर रिजवान भी आ गया तथा उक्त ने आते ही गाली गलौज करनी शुरू कर दी तथा उस पर जानलेवा हमला कर दिया। किसी तरह उसके साथ ऊर्जा विभाग के टीम के लोगों द्वारा उसे बचाकर गांव में लगे विद्युत कैंप स्थल पर पहुंचाया गया। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है ।दूसरी ओर ग्राम खाता खेड़ी निवासी रिजवान अहमद का कहना है कि ऊर्जा विभाग में कार्यरत उक्त अवर अभियंता लगातार उसका उत्पीड़न कर रहा है तथा मारपीट व गाली गलौज वाली कोई बात नहीं हुई है।

# गोकशी की सूचना पर भगवानपुर पुलिस का छापा

# डेढ़ कुंतल गोमांस के साथ एक गिरफ्तार, 8 लोग फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने गोकशी की सूचना पर छापामार कार्य करते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर डेढ़ कुंटल गौमांस व उपकरण बरामद किए हैं। वहीं आठ अभियुक्त फरार होने में कामयाब रहे।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिरचन्दी गांव में फरमान पुत्र सईद के घेर में शादाब उर्फ तिल्ली पुत्र इखलाख, शहनवाज पुत्र इकखलाख, बिलाल पुत्र गुफरान, सुलेमान पुत्र गुफरान, आकिल पुत्र अशरफ, शहजादी पत्नी फरमान, फिरदौस पत्नी उस्मान, शबनम पत्नी उस्मान समस्त निवासीगण द्वारा गोकशी के पश्चात गोमांस की काट छांट कर रहे हैं। प्राप्त सूचना पर भगवानपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से 'शहजादी पत्नी फरमान' निवासी सिरचन्दी भगवानपुर जिला हरिद्वार पकड लिया। जबकि शेष अभियुक्तगण पुलिस टीम को आता देख मौके से फरार हो गये। मौके से पकडे गये अभियुक्ता के कब्जे से करीब 150 किलोग्राम गोमांस व गोकशी उपकरण बरामद हुए। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर वैधानिक कार्रवाई की गयी व बरामदा संदिग्ध गोमांस को गढ्ढा खुदवाकर व अम्लीय छिडकाव करवाकर दबाया गया। उपरोक्त सम्बन्ध में अभि0गणो के विरूद्व जुर्म धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गो वंश संरक्षण अधिनियम अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्ता को नियमानुसार मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। फरार अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस टीम0 में अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान, उ0नि0 हुकम सिंह, हे0का0 सिकन्दर तोमर0, कानि0 सुशील तोमर0, कानि0 गोविन्द कुमार, हो०गा० रमा धीमान आदि शामिल रहे।

# चोरी की बाइक सहित एक चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने वाहनचोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक चोर को दबोचकर उसकी निशान देही पर चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार बेहट सहारनपुर निवासी मेहताब अहमद द्वारा कोतवाली लक्सर पर कचरा फैक्ट्री कुंआ खेडा से दिनांक 24.03.2026 को अपनी मोटर साइकिल चोरी होने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया गया। प्रकरण के खुलासे के लिए प्रयासरत पुलिस टीम ने सूचना के कुछ घंटों के भीतर ही चैकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से एक व्यक्ति पारस वर्मा को चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# जौरासी में महिला की संदिग्ध मौत, गले पर मिले निशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के जौरासी गांव में 22 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला के गले पर निशान और मुंह से खून बहने के कारण मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। महिला की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले गांव के ही एक युवक से हुई थी। बृहस्पतिवार देर शाम उसकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया और शव घर ले आए। इस बीच अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान किसी की नजर महिला के गले पर बने निशानों और मुंह से बह रहे खून पर पड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस ने स्थिति को देखते हुए शव को कब्जे में ले लिया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि महिला की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है और पुलिस जांच में जुटी है।

# दरगाह क्षेत्र में हुए विवाद में पांच के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर दरगाह क्षेत्र के इमाम साहब रोड पर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर निवासी गुफरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च की शाम वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान कलीम, तालिब, शाकिब, फरीद और हसीम निवासी इमाम साहब रोड कलियर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ वहां पहुंचे और एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए उसके और उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने दुकान में रखा सामान भी इधर-उधर फेंक दिया।पीड़ित का कहना है कि जब उसके परिजनों ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके भाई अब्दुल्ला, चाचा इकराम और मां के साथ भी मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हाईवे पर पलटी पिकअप, तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** नारसन बॉर्डर से पहले एक पिकअप हाईवे के बीचोंबीच पलट गई। बढ़ेढी राजपूताना से मुजफ्फरनगर मवेशी मंडी की ओर वाहन जा रहा है, जिसमें कुछ पशु बेचने के लिए ले जाए जा रहे थे। हादसे में चालक साहरूम समेत पशु मालिक कोशिन और राकिब को हल्की चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि नारसन तिराहे के पास बुलेरो पिकअप का पीछे का लेफ्ट साइड टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, घायलों को मामूली चोटें आई हैं और बड़ा हादसा टल गया।

# टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** फैडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चौम्पियनशिप के दूसरे दिन नेहरू स्टेडियम में आज क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पुरुष वर्ग के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में गोवा ने लक्षद्वीप को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में पांडिचेरी और मेजबान उत्तराखंड के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पांडिचेरी ने उत्तराखंड को 25 रनों से पराजित किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र और तमिलनाडु के बीच हुए मुकाबले में तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को 31 रन से हराकर धमाकेदार जीत दर्ज की। चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को 44 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज ही खेल गये पहले सेमीफाइनल में यूपी ने तमिलनाडु को 8 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। समाचार लिखे जाने तक दूसरा सेमीफाइनल गोवा और पांडिचेरी के बीच जारी है। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में गोवा और यूपी का मुकाबला हुआ जिसमें जिसमें यूपी ने गोवा पर नौ विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल पांडिचेरी और तमिलनाडु के बीच खेला गया जिसमें तमिलनाडु ने पांडिचेरी को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। आज खेले गए मुकाबलों में लक्ष्मीकांत पटेल, मुनिरत्नम ने टेक्निकल कमेटी के मामलों को देखा। इसके अलावा अखिलेश शर्मा, मेजर अंसारी, उमेश कुमार, मुर्शिद वारसी, प्रियांशु, , हिमांशु, अलीखान, आशु व प्रिया ने विभिन्न मैचों में निर्णायक की भूमिका निभाई। उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य कार्याधिकारी अमजद उस्मानी ने बताया कि फाइल मुकाबले कल सुबह नौ बजे खेले जायेंगे।

# इंस्टाग्राम पर हुआ प्यार युवती मुजफ्फरनगर पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की एक युवती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हुए प्रेम संबंध के कारण बिना बताए मुजफ्फरनगर पहुंच गई। युवती के अचानक घर से लापता होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। युवती की तीन माह पहले मुजफ्फरनगर निवासी एक युवक से इंस्टाग्राम पर पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। युवती ने युवक से मिलने की इच्छा जताई, लेकिन युवक के व्यस्त होने के कारण मुलाकात तय नहीं हो सकी। इसी बीच बृहस्पतिवार सुबह युवती बिना किसी को बताए घर से निकल गई और सीधे मुजफ्फरनगर पहुंच गई। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

# एसएनडी काला पब्लिक हाईस्कूल का शानदार रहा वार्षिक परीक्षा फल

# सपना साकार करने के लिए मेहनत करना बहुत जरूरी : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्रीमती नीमा देवी काला पब्लिक स्कूल अशोक नगर का वार्षिक परीक्षा परिणाम बहुत ही उत्हास एवं हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। स्कूल कोर्डिनेटर मिसेज गार्गी काला ने सभी उत्तीर्ण बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर प्रयत्न करने से सफलता प्राप्त करना आसान होता है।

स्कूल संस्थापक/प्रबन्धक श्री हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि उन सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी जिन्होंने कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है इसके लिए जरूरी है -सपने उनके सच्च होते हैं, जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।सभी बच्चे अपना हौंसला मजबूती के साथ बनाकर चलें अवश्य ही सफलता मिलेगी।

प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम काला जी ने सभी पोजिशन प्राप्त




बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि जो बच्चे पोजिशन प्राप्त नहीं कर पाये वे अपने को कम न देखें क्यों कि -हार तब नहीं होती, जब हम हार जाते हैं।बल्कि हार तब होती है जब हम हार मान लेते हैं।

# पनियाला रोड की जलभराव समस्या को लेकर मंत्री प्रदीप बत्रा को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पनियाला रोड निवासी लोगों ने उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने मंत्री का स्वागत करते हुए वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद संजीव तोमर के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि पनियाला रोड पर जलभराव की समस्या माननीय मुख्यमंत्री की घोषणाओं में भी शामिल है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। क्षेत्र की लगभग 50 हजार आबादी इस समस्या से प्रभावित है और बरसात के समय हालात बाढ़ जैसे हो जाते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि सिंचाई विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भेजा जा चुका है, लेकिन मामला प्रशासन और शासन स्तर पर लंबित है। क्षेत्रवासियों ने मंत्री से वर्षों पुरानी इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की। इसके साथ ही लोगों ने मांग की कि वर्तमान में उनका क्षेत्र कलियर और झबरेड़ा विधानसभा के अंतर्गत आता है, जिसे बदलकर रुड़की विधानसभा क्षेत्र में शामिल कराया जाए, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।



कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने दोनों मामलों में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर मनोज धीमान, महिमानंद, राजेंद्र शर्मा, सोहन चंद, श्रीपाल मलिक, ओमपाल सिंह, जीडी आर्य, एमएन घनशाला आदि मौजूद रहे।



नई दिल्ली। दिलशाद कॉलोनी में एलपीजी सिलेंडर की जारी आपूर्ति संकट के बीच सिलेंडर खरीदने के लिए कतार में खड़े लोग।

## रूस-ईरान ने पश्चिम एशिया संकट और मानवीय सहायता पर चर्चा की

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने टेलीफोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा की है। इस दौरान मंत्रियों ने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की 'बिना उकसावे की आक्रामक कार्रवाई' से उत्पन्न 'गंभीर सैन्य-राजनीतिक संकट' पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर और क्षेत्र के सभी देशों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए इस संघर्ष को राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# ईरान में बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र इलाके में एक और हमला: IAEA

## महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने की अधिकतम संयम बरतने की अपील

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि ईरान ने अपने बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) के इलाके में उसे एक और हमले की जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि हमले से कोई रेडिएशन नहीं फैला हैऔर न ही रिएक्टर को कोई नुकसान पहुंचा है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि ईरान ने हमें बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के इलाके में एक नए हमले की जानकारी दी है, पिछले 10 दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है।

इसमें उसके चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही कोई रेडिएशन फैला है। संयंत्र की स्थिति सामान्य है। एजेंसी ने बताया कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने अधिकतम संयम बरतने की अपील की है। आईएईए ने कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सैन्य गतिविधियों की हालिया रिपोर्टों पर फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है। अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है। महानिदेशक ग्रॉसी ने परमाणु दुर्घटना के जोखिम से बचने के लिए अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपनी अपील दोहराई है। इस बीच, एजेंसी ने कहा कि खोंदाब में ईरान के भारी जल उत्पादन संयंत्र पर हमले के बाद रेडिएशन फैलने का कोई खतरा नहीं है। एजेंसी ने एक्स पर कहा कि ईरान ने आईएईए को जानकारी दी है कि आज खोंदाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र पर भी हमला हुआ है। चूंकि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है, इसलिए रेडिएशन का कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा, ईरान ने आज यह भी बताया कि एक औद्योगिक इकाई-माप-तोल के लिए सीलबंद खुजेस्तान स्टील उत्पादन फैक्ट्री जो सीओ.60 और सीए.137 रेडियोधर्मी स्रोतों का उपयोग करती है। उस पर भी हमले हुए, लेकिन इससे बाहर कोई रेडिएशन नहीं फैला।



■ अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है

### परमाणु संयंत्रों पर हमले रोकने के लिए रूस प्रयासरत: उल्यानोव

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह अमेरिका और इजरायल के साथ संपर्क में है और उन्हें परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) विशेष रूप से बुशेहर परमाणु संयंत्र की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर हमलों से बचने की सलाह दे रहा है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती से कहा कि रूसी संघ इजरायल और अमेरिका दोनों के साथ आवश्यक संवाद कर रहा है और उन्हें याद दिलाया गया है कि परमाणु संयंत्रों पर हमलों को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सफोंकोव ने कहा कि रूस ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए पक्षों को ठोस विकल्प सुझा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉस्को न केवल मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बल्कि इस दिशा में सक्रिय कदम भी उठा रहा है। सफ्रोंकोव ने बताया कि रूस सभी पक्षों के साथ लगभग दैनिक संपर्क बनाए हुए है और उन्हें राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं को दूर करने के लिए रूस ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के रूस से प्रतिबंध हटाने की संभावना नहीं: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** 'यूनाइटेड रशिया' पार्टी से जुड़े और राज्य ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति कार्यकाल की समाप्ति तक अमेरिका के रूस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने की संभावना कम है। गुरुवार और शुक्रवार को अमेरिका का दौरा करने वाले रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख निकोनोव ने संवाद समिति 'रिया नोवोस्ती' को बताया कि इस मामले में उनका जवाब 'संभवत: 'नहीं' है।

### ओली की गिरफ्तारी देश में न्याय की नई शुरुआत: गुरुंग

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी पर शनिवार को कहा कि यह देश में न्याय की नई शुरुआत है। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और यह गिरफ्तारी किसी के खिलाफ प्रतिशोध नहीं है, यह सिर्फ न्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा 'मेरा मानना है कि देश अब नई दिशा में बढ़ रहा है।' पुलिस ने आज सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया था।

### खड़गे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शनिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं। उन्होंने लिखा भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं। मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी, जिससे दोनों देशों के लोगों के लिए शांति, समृद्धि और पारस्परिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

### प्रोपेन सिलेंडरों के फटने के बाद टोरंटो के शहर के बीचों-बीच धमाके

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के टोरंटो शहर के निचले क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत की छत पर रखे प्रोपेन सिलेंडरों के फटने से जोरदार धमाके हुए और घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रिचमंड स्ट्रीट वेस्ट और जॉन स्ट्रीट के पास हुई, जहां दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

# अब अगला नंबर क्यूबा का: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूएस सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए दी धमकी

**मियामी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अमेरिकी सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। मियामी में सऊदी समर्थित एक व्यावसायिक मंच पर ईरान के साथ संघर्ष में ट्रम्प ने संकेत दिया कि हवाना पर वाशिंगटन दबाव बढ़ा सकता है या संभावित कार्रवाई कर सकता है।

उन्होंने कहा कि और वैसे, क्यूबा अगला है, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका कौन से कदम उठा सकता है, जबकि क्यूबा गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ट्रम्प ने हाल के दिनों में वेनेजुएला में अमेरिकी कदमों और जारी ईरान संघर्ष के बाद हवाना पर दबाव बढ़ाने के संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने किसी संभावित योजना का विवरण नहीं दिया है। वह क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कानेल को वाशिंगटन के साथ किसी समझौते की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे किसी समझौते की रूपरेखा अभी स्पष्ट नहीं है। ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया। इसके साथ ही नाटो की आलोचना भी की और कहा कि उसने तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के अभियान का पर्याप्त समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि 47 वर्षों से ईरान पश्चिम एशिया का दबंग माना जाता रहा है, लेकिन अब वह दबंग नहीं रहा। वह पीछे हट रहा है, जिस पर सभा में हल्की तालियां बजीं। उन्होंने दोहराया कि यदि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई नहीं होती तो ईरान 'दो से चार सप्ताह' के भीतर परमाणु हथियार विकसित कर लेता और पहले के हमलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल दिया है। उन्होंने सऊदी प्रतिभागियों को इस अभियान की आवश्यकता के बारे में समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि वे इसका इस्तेमाल आप पर, इजराइल पर और सभी पर करते। ट्रम्प ने यह भी संकेत दिया कि दूसरे कार्यकाल से पहले सऊदी नेतृत्व ने उन्हें कम आंका था। ट्रम्प ने अपने संबोधन में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर भी भरोसा जताया, जो इस संघर्ष से जुड़े बाजार उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत बताई गई है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था फिर से उभर रही है। उन्होंने कहा कि जब यह युद्ध खत्म होगा, तो यह रॉकेट की तरह होगा। मुझे लगा था कि हम और नीचे जाएंगे और तेल की कीमतें इससे अधिक बढ़ेंगी। यह अभी खत्म नहीं हुआ है। यह लगभग खत्म है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।



■ ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया

### ईरान के खिलाफ 'सैन्य अभियान' बहुत अच्छी स्थिति में: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान ष्बेहतरीन ढंग सेष आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान में हमारा सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, हालांकि उन्होंने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के साथ जारी एक महीने लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु रक्षा में 'सबसे गंभीर सेंध' में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले के समय घायल सैनिक एक संरचना के भीतर मौजूद थे, जिस पर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और कई ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में अमेरिकी सैन्य ईंधन भरने वाले विमानों को भी नुकसान पहुंचा। इसी बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान 'महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में' समाप्त हो जाएगा।

### नाटो से समर्थन वापस ले सकता है अमेरिका: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं। ट्रम्प ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा कि हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं, हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैए को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को अब नाटो की सहायता की आवश्यकता नहीं है। ट्रम्प ने 17 मार्च को कहा था कि नाटो ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान का समर्थन नहीं कर 'बहुत बड़ी गलती' की है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश नाटो देश इस अभियान में शामिल नहीं होना चाहते, जो उनके लिए आश्चर्यजनक नहीं है, और उन्होंने गठबंधन को 'एकतरफा व्यवस्था' करार दिया।

# डब्ल्यूटीओ में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत हो: भारत

■ व्यापार समझौतों में विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही को दूर करने पर बल दिया
■ भारत ने विश्व व्यापार संगठन में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत रखने पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सर्वसम्मति के आधार पर निर्णय की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और पिछले दौर के व्यापार समझौतों में उन सामान व्यवस्थाओं को दूर करने पर बल दिया है, जो विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही हैं। कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के चौदहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दूसरे दिन सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारतीय दल के नेता और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय की व्यवस्था डब्ल्यूटीओ की वैधता का आधार है। इस बैठक में मंत्रियों ने डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रणाली में सुधार संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधारों में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं का समाधान होना चाहिए। 'पूर्व में तय एजेंडा सहित निर्णय लेने की प्रक्रिया' के मुद्दे पर बोलते हुए, गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेना विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वैधता का आधार है, और यह महत्वपूर्ण है कि यह बहुपक्षीय संगठन सदस्यों के संप्रभु अधिकारों की अनदेखी न करे और ऐसे नियम थोपना की कोशिश न की जाए, जिन पर आम सहमति नहीं है। सर्वसम्मति से निर्णय लेने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने के लिए विश्वास के पुनर्निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत ने इस बात पर बल दिया कि डब्ल्यूटीओ को वर्तमान गतिरोध और इसके मूल कारणों का सावधानीपूर्वक आकलन करना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चाएं पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित हों। भारत ने यह भी कहा कि एक एकीकृत बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली अपने संस्थागत ढांचे के भीतर टकराव के रहते हुए फल-फूल नहीं सकती। इस बैठक में सदस्यों को 'समान अवसर मिलने के मुद्दों' पर गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि चर्चाओं में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा मानक (पीएसएच) और कपास पर एसएसएम जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

# ईरान जंग पर बात करने पाक जाएंगे 3 देशों के विदेश मंत्री

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्की, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी।

युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ यूएई भी अमेरिका और इजरायल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत को रोक दिया गया। पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। यह मीटिंग पहले तुर्की में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया। कतर और यूक्रेन ने एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कतर के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते के तहत दोनों देश मिसाइल और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए तकनीक और अनुभव शेयर करेंगे।

### रूस की स्टेट ड्यूमा के साथ संबंधों के लिए समूह बनाया: निकोनोव


**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद में रूस की संघीय सभा (ड्यूमा) के साथ बातचीत के लिए एक समूह बनाया जाएगा। यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य और स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के पहले उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने यह जानकारी दी है। वह हाल ही में अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। निकोनोव ने अमेरिका में पांच रूसी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को वॉशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस के सहयोगियों और अमरीकी प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की।

# पाक को आईएमएफ से 1.2 अरब डॉलर का फंड मंजूर

## इस पैसे से पाक को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया

**इस्लामाबाद।** आर्थिक बदहाली और महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर आई है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तान के बीच करीब 1.2 अरब डॉलर को लेकर कर्मचारी स्तर का समझौता हो गया है।

यह समझौता हफ्तों तक चली लंबी बातचीत के बाद हुआ है। इस पैसे से पाकिस्तान को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया है। आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा। पहला है 'विस्तारित कोष सुविधा' (ईएफएफ) और दूसरा लचीलापन और स्थिरता सुविधा। ईएफएफ उन देशों को दी जाती है जो गंभीर संकट से जूझ रहे होते हैं, यानी जो लंबे समय तक भुगतान करने में सक्षम नहीं होते। आईएमएफ मिशन की प्रमुख इवा पेत्रोवा ने कहा कि आईएमएफ बोर्ड की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत लगभग 1 अरब डॉलर और आरएसफ के तहत 21 करोड़ डॉलर मिलेंगे। इस समझौते तक पहुंचना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं था। आईएमएफ की टीम ने 25 फरवरी से 2 मार्च तक इस्लामाबाद और कराची में डेरा डाला था। पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आमने-सामने की बातचीत में कई पेंच फंसे थे, जिसके कारण टीम बिना किसी समझौते के वापस लौट गई थी। इसके बाद कई दौर की वर्चुअल मीटिंग्स हुईं। दावा किया गया है कि इस दौरान पाकिस्तान सरकार ने भविष्य में कड़े आर्थिक फैसले लेने का भरोसा दिलाना दिलाया है। इसके बाद बातचीत बनी है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को अपनी व्यापक आर्थिक नीतियों को और सख्त बनाना होगा। इसका सीधा मतलब है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, बिजली-गैस की कीमतों में और इजाफा हो सकता है।




■ आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा

# रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन शुरू

## घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए उठाया कदम, भारत पर कम, चीन-तुर्की व ब्राजील पर ज्यादा असर

**मास्को।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजरायल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है।

इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्की, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड आयल) पर निर्भर है। क्रूड आयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल रिफाइन करता है। यह न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरत पूरी करता है, बल्कि तैयार ईंधन का निर्यात भी करता है। हालांकि एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि रूस के फैसले से अगर वैश्विक सप्लाई पर असर पड़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। पहले से ही जंग के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। मास्को में पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं। मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है। रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं। इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है।



■ ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं, भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है

# 27 करोड़ से अधिक बच्चे हैं स्कूलों से बाहर

■ यूनेस्को शिक्षा रिपोर्ट में 2030 लक्ष्य पर बड़ा खतरा, लगातार सातवां साल जब यह संख्या बढ़ी

**पेरिस/नई दिल्ली।** यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट-2026 के अनुसार दुनिया भर में 27.3 करोड़ (273 मिलियन) बच्चे, किशोर और युवा स्कूल से बाहर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह लगातार सातवां साल है जब यह संख्या बढ़ी है और वैश्विक स्तर पर हर छठा बच्चा स्कूल से बाहर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 के बाद लगभग हर क्षेत्र में स्कूल में बच्चों को बनाए रखने की प्रगति धीमी पड़ गई है। सबसे ज्यादा असर उप-सहारा अफ्रीका और पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में देखा जा रहा है। संघर्ष वाले इलाकों में रहने वाले हर छह में एक से ज्यादा शिक्षा से वंचित है। पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में ग्लोबल एजुकेशन कोएलिशन की बैठक में इस रिपोर्ट को 25 मार्च को जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2030 तक 'सबके लिए शिक्षा' लक्ष्य हासिल करने की राह में मुश्किल है। इस गति से हम 2030 तक दुनिया के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि इससे वैश्विक शिक्षा एजेंडा को विफल नहीं माना जा सकता।



महिमा मकवाना एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो हिंदी टीवी सीरियल्स और फिल्मों में अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सपने सुहाने लड़कपन के रचना और सलमान खान के साथ बॉलीवुड फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ 2021 में काम करके पहचान बनाई। 5 अगस्त 1999 को मुंबई में जन्मी महिमा ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।

# महिमा मकवाना संग दिखी अपारशक्ति की बेहतर केमिस्ट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना तेरे पीछे रिलीज किया है, जिसमें महिमा मकवाना भी नजर आ रही हैं। यह गाना अपारशक्ति खुराना के नए अल्बम का हिस्सा है और अब स्पॉटिफाई और यूट्यूब पर उपलब्ध है।

अपारशक्ति खुराना ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, तेरे पीछे एक सुकून देने वाला प्यार भरा गाना है, जो प्यार की गर्माहट और उसकी नाजुकता को महसूस कराता है। यह मेरे सबसे खास गानों में से एक है, जिसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ बनाया है। यह कविता और मधुर संगीत का खूबसूरत मेल है, जिसे आप अपने किसी खास के साथ सुनना चाहेंगे।

तेरे पीछे एक दिल को छू लेने वाला गाना है, जो प्यार, तड़प और भावनाओं को दर्शाता है। अपारशक्ति की आवाज और महिमा मकवाना की परफॉर्मेंस इसे और भी खास बनाती है। इस अल्बम में दो और गाने भी हैं गुलाबी आसमान और आखिरी वार, जो अलग-अलग संगीत शैली में हैं लेकिन आम जिदगी की भावनाओं से जुड़े हुए हैं। तेरे पीछे के बोल साक्षी रट्टी और अपारशक्ति खुराना ने लिखे हैं, जिनमें कविता और आधुनिक अंदाज का अच्छा मेल है। इस अल्बम के जरिए अपारशक्ति ने दिखाया है कि वह एक्टिंग के साथ-साथ संगीत में भी अपनी पहचान बना रहे हैं और नए प्रयोग कर रहे हैं।



# अल्लू ने २३ साल का फिल्मी सफर पूरा किया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा कर लिया है। अल्लू अर्जुन को पैन-इंडिया इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक माना जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत ज्यादा है। अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेजेंस, स्टाइल और शानदार एक्टिंग के दम पर उन्होंने जहां भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 23 साल पहले अपने डेब्यू से लेकर आज भारतीय सिनेमा के आइकॉन स्टार के रूप में पहचाने जाने तक, उनका यह सफर वाकई में प्रेरणा देने वाला रहा है। अल्लू अर्जुन ने अपने शानदार करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। पुष्पा राज के अपने किरदार से वह एक ग्लोबल पहचान बन गए और दुनिया भर के लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन करियर और इस मुकाम को सेलिब्रेट करने के लिए उनकी टीम ने एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके अब तक के सफर और उस विरासत का जश्न मनाया गया है जिसे वह हर कदम के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन की टीम ने लिखा, इंडियन सिनेमा में आइकॉन स्टार /अल्लू अर्जुन के 23 साल। यह एक ऐसा सफर है जो जुनून, मेहनत और लगातार खुद को बेहतर बनाने से बना है। अपनी यादगार परफॉर्मेंस से लेकर स्टाइल, डांस और एक्टिंग में नए रिकॉर्ड बनाने तक, वह आज



भी करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। इन 23 शानदार सालों का जश्न और आगे आने वाले कई और बड़े मुकामों के लिए ढेर सारी बधाई।

## राम चरण के जन्मदिन पर पेड्डी पहलवान का लुक रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म पेड्डी से पेड्डी पहलवान लुक हुआ रिलीज हो गया है। फिल्म पेड्डी 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब मेकर्स ने शानदार कंटेंट पेड्डी पहलवान रिलीज किया है, जिसमें राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन दिखाया गया है, और यह इंडस्ट्री के बेहतरीन ट्रांजिशन्स में से एक नजर आता है। पेड्डी पहलवान में राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन काफी यूनिक है। यह उनके फैंस के लिए किसी बेहतरीन बर्थडे गिफ्ट से कम नही है। आरआरआर के बाद उनका यह नया अवतार बेहद एक्साइटिंग लग रहा है। इससे पहले हमने आरआरआर में उनका शानदार ट्रांसफॉर्मेशन देखा था।

# अडीवी सेश को जापानी फैन से मिला खास सरप्राइज

**मुंबई।** अभिनेता अड़ीवी सेश को हाल ही में सेट पर एक बेहद भावुक और खास पल का अनुभव हुआ, जब उनकी एक जापानी फैन उनसे मिलने के लिए खासतौर पर हैदराबाद पहुंची। यह फैन, जिनका नाम रीना है, उनकी आने वाली फिल्म डकैत के लिए शुभकामनाएं देने आई थी। इस मुलाकात को और भी खास बनाते हुए रीना ने सेश के लुक को अपनाया था। उन्होंने अड़ीवी सेश की तरह कपड़े पहने थे और यहां तक कि सेश का घर का नाम जैकेट पर सनी भी लिखा हुआ था। इस पूरे पल को अभिनेता ने एक वीडियो के ज़रिए सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। रीना, फिल्म बाहुबली के समय से ही अड़ीवी सेश की बड़ी फैन रही हैं और यह उनका तीसरा मौका था जब वह सिर्फ उनसे मिलने के लिए जापान से भारत आईं। उन्होंने अपने लुक में भी खास ध्यान दिया अपने बालों को सेश की पहली फिल्म कर्मा से प्रेरित स्टाइल में बनाया और वैसे ही लाल जूते पहने जैसे सेश ने एक फोटोशूट में पहने थे। इसके अलावा, वह उनके लिए खाने का सामान भी लेकर आईं, जिससे यह मुलाकात और भी



खास बन गई। अड़ीवी सेश ने भी पूरे दिल से उनके इस प्यार का जवाब दिया, जिससे यह पल और भी भावुक हो गया। वीडियो में दोनों के बीच एक सच्चा और खूबसूरत जुड़ाव देखने को मिलता है।

## रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्मकार नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को रिवील होगी। रामायण 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसे एक भव्य सिनेमाई स्पेक्टेकल के रूप में ग्लोबल स्तर पर बनाया जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में और नमित मल्होत्रा के प्रोडक्शन में बन रही यह दो भागों में आने वाली महाकाव्य फिल्म दुनिया भर के बेहतरीन क्रिएटिव टैलेंट को साथ लेकर एक ऐतिहासिक सिनेमाई इवेंट बनने की तैयारी में है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी की है और जो भी कदम हम उठा रहे हैं।

# मुस्कान बामने महाराष्ट्रीयन लुक में हुईं वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री मुस्कान बामने नेसोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नौवारी साड़ी और नथ के साथ पारंपरिक महाराष्ट्रीयन लुक में सबको चौंका दिया। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी दिल छू लेने वाली कहानियों और सांस्कृतिक पलों से दर्शकों का दिल जीत रहा है।

हाल ही में गुड़ी पड़वा के मौके पर दिखाए गए सीक्वेंस ने स्क्रीन पर त्यौहार की रौनक और रंगीन माहौल भर दिया। किरदारों ने मिलकर इस शुभ अवसर को असली महाराष्ट्रीयन अंदाज़ में सेलिब्रेट किया। मुस्कान बामने, जो शो में शनाया का किरदार निभा रही हैं, इस सीक्वेंस में पारंपरिक लुक में नज़र आईं। उन्होंने गुलाबी रंग की नौवारी साड़ी पहनी थी, जिसे कॉन्ट्रास्टिंग ब्लाउज़ के साथ पेयर किया गया था। मुस्कान बामने ने कहा, जैसे ही मैंने नौवारी साड़ी पहनी, मेरा मूड तुरंत बदल गया। रंग इतने ब्राइट थे कि पूरा माहौल ही बदल गया। जब नथ और ज्वेलरी पहन ली, तो ऐसा लगा ही नहीं कि मैं सिर्फ कॉस्ट्यूम पहन रही हूं। शूटिंग के दौरान एक घरेलू सीन करते वक्त अचानक लगा कि सब कुछ कितना रियल है सेट, एनर्जी, लोग। ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम शूट कर रहे हैं, बल्कि ऐसा लगा जैसे घर पर असली सेलिब्रेशन हो रहा हो। यही वो पल हैं जो हमेशा याद रहते हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।



## बिलियनेयर को लेकर अटकलें तेज

# अर्जुन रामपाल निभा रहे हैं विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ओटीटी सीरीज बिलियनेयर में उद्योगपति विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हंसल मेहता की अपकमिंग ओटीटी सीरीज बिलियनेयर की घोषणा के साथ ही इंडस्ट्री में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अर्जुन रामपाल इस सीरीज में एक ताकतवर उद्योगपति की भूमिका में नजर आएंगे, जिसकी कहानी महत्वाकांक्षा, सत्ता और नैतिक पतन के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही निर्माता इसे पूरी तरह काल्पनिक बता रहे हैं, लेकिन कहानी में नजर आ रही समानताओं ने अटकलों को हवा दे दी है। चर्चा है कि अर्जुन रामपाल इस सीरीज में विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार बिलियनेयर का मुख्य किरदार



किसी एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है, बल्कि कई वास्तविक हस्तियों के गुणों का मिश्रण हो सकता है, जिससे कहानी और ज्यादा प्रभावशाली बनती है। हंसल मेहता इससे पहले भी स्कैम जैसी चर्चित सीरीज में सच और फिक्शन के बीच की रेखा को बारीकी से पेश कर चुके हैं, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।फिलहाल मेकर्स ने कहानी को लेकर चुप्पी साध रखी है, लेकिन इतना तय है कि बिलियनेयर सत्ता, सफलता और उसकी कीमत की एक दिलचस्प कहानी पेश करेगी। इस सीरीज का निर्देशन हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। लेखन अनुभाव चोपड़ा और शांतनु सागर का है, जबकि प्रभलीन संधू ने इसे ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह शो अमेज़न एमएक्स प्लेयर की ओरिजिनल लाइनअप का हिस्सा है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108